सुप्रभात
रांची, बुधवार
18.06.2025
नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 333



12 भाजपा विधायक की पत्नी बनीं मिसेज बिहार

## न्यूज डायरी

### अब रातू रोड फ्लाईओवर के लोकार्पण की तिथि बढ़ी

**रांची।** रातू रोड फ्लाईओवर का लोकार्पण अब 19 जून को नहीं बल्कि 3 जुलाई को होगा। एनएचएआइ के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। अब फ्लाईओवर के दोनों ओर शोर अवरोधक (नॉएज बैरियर) लगाया जा रहा है।

### खामेनेई को अभी मारने का इरादा नहीं समर्पण करें: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा, वह एक आसान निशाना हैं लेकिन फिलहाल उन्हें मारने का इरादा नहीं है। वह कहां छिपे हैं सब पता है। सोशल मीडिया पर ट्रंप ने चेतावनी दी और बिना शर्त आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। उधर ईरान में फंसे सभी भारतीय सुरक्षित अजरबैजान पहुंच गये हैं। उन्हें अब स्वदेश लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### मॉनसून की पहली बारिश में ही ठनका से 4 की मौत

**रांची।** झारखंड में मॉनसून की दस्तक के साथ हुई झमाझम बारिश के दौरान वज्रपात से पलामू और गढ़वा जिले में चार लोगों की मौत हो गयी। दर्जनभर लोग घायल हो गये। चैनपुर के चांदो गांव में मंगलवार को वज्रपात से मां-बेटी, गढ़वा के बिशनपुर में महिला मजदूर की मौत हो गयी। रमना थाना के चुंदी के केवाल टोला के लखन भुइंयां (62) की मौत हो गयी।

# झारखंड में मॉनसून ने दी दस्तक, 19 और 20 जून को भारी बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून झारखंड में मंगलवार, 17 जून को प्रवेश कर गया। राज्य के अधिकांश जिले दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की जद में आ गये हैं। इससे राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मॉनसून की बारिश शुरू हो चुकी है। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं। रांची में रुक-रुक कर बारिश भी हो रही है। हजारीबाग, बोकारो, खूंटी, गुमला आदि जिलों में भी हल्की बारिश हुई है।

**अगले चार दिनों तक भारी बारिश की संभावना** : मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। इससे झारखंड में आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होगी। इस दौरान 18 जून और 19 जून को कुछ जगहों पर भारी बारिश जबकि 20 जून को भारी से बहुत भारी बारिश देखने को मिल सकती है।

झारखंड में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान

अगले चार दिन सावधानी बरतने की दी सलाह जारी

दक्षिणी बांग्लादेश और उससे सटे पश्चिम बंगाल के इलाकों में निम्न दबाव का क्षेत्र बना




**मेघ गर्जन के दौरान सतर्क रहने की जरूरत** : मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि काले बादल उमड़ने पर मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इस दौरान पेड़ के नीचे, बिजली के खंभों के आसपास, खुले खेत या मैदान में जाने से बचना है। ज्यादा बारिश से कमजोर पेड़ों के गिरने की भी संभावना रहती है। इसका भी ख्याल रखना चाहिए।

> मॉनसून का पूर्वानुमान बेहद पॉजिटिव माना जा रहा है। झारखंड में इस साल सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। झारखंड में अमूमन 12 जून तक मॉनसून की एंट्री हो जाती है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में कुछ दिनों का विलंब देखने को मिला है, लेकिन राहत की बात है कि इस साल झारखंड में गर्मी भी कम पड़ी है।
>
> **अभिषेक आनंद, मौसम वैज्ञानिक**

### सीएम हेमंत सोरेन ने शहीद सुनील धान के परिजनों को दी सम्मान राशि, कहा

# झारखंड रहेगा शहीदों का ऋणी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। वहीं, गृह विभाग से 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए उनके बैंक अकाउंट में भेजा गया। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से बातचीत की व पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ है। आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुये अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। हमारी सरकार शहीद के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।




एसबीआई, पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत राशि का चेक
**1 करोड़ 20 लाख रुपये**

गृह विभाग से दी गयी सहायता राशि बैंक खाते में भेजी गयी
**1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपये**

**आईईडी विस्फोट में हुए थे शहीद**

12 अप्रैल 2025 को चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सलियों के विरुद्ध विशेष छापामारी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट की चपेट में आने के बाद इलाज के क्रम में सुनील धान की मौत हो गयी थी।

### सीएम ने शहीद की पत्नी को अनुकंपा पर नौकरी का दिया मौका

शहीद आरक्षी की 65 वर्षीय माता फगनी उराइन, 29 वर्षीय पत्नी गंदरी धान एवं दो पुत्र प्रियांश धान तथा अनिकेत धान सहित अन्य परिजनों ने मुख्यमंत्री से पारिवारिक स्थिति पर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने परिजनों से बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने को कहा। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। उन्होंने शहीद की पत्नी से कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहीद के परिजनों को मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ उन्हें शीघ्र प्रदान किये जायें। पेंशन सहित अन्य लाभ से परिजनों को जोड़ें। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि पेंशन अगले महीने से शुरू हो जायेगी।

# भूमि सर्वेक्षण कार्य तेजी से आगे बढ़ायें: हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बिहार समेत तीन राज्यों के साथ भूमि सर्वेक्षण तकनीक के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में तेजी लाने और भूमि सर्वेक्षण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। राज्य में हो रहे भूमि सर्वेक्षण को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार ने कोर्ट को बताया कि भूमि सर्वेक्षण के लिए तीन टीम बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से तकनीक सीख रही हैं। पिछले दिनों एक टीम कर्नाटक गई थी, जिसने आंध्र प्रदेश में एक सम्मेलन में भाग लिया और तकनीक को अपडेट करने की जानकारी ली, जबकि दो अन्य टीमें बिहार और कर्नाटक से भूमि सर्वेक्षण की नयी तकनीक सीखेंगी, जिससे झारखंड में भी भूमि सर्वेक्षण की तकनीक अपग्रेड होगी और भूमि सर्वेक्षण के काम में तेजी आएगी। पिछली सुनवाई में झारखंड सरकार ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड में वर्तमान में भूमि सर्वेक्षण के लिए पुरानी तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, इसलिए भूमि सर्वेक्षण में परेशानी हो रही है। इस पर कोर्ट ने भू-राजस्व सुधार विभाग के प्रधान सचिव को हलफनामा दायर कर भूमि सर्वेक्षण पूरा करने के लिए अमीन व अन्य कर्मियों की नियुक्ति होने, भूमि सर्वेक्षण की पुरानी तकनीक को उन्नत किये जाने से संबंधित जवाब दाखिल करने को कहा था।



# योजनाओं को समय सीमा तय कर धरातल पर उतारें : सचिव

### शहरों में बरसात के मद्देनजर साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये

## कार्य न करने वाली एजेंसियों को डिबार कर टरमिनेट करने की कार्रवाई का निर्देश

### पीएमएवाई में बुनियादी सुविधाओं के लिए विभाग मदद करेगा, सुंदरीकरण भी करें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शहरों में नागरिकों की सुविधाओं एवं रहन सहन उच्चस्तरीय बनाने के लिए योजनाओं को चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जाये। इसके लिए समयसीमा भी निर्धारित की जाये। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार ने राज्य के शहरी निकायों को यह निर्देश दिया है। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में प्रधान सचिव की अध्यक्षता में मेजर अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मुद्दे पर राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई गयी। प्रधान सचिव श्री कुमार ने कहा कि नगर विकास विभाग के अंतर्गत शहरी निकायों की जवाबदेही सेवा प्रदाता की है। इसलिए नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जो योजनाएं बनायी गयी है, उनको पूरा करने के लिए समयसीमा चरणबद्ध तरीके से तय की जाये। प्रधानमंत्री आवास बनाना हो तो नींव से लेकर छत के निर्माण तक का समय निर्धारित किया जाये। इस तरह से योजनाएं समय पर पूरा होंगी और नागरिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत बने आवासों एवं कालोनियों को आकर्षक बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाये जायें। लैंड स्केपिंग भी किया जाये।

बैठक के दौरान कई नगर निकायों में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पाइप लाइन बिछाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलमीनार और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण में हो रहे विलंब में भूमि की अनुपलब्धता और वन अनापत्ति प्रमाण प्राप्त नहीं होना बताया गया। इस पर प्रधान सचिव ने कहा कि इसके समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर एक वरीय अधिकारी को नोडल अफसर नियुक्त किया जायेगा। जो जिला स्तर पर उपायुक्त से बात कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायेगा। उन्होंने कहा कि बड़े मामलों में वे स्वयं वन विभाग एवं जिला प्रशासन से बात कर भूमि मुहैया कराने की पहल करेंगे।

श्री कुमार ने धनबाद पेयजलापूर्ति योजना, रामगढ पेयजलापूर्ति योजना, आदित्यपुर सिवरेज योजना, देवघर एवं हजारीबाग सेप्टेज योजना के पूरा होने में हो रहे काफी विलंब को गंभीरता से लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जो संवेदक एवं एजेंसियां काम मे लापरवाही बरत रही हो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। साथ ही श्री कुमार ने काम में कोताही बरतने वाली एजेंसियों को डिबार कर टर्मिनेट करने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शहरों में साफसफाई पर विषेष ध्यान दिया जाये। बरसात के मौसम को ध्यान में रखा जाये। नालों की सफाई कराइ जाये

बैठक में प्रधान सचिव के अलावा रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, विषेष सचिव मनोहर मरांडी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव ज्योत्सना सिंह, संयुक्त सचिव दीपक कुमार दूबे, संयक्त सचिव जुल्फिकार अली, निदेशक नगरीय प्रषासन सत्येंद्र कुमार, जुडको के पीडीटी विनय कुमार राय और पीडीएफ अमित चक्रवर्ती सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले दो केंद्रीय मंत्री और राज्य के वित्त मंत्री







**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दो केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अलग-अलग मुलाकात की। सबसे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। इसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी राज्यपाल से मिले। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी राज्यपाल से भेंट की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेमोरेंडम ऑफ 16वीं फाइनेंस कमिशन की प्रति भेंट की।

### रानी बनीं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी समाज सेविका रानी कुमारी को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना ओझा ने किया। रानी कुमारी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन संबंधित पत्र प्रेषित करते हुए श्रीमती ओझा ने उनसे झारखंड में मानवाधिकार हनन के मामलों की रोकथाम की दिशा में प्रयासरत रहने और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की अपेक्षा की है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड में मानवाधिकार हनन के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए संगठन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाज के एक सजग प्रहरी के रूप में कार्यरत रहेंगे। रानी कुमारी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत के जाने पर सुषमा देवी, देवन्ती देवी, सविता देवी, खुशी तिवारी, अंजलि यादव, नीलम साव, रूपा देवी, रूना देवी, अनवरी खातुन, त्रिपुरारी सिंह, विवेक कुमार, आकाश कुमार, धनंजय पाठक, अनुप उपाध्याय, विपुल तिवारी, बिप्तू यादव, धर्मेंद्र यादव, अनिल यादव सहित अन्य शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### राप्रसे के अधिकारी नारायण राम फंसे, सरकार ने एक वेतनवृद्धि रोकी

**रांची।** पीएम आवास योजना ग्रामीण में गड़बड़ी करना राज्य प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अधिकारी को महंगा पड़ा। गड़बड़ी के आरोपी राप्रसे के अधिकारी नारायण राम के एक वेतन वृद्धि पर राज्य सरकार ने रोक लगा दी है। नारायण राम पर डोमचांच के बीडीओ पद पर रहते हुए यह आरोप लगा है। इस मामले को लेकर डीसी कोडरमा ने 7 फरवरी 2018 को आरोप पत्र भेजा था। विभागीय कार्यवाही के बाद नारायण राम से स्पष्टीकरण पूछा गया और इसके बाद दंड निर्धारित की गई। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

**क्या है आरोप :** राप्रसे के अधिकारी नारायण राम पर पीएम आवास योजना ग्रामीण में लाभुकों के चयन में गंभीर अनियमितता बरतने का आरोप है। साथ ही उनके खिलाफ अनियमतता के संदिग्ध मामलों के सत्यापन में लापरवाही बरतने और लाभुकों के निबंधन में भी लापरवाही बरतने का भी आरोप है, जिसे जांच के दौरान सही पाया गया और उनका एक वेतन वृद्धि रोक दिया गया।

### हाईकोर्ट में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी पीआइएल पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिलाओं और स्कूली बच्चों समेत नाबालिग लड़कियों के साथ बढ़ते अपराध पर रोक के लिए दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है, जिसके बाद अब प्रार्थी की ओर से सरकार के जवाब का प्रतिउत्तर दाखिल करने के लिए समय लिया गया। अब अदालत इस जनहित याचिका पर 30 जून को सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता भारती कौशल ने इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है।

### खेल विभाग में स्पोर्ट्सकिट खरीद में 6 करोड़ का घोटाला : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खेल विभाग में हुये 6 करोड़ के घोटाले पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में लूट मची हुई है। सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है।रोज नये- नये घोटाले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा में डीजल भरवाने जैसे हास्यास्पद घोटालों के बाद, हेमंत सरकार के खेल विभाग ने अब करीब 6 करोड़ रुपये का नया घोटाला कर दिया है। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स किट की खरीद में विभाग ने सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी को दरकिनार कर ऊंची दर पर सामान देने वाली कंपनी को ठेका दे दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी और कमीशन आधारित फैसले की बात आम हो चुकी है। पारदर्शिता की जगह अब साठगांठ और लूट का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पूरे मामले में विभागीय मंत्री और अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### ट्रेनिंग से लौट छुट्टी पर गये उत्पाद आयुक्त

## नयी उत्पाद नीति लागू करने का मामला लटका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के उत्पाद आयुक्त विजय सिन्हा स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी पर चले गये हैं। इससे राज्य में नई उत्पाद नीति के लागू होने में देर होने की आशंका जतायी जा रही है।

साथ ही इसका असर झारखंड बेवरेज कॉरपोरेशन के कामकाज पर पड़ सकता है, जहां वे एमडी के अतिरिक्त प्रभार में थे। बताते चलें कि उत्पाद आयुक्त विजय सिन्हा दो मई से ट्रेनिंग पर गये थे और उन्हें ट्रेनिंग से लौटने के बाद 16 जून को अपने पद पर योगदान देना था, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए छुट्टी ले ली है।

चूंकि शराब से संबंधित अधिकांश शक्तियां आयुक्त के पास होती हैं। इसलिए नयी उत्पाद नीति के लागू होने में देर होने की आशंका जतायी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि उत्पाद आयुक्त के नहीं रहने से एक जून से सरकार के स्तर पर शराब की बिक्री भी प्रभावित हो सकती है।

#### घोटाले की जांच से डरे-सहमे हैं अधिकारी

कैबिनेट से उत्पाद नीति 2025 पारित होने के बाद सरकार के स्तर से इसे लागू करने में एक महीना की देर होने की बात कही गयी थी। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि उत्पाद आयुक्त के ट्रनिंग से लौटने क बाद उत्पाद नीति को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। लेकिन उत्पाद आयुक्त के छुप्ती पर चले जाने से यह प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकी। दूसरी बात यह कि शराब घोटाले में जारी निगरानी जांच के दौरान तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त आयुक्त जगेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों को जेल भेजे जाने की वजह से विभागीय अधिकारी डरे सहमे हुए हैं।

## झामुमो बिहार में लड़ने को बेताब झारखंड की चिंता नहीं : आजसू

### बलिदान दिवस तैयारी को लेकर आजसू पार्टी रांची महानगर की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि वर्तमान हेमंत सरकार जनता के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किए थे, उन्हें हेमन्त सोरेन भूल चुके हैं। झामुमो को झारखंड की जनता की चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन बिहार में चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं, जबकि लालू यादव उन्हें कोई भाव ही नहीं दे रहे। उन्होंने आजसू के रांची महानगर कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी हेमंत सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेगी। आजसू पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ता 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। महानगर कार्यकताओं की बैठक आज केंद्रीय कार्यालय, हरमू में हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल ने किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

बैठक में प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि यह समारोह न केवल शहीदों को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि झारखंड की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन का भी मौका भी होगा। श्री प्रभाकर ने महानगर कार्यकताओं को व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्य निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका रही है। झारखंडी जनता के हितों के संघर्ष के लिए पुनः युवा शक्ति को आगे आना होगा।

बैठक में केंद्रीय कार्यालय सचिव नईम अंसारी, मीडिया प्रभारी परवाज खान, महानगर महासचिव रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, देवाशीष चप्तोराज, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी आदि उपस्थित थे।

**आनंद राज बने महानगर उपाध्यक्ष, अभय बने सचिव**

बैठक में आनंद राज को महानगर उपाध्यक्ष तथा अभय कुमार को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। प्रवीण प्रभाकर ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं।

### सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज याचिका पर हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** 46.10 करोड़ रुपये के 16 साल पुराने कृषि घोटाला मामले में आरोपी तत्कालीन कृषि मंत्री सत्यानंद भोक्ता की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर मंगलवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 30 जून निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में एसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। सत्यानंद भोक्ता ने दूसरी बार अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका 21 मई को दाखिल की है। पिछली बार 8 दिसंबर 2022 को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी। इसे अदालत ने 16 जनवरी 2024 को सुनवाई प{ात खारिज कर दी थी।

### झासा ने डुमरी प्रखंड के बीडीओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने पर जताई आपत्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) ने डुमरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर रोष और क्षोभ व्यक्त किया है। संघ का कहना है कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश के बावजूद भी बिना प्रशासी विभाग की अनुमति के प्राथमिकी दर्ज की गई है, जो नियमों के विरुद्ध है।

**संघ ने जताई चिंता :** संघ ने चिंता व्यक्त की है कि यदि नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा पर्यवेक्षण या अनुश्रवण के क्रम में कही गई बातों से प्रताड़ित होने की बात को सही माना जाएगा, तो जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा की जाने वाली समीक्षा बैठक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे विकास कार्यों की गति भी प्रभावित होना स्वाभाविक है।

**क्या है संघ की मांग :** झासा से जुड़े अधिकारियों ने थाना प्रभारी के विरुद्ध उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन देने और कारवाई करने की मांग करने का निर्णय लिया है। वहीं, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग से निर्गत निर्देश का अनुपालन सुनि{त करने के लिए केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया है।

## सीबीआई ने हाई कोर्ट को एमपी-एमएलए के 12 लंबित आपराधिक मामलों की अद्यतन स्थिति बताई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वत संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर झारखंड में एमपी-एमएलए के 12 लंबित आपराधिक मामलों की अद्यतन स्थिति बताई गई। बताया गया कि अलकतरा घोटाला से संबंधित बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन के मामले में जजमेंट आ गया है, इलियास हुसैन को तीन साल की सजा हुई है। वही एक मामले में ट्रायल फाइनल स्थिति में है। अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी।

दरअसल, पिछली सुनवाई में एमिकस क्यूरी ने कोर्ट को बताया था कि झारखंड में एमपी-एमएलए के कई मामले में आरोप पत्र दायर होने के बाद आरोप गठन में 6 साल लग जाते हैं, जिससे ट्रायल पूरा होने में कई वर्ष लग जाएंगे। सीबीआई की मंशा ही नहीं है कि ट्रायल जल्द पूरा हो। वहीं सीबीआई की ओर से बताया गया था कि राज्य में एमपी-एमएलए के 12 आपराधिक मामले लंबित हैं। इनमें रांची सिविल कोर्ट में 9 मामले और धनबाद कोर्ट में 3 मामले शामिल हैं। लंबित मामलों में ट्रायल की स्थिति पर कोर्ट को जानकारी दी जाएगी।

**सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में रही है असफल :** पूर्व की सुनवाई में खंडपीठ ने मौखिक कहा था कि सीबीआई जैसी संस्था गवाहों को जल्द लाने में असफल साबित हो रही है, ट्रायल में देरी होने से गवाहों में डर का भी माहौल बना रहता है। एक मामले में सीबीआई ने भी स्वीकार किया है कि ट्रायल में गवाहों को धमकाये जाने की आशंका के मद्देनजर उस गवाह की गवाही करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का भी सहारा लेना पड़ा है। ट्रायल में देरी होने से गवाहों पर भी असर पड़ता है, उनकी गवाही प्रभावित होती है।

# मंत्री इरफान का जनता दरबार, स्वास्थ्य से ज्यादा अन्य विभागों से आईं शिकायतें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनता की समास्याओं से रूबरू होने के लिए मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जनता दरबार लगाया। जनता की समस्याओं से अवगत होने के बाद उसके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर उसे यथा शीध्र समाधान करने की बात कही। वैसे तो जनता दरबार का समय 11 बजे से निर्धारित था लेकिन मंत्री जी के देर से आने की वजह से कुछ विलंब से लोगों की फरियाद सुनी गई। मंत्री जी ने देर होने की वजह मौसम का खराब होना और महत्वपूर्ण विभाग होने की वजह से जनता के लगाव को मुख्य रूप से बताया। इसके बावजूद जनता दरबार में मंत्री के समक्ष एक के बाद एक फरियादी कागज लेकर पहुंचते गए और सबों को कार्रवाई का भरोसा भी दिया। खास बात यह रही कि प्राप्त आवेदनों में मंत्री के स्वास्थ्य विभाग से कम अन्य परेशानी को लेकर लोग ज्यादा परेशान नजर आए। हटिया निवासी पुष्पा कच्छप ने जगन्नाथपुर थाना में जब्त बाइक को छुड़वाने के लिए कथित रूप से की जा रही पैसे की मांग की शिकायत की। जिसपर स्वास्थ्य मंत्री ने थाना प्रभारी की जमकर फटकार लगाई। मंत्री के जनता दरबार की सबसे खास बात यह रही कि शुरू से अंत तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद रहे।

### जनता दरबार में 97 शिकायतें आई

मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के समक्ष कुल 97 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा जिस पर उन्होंने तत्काल पहल करते हुए अधिकारियों से समाधान का रास्ता निकालने को कहा। स्वास्थ्य केंद्र निर्माण संबंधित 5, आपूर्ति विभाग से 12, इलाज से 13, रोजगार हेतु 7, आपदा प्रबंधन से 8, राशन कार्ड से संबंधित 13, स्थानांतरण हेतु 7, जमीन संबंधी 22 मामलों के अलावा के अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष लोगों ने रखा। जनता दरबार में विनय सिन्हा दीपू, राजेश सिन्हा सन्नी, राजन वर्मा, जगदीश , नरेंद्र लाल गोपी, राजीव चौधरी, चिंटू उपस्थित थे।



### समस्या का ऑन द स्पॉट होगा समाधान : इरफान

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जनता दरबार में आए 90 फीसदी समस्याओं का समाधान कर दिया है। कुछ मामलों में तकनीकी अड़चन है जिन्हें समयानुसार दूर किया जाएगा। सभी आवेदन पर हर हाल में कार्य होगा, जनता दरबार से जनता के साथ-साथ संगठन को भी फायदा मिल रहा है, यह अच्छी पहल है अगर जनता का काम किया जाए तो लोग आते हैं। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन सरकार जनता की सरकार है। झारखंड के लगभग सभी जिलों से लोग आए हैं, समय-समय पर जल्दी-जल्दी यह आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैकड़ो की संख्या में शिकायतें समस्याएं आई हैं। जमीन की समस्याएं अधिक है, कई सीओ की शिकायतें ज्यादा है, जमीन माफिया को वह प्रश्रय दे रहे हैं। मंत्री ने अधिकारियों तत्काल निर्देश दिया कि जनहित में कार्रवाई करें।

जनता दरबार में आये लोगों की संख्या को देखकर स्वास्थ्य मंत्री अचंभित थे। उन्हें उम्मीद थी कि लोगों की संख्या कम होगी और औपचारिकता पूरी कर जल्दी निकल जाया जाएगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। काफी देर तक लोगों की परेशानी सुनने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अपने अनोखे अंदाज में कहा कि जनता की समस्या का ऑन द स्पॉट समाधान होगा।

अरगोड़ा थाना में दर्ज हुई है प्राथमिकी

# 17 वर्षीय किशोरी संग दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

■ पीड़िता को नशीला पद्धार्थ पिलाकर घटना को दिया था अंजाम, गोंदा थाना की पुलिस को नशा की हालत में मिली थी पीड़िता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना की पुलिस ने 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म करनेवाले आरोपी साजिद को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त हिंदपीढ़ी का रहनेवाला है। पीड़िता नशा की हालत में कांके रोड में मिली थी। जिसमें गोंदा थाना में पीड़िता का फर्दबयान दर्ज हुई है। पीड़िता अरगोड़ा क्षेत्र में किराये के घर में रहती है।

**क्या है घटना :** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अरगोड़ा इलाके में किराये के घर में रहती है। 15 जून की शाम करीब पौने आठ बजे कुछ सामान खरीदने के दुकान गई थी। इसके बाद वह मंदिर की तरफ पैदल जा रही थी। इसी दौरान पूर्व परिचित युवक साजिद स्कूटी से वहां आया और बहला-फुसला कर अपने साथ घुमाने के बहाने ले गया। इसी बीच रास्ते में लाल रंग का पानी गिलास में पीने के दिया, जिसके बाद उसे नशा हो गया। इसके बाद आरोपी जबरन दुष्कर्म किया। घटनास्थल के पास अंधेरा था। घटना के बाद आरोपी उसे स्कूटी से लेजाकर कांके रोड जानेवाली ऑटो में बैठाकर भाग गया। ऑटो वाले ने उसे जवाहर नगर के पास उतार दिया, जहां नशा की हालत में देखकर गोंदा थाना की पुलिस पूछताछ करने लगी। जवाब नहीं देने पर महिला थाना पहुंचा दिया गया। दूसरे दिन सुबह होश आने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

## वकील से मांगी दस लाख की रंगदारी

**रांची।** राजधानी में एक वकील शैलेश कुमार सिंह से बतौर रंगदारी दस लाख रुपये की डिमांड की गयी है। वहीं, कहा गया है कि कल तक पैसे नहीं दिये गये तो, अंजाम बुरा होगा। रंगदारी भरा फोन आने के बाद वकील शैलेश कुमार सिंह ने गोंदा थाना में शिकायत दर्ज करायी है। वकील का घर कांके रोड मंदिर कोठी के पास है।

**क्या है मामला :** लिखित शिकायत में वकील ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को दिन के करीब साढ़े 11 बजे उनके दोस्त सन्नी कुमार पाठक के मोबाइल पर धमका भरा कॉल आया। कॉल पतरा गोन्दा डैम साइड के रहने वाले सौरभ सिंह ने किया था। सौरभ सिंह ने फोन पर सन्नी और शैलेश सिंह को हुक्म दिया कि कल तक दस लाख रुपये उसके भाई शिवम सिंह तक पहुंचा दे। रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी। कहा कि तुम्हारा दोस्त राजेश मुंडा तो मेरे गोली मारने से बच गया था, लेकिन तुमलोग नहीं बच पाओगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा

# एसीबी ने पूर्व आइएएस अधिकारी अमित प्रकाश को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शराब घोटाला मामले में एसीबी ने अब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पूर्व उत्पाद आयुक्त आईएएस अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। वे आयुक्त उत्पाद के साथ-साथ झारखंड राज्य विबरेजेज कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के पूर्व महाप्रबंधक भी थे। आईएएस अमित प्रकाश 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हुए थे।

शराब घोटाला मामले में विनय कुमार चौबे के बाद अमित प्रकाश ऐसे दूसरे आईएएस अधिकारी हैं, जिन्हें एसीबी ने गिरफ्तार किया है। घोटाले के इस मामले में एसीबी ने



पूर्व में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पूर्व में जिन्हें गिरफ्तार किया गया था, उनमें 20 मई को विभाग के पूर्व प्रधान सचिव सह पूर्व महाप्रबंधक जेएसबीसीएल विनय कुमार चौबे तथा संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह शामिल थे। वहीं, 21 नवंबर को पूर्व महाप्रबंधक वित्त सुधीर कुमार दास और पूर्व महाप्रबंधक वित्त सह अभियान सुधीर कुमार के अलावा प्लेसमेंट एजेंसी मार्शन के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह की गिरफ्तारी हुई थी। अब छठी गिरफ्तारी के रूप में पूर्व आयुक्त उत्पाद अमित प्रकाश शामिल हुए हैं। एसीबी ने उन्हें मंगलवार की देर शाम एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### शराब घोटाले में एसीबी ने 7 के खिलाफ मांगा वारंट

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े मामले में एसीबी अब तक 14 से अधिक लोगों को आरोपी बना चुकी है। इसमें से तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे समेत पांच की गिरफ्तारी हो सकी है। अन्य आरोपी को एसीबी पूछताछ के बुला रही है। इसके लिए सभी को समन कर रखा है, बावजूद आरोपी नहीं पहुंच रहे हैं, इसे देखते हुए जांच अधिकारी ने महाराष्ट्र और गुजरात के सात आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी करने का आवेदन एसीबी कोर्ट में दिया।

## जीएसटी घोटाले के आरोपी ने दाखिल की जमानत अर्जी

**रांची।** ₹800 करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी कोलकाता कारोबारी अमित गुप्ता ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन नहीं हो सकी। अदालत ने आगे की सुनवाई के लिये 28 जून की तारीख निर्धारित की है। मामले में मुख्य आरोपी कारोबारी विक्की भालोटिया उर्फ अमित अग्रवाल ने भी जमानत याचिका दाखिल की है। इस पर सुनवाई लंबित है। फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी मामले में शिवकुमार देवड़ा, जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया, कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा जेल में है।

## सभी प्रखंड-अंचलों में सुनी गयी समस्या

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश के आलोक में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए पहल शुरू की है। इस पहल के तहत मंगलवार को रांची जिले के सभी प्रखंडों और अंचल कार्यालयों में बीडीओ और सीओ ने सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को आम जनता से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना और उनका तत्काल यथा संभव निष्पादन का प्रयास किया गया। इधर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रखंड या अंचल कार्यालय में अपनी समस्याओं को लेकर नागरिक जा सकते हैं।

## डीसी ने समाहरणालय का किया औचक निरीक्षण, कई कर्मियों को किया शोकॉज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित जिला कल्याण शाखा, जिला भू-अर्जन कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने पर लिपिक नलिता कुमारी महतो एवं विकास जायसवाल को और परिचय पत्र-नेम प्लेट नहीं लगाने के कारण दिलीप कुमार, दिनेश कुमार पासवान (कल्याण शाखा) और कंप्यूटर ऑपरेटर आदर्श सिंह (भू-अर्जन कार्यालय) को शोकॉज किया। डीसी ने स्वच्छता, समयबद्धता और जनसेवा में



पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण जारी रहेगा। उन्होंने अपर जिला दंडाधिकारी कार्यालय की व्यवस्था की सराहना की और अन्य कार्यालयों को इससे सीख लेने को कहा। डीसी ने स्पष्ट किया कि देर से आने या बिना सूचना के अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। औचक निरीक्षण भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# रांची में जब्त बालू की खुलेआम होगी नीलामी, दो जुलाई को लगेगी बोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से जमा किए गए बालू पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खनन शाखा की टीम द्वारा जब्त हजारों घनफीट बालू की अब सार्वजनिक नीलामी की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस नीलामी में कोई भी इच्छुक व्यक्ति तय प्रक्रिया के तहत भाग ले सकता है। यह नीलामी 2 जुलाई 2025 को दोपहर 4 बजे, समाहरणालय भवन के ब्लॉक-ए के कक्ष संख्या 207 में आयोजित की जायेगी, जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता (नक्सल), विधि व्यवस्था करेंगे। रांची जिला खनन शाखा की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गई



है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार अवैध रूप से भंडारित बालू को जब्त करने के बाद झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004, यथा संशोधित 2017 एवं 2019 के नियम 54 के अंतर्गत सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है। आवेदन की अंतिम तिथि नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक लोगों को एक जुलाई की शाम पांच बजे तक अपना आवेदन पत्र और संबंधित दस्तावेज जमा करना होगा। नीलामी की शर्तें, प्रक्रिया और भंडारित बालू की विस्तृत जानकारी जिला खनन कार्यालय या सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है। यह नीलामी जो जहां है उसी स्थिति के आधार पर होगी। यानी बालू का उठाव नीलामी के बाद उसी स्थान से करना होगा।

### नीलामी के लिए जब्त बालू का ब्योरा

पुंदाग ओपी क्षेत्र, मौर्या एलाइट के पीछे : 3000 घनफीट -बेड़ो थाना, घाघरा पंचायत, डुमरदोन बस्ती : 15000 घनफीट -नगड़ी लोधमा रोड : 6000 घनफीट -नगड़ी लोधमा रोड : 6000 घनफीट -नगड़ी लोधमा रोड : 6000 घनफीट -एचईसी फर्टिलाइजर, टोनका (सुनील कोचिंग सेंटर के पास) : 20000 घनफीट

खबर एक नजर में

### यौन शोषण का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मंगलवार को शादी का झांसा देकर सात साल तक यौन शोषण करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी शुभम राज को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी का बचाव अधिवक्ता प्रितांशु कुमार सिंह ने किया था। घटना को लेकर पीड़िता ने धुर्वा थाना में साल 2022 में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान पीड़िता के माता-पिता की गवाही दर्ज की गई, लेकिन, पीड़िता नहीं पहुंची। इसका लाभ आरोपी को मिला।

### हत्या के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत ने पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद कृष कुमार सोनी को जमानत देने से इनकार किया है। वह उक्त आरोप में 10 मई 2025 से जेल में है। घटना का अंजाम 8 मई 2024 को दिया गया था। मालूम हो कि कृष कुमार सोनी के साथ खुशबू कुमारी की शादी हुई थी, शादी के 7 महीने सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इसके बाद ससुरवालों ने प्रताड़ित करना प्रारंभ कर दिया था। आरोपी पर चाईबासा रोड हटिया में किराये के मकान में रह रही खुशबू कुमारी की हत्या करने का आरोप है। मामले में दहेज हत्या के साथ हत्या के मामले ट्रायल जारी है।

### यौन उत्पीड़न के दोषी को सात वर्ष कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने छह साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न मामले में दोषी जावेद आलम को सात साल कैद की सजा सुनाई है। उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में उसे 13 जून को दोषी करार दिया था। अभियुक्त जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के इंदरा नगर निवासी है। उसने दो अक्तूबर 2021 को घटना को अंजाम दिया था। घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने जगन्नाथपुर थाना में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने अभियुक्त को 4 अक्तूबर 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### डॉ सोनाझारिया मिंज कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिलीं , आदिवासी मुद्दों पर हुई चर्चा

**रांची।** यूनेस्को की को-चेयर पर्सन डॉ सोनाझारिया मिंज ने राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवास पर मुलाकात की। सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय



दुमका की पूर्व कुलपति रहीं डॉ सोनाझारिया मिंज और मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के बीच इस दौरान आदिवासी मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि डॉ सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को का को-चेयर पर्सन नियुक्त करना झारखंडवासियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है। डॉ सोनाझारिया मिंज की व्यवहार कुशलता और सामाजिक ज्ञान ने काफी प्रभावित किया। डॉ सोनाझारिया मिंज की इस नई भूमिका से आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड की आदिवासी विरासत के साथ वर्तमान चुनौतियों को रखने में अब मदद मिलेगी। यूनेस्को का उद्देश्य शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना है। नि:संदेह डॉ सोनाझारिया मिंज इस भूमिका को निभाने में शत प्रतिशत सफल होंगी।

राज्य सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट को दी जानकारी

# झारखंड रेरा में अध्यक्ष, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर और मेंबर के रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया चार माह में होगी पूरी

▸▸ झारखंड रेरा राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को करता है नियंत्रित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में अध्यक्ष, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एवं मेंबर के रिक्त पद को भरने को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार के जवाब को देखते हुए इस जनहित याचिका को निष्पादित करते हुए बंद कर दिया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि झारखंड रेरा में अध्यक्ष, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एवं मेंबर



के रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया 4 माह में पूरी होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से झारखंड रेरा में अध्यक्ष, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एवं मेंबर के पद कबतक भर लिए जाएंगे इस पर एक टाइम लाइन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। सरकार ने बताया था कि इन सभी पदों पर नियुक्ति के लिए प्रक्रिया चल रही है, कमेटी की कई बैठके भी हुई है। रेरा में अध्यक्ष, एडजुडिकेटिंग ऑफिसर एवं मेंबर के रिक्त पद जल्द भर लिए जाएंगे।

दरअसल, प्रार्थी ने जनहित याचिका दायर कर बताया है कि झारखंड रेरा में वर्तमान में किसी व्यक्ति को कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर रखकर काम चलाया जा रहा है, झारखंड रेरा में 6 जनवरी 2021 से यह पद खाली पड़ा है। वही एडजुडिकेटिंग ऑफिसर का पद भी 25 नवंबर 2022 से खाली है, रेरा में मेंबर का पद भी रिक्त है। जिससे 66 केस लंबित पड़े हैं। इन रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। यहां बता दे की झारखंड रेरा एक सरकार द्वारा स्थापित निकाय है जो राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को नियंत्रित करता है।

## रांची जिले में जून की पेंशन खातों में पहुंची

**रांची।** रांची जिला के करीब 2 लाख 32 हजार से ज्यादा लोगों को जून महीने की 1000 की पेंशन मिल गई है। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी गई है। ये पैसा सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इसके लिए पहले ही जरूरी निर्देश दिए थे।

**किन-किन योजनाओं का मिला पैसा**

| |
|---|
| वृद्धावस्था पेंशन-1,67,684 लोग |
| निराश्रित महिला पेंशन -47,271 महिलाएं |
| नि:शक्तजन पेंशन - 16,608 लोग |
| एचआईवी/एड्स पेंशन - 406 लोग |
| आदिम जनजाति पेंशन - 334 लोग |
| ट्रांसजेंडर पेंशन - 7 लोग |

बता दें कि सरकार ने इस बार कुल 23 करोड़ 23 लाख से ज्यादा की राशि लाभुकों के खातों में भेजी है। अगर किसी को जून की पेंशन नहीं मिली है, तो वो जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर मैसेज भेजकर शिकायत कर सकते हैं।

## रांची में 19-20 जून को अत्यधिक भारी बारिश, प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने राँची जिले के लिए 19 जून की सुबह 08:30 बजे से 20 जून की सुबह 08:30 बजे तक के लिए भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसके संभावित प्रभाव से परिवहन और बिजली आपूर्ति में व्यवधान की आशंका है। साथ ही निचले इलाकों में जलभराव की संभावना, कमजोर संरचनाओं और कच्ची सड़कों को नुकसान का खतरा के अलावा भारी बारिश से जान और माल का खतरा भी हो सकता है। जिला प्रशासन रांची ने कुछ एहतियाती उपाय बरतने की अपील नागरिकों से की है। नागरिकों से निचले इलाकों से दूरी बनाए रखने और सुरक्षित स्थानों पर रहने को कहा है। गैर-जरूरी यात्रा से बचने और सड़कों पर जलभराव की स्थिति में सावधानी बरतने की अपील की है।



बिजली उपकरणों का उपयोग सावधानी से करने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करने को कहा है। आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों के निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची द्वारा दिए जा रही सूचना पर जिला प्रशासन निरंतर नजर रखे हुए है। वह समय-समय पर अपडेट जारी करता रहेगा। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें और अफवाहों से बचें।

## उद्योग विभाग में परियोजना प्रबंधक के 30 पदों पर होगी नियुक्ति

**रांची।** उद्योग विभाग में झारखंड उद्योग सेवा संवर्ग के अंतर्गत परियोजना प्रबंधक एवं समकक्ष के कुल 30 पदों पर सीधी नियुक्ति होगी। झारखंड लोक सेवा आयोग ने उद्योग विभाग की अधियाचना पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पदों के विरुद्ध नियुक्ति के लिए 20 जून से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसकी अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित है, जबकि आवेदन की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में 23 जुलाई तक जमा होगी।

**कौन कर सकता है आवेदन?**


इस पद पर नियुक्ति के लिए इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बैचलर डिग्री हासिल करनेवाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। साथ ही अर्थशास्त्र, गणित, सांख्यिकी, विज्ञान, वाणिज्य, कास्ट एकाउंटेंट, सेरिकल्चर, फूड टेक्नोलॉजी, प्रबंधन में से किसी एक में स्नातक की उपाधि धारण करनेवाले अभ्यर्थी भी इन पदों के लिए योग्य होंगे।

# सर्विस टैक्स ओर जीएसटी देने के बाद भी न्यू मार्केट के दुकानदार हैं सुविधाविहिन

**विवेक राज**

**रांची।** राजधानी में रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के द्वारा वर्ष 1970 में रातू रोड स्थित न्यू मार्केट का निर्माण किया गया था। इस मार्केट में करीब 265 दुकानदारों को दुकान आवंटित की गई है। प्राधिकार के द्वारा हर दुकान से नौ सौ से तीन हजार रुपये का मासिक किराया भी लिया जा रहा है। वहीं दुकानदारों को सर्विस टैक्स और जीएसटी भी देना पड़ रहा है। मार्केट से सर्विस टैक्स लेने के बाद भी दुकानदारों को कुछ भी सुविधा नहीं मिल रही है। प्राधिकार सिर्फ टैक्स व किराया वसूली में लगा है। आज यह मार्केट पूरी तरह सुविधा-विहिन हो चुका है।

**दुकानदारों को जाना पड़ता है सुलभ शौचालय :** आरआरडीए ने मार्केट में दुकानदारों के लिए एक





भी शौचालय नहीं बनाया है। इन दुकानदारों को सुलभ शौचालय जाना पड़ता है। महिला दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी होती है लेकिन प्राधिकार को इन परेशानी से कोई मतलब नहीं है। दुकानदारों का कहना है कि जब मार्केट से सर्विस टैक्स लिया जा रहा है तो फिर सुविधा क्यों नहीं दी जा रही है।

**असमाजिक तत्वों का अड्डा बना है मार्केट:** रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार द्वारा बनाया गया न्यू मार्केट की सुरक्षा-व्यवस्था पूरी तरह नगण्य है। इस मार्केट में न तो सुरक्षा गार्ड है और न ही कोई सुरक्षा उपकरण। मार्केट के चारों तरफ का ग्रिल दिन-रात खुला रहता है। कई बार मार्केट के दुकानों का ताला चोरों ने बेखौफ तोड़ा है। दुकानदार बताते हैं कि देर रात मार्केट परिसर के अंदर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। सुबह में दुकान के शटर के बाहर शराब की बोतल पड़ी रहती है। वहीं कई लोग देर रात मार्केट परिसर में शौच भी कर देते हैं। मार्केट में किसी प्रकार की रोशनी की व्यवस्था प्राधिकार के द्वारा नही की गई है। रात में न्यू मार्केट पूरी तरह अंधेरा रहता है।

### नहीं होती है सफाई

न्यू मार्केट, रातू रोड अपनी दुर्दशा का रोना रो रहा है। मार्केट परिसर में जहां-तहां पेड़ व घास उग चुका है। मार्केट में कचरा का अंबार लगा रहता है, जिसकी सफाई करनेवाला कोई नहीं है। बरसात में पानी टपकता है। छत से सरिया भी निकल आया है। इन दुकानों की मरम्मत भी प्राधिकार नहीं करा रहा है।

### अब ग्राहक भी नहीं पहुंचते मार्केट

दुकानदारों का कहना है कि इस सुविधाविहिन मार्केट में ग्राहक भी नहीं आना चाहते हैं। बड़ी मुश्किल से घर का गुजारा हो पाता है। दुकानदारी नहीं होने से आज पचास हजार से अधिक का किराया बकाया हो चुका है। किराया वसूली को लेकर नोटिस भी चिपकाया गया है।

# डोरंडा और बरियातू में अवैध ठेला-गुमटी को हटाया गया

रांची नगर निगम ने उठाया सख्त कदम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शहर को अतिक्रमण और जाम से छुटकारा दिलाने के लिए रांची नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को निगम की टीम ने डोरंडा और बरियातू इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे लगे ठेले, गुमटी और अस्थायी दुकानें हटाई गईं।

**डोरंडा में चला निगम का डंडा**

डोरंडा में एजी मोड़ से लेकर डोरंडा कॉलेज के पास तक जहां-तहां ठेले-गुमटी लगाकर लोग सड़क घेर रहे थे, वहां नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने पहले समझाया, फिर कार्रवाई करते हुए अवैध ढांचे हटाए। कई दुकानों से सामान भी जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कई बार समझाने के बाद भी लोग मान नहीं रहे थे, जिससे रोज ट्रैफिक जाम हो रहा था। इसका असर कॉलेज जाने वाले छात्र और ऑफिस के लोग रोज झेल रहे थे।



### बरियातू में भी हटाया गया अतिक्रमण

बरियातू के डीएवी स्कूल के सामने शनि मंदिर से लेकर हाउसिंग कॉलोनी मोड़ तक सड़क किनारे ठेले, गुमटी और फूलों की दुकानें लग गई थीं। स्कूल की छुट्टी के समय सड़क पर भारी भीड़ और जाम लग रहा था। लोगों की शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। मंदिर के पास मां अन्नपूर्णा होटल को भी चेतावनी दी गई, जहां मछली-चिकन बेचा जा रहा था।

## रांची में पहली बार हुई स्टेशन मास्टरों की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

# संरक्षा और सेवा शर्तों पर हुआ मंथन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** अखिल भारतीय स्टेशन मास्टर एसोसिएशन (एआईएसएम) की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक पहली बार झारखंड की राजधानी रांची में की गई। यह बैठक राज्य के रेलवे इतिहास में मील का पत्थर मानी जा रही है। बैठक में देशभर के 68 रेल मंडलों के स्टेशन मास्टर प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान रेलवे संचालन, संरक्षा, कर्मचारियों के हित, सेवा शर्तों और तकनीकी तालमेल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### देश के अलग-अलग जोन के स्टेशन मास्टर हुए शामिल

51वीं केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के अलग-अलग जोन और डिवीजनों के स्टेशन मास्टरों ने भाग लिया। इस बार झारखंड को पहली बार इस बैठक की मेजबानी का अवसर मिला, जिससे राज्य के स्टेशन मास्टरों में खासा उत्साह नजर आया।

### सांसद संजय सेठ हुए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने स्टेशन मास्टरों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे की सुरक्षा और समयबद्धता को बनाए रखने में स्टेशन मास्टरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर है।

### स्टेशन मास्टर रेल संचालन की रीढ़

बैठक में एआईएसएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि स्टेशन मास्टर न केवल रेल संचालन की रीढ़ हैं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा का पहला जिम्मेदार चेहरा भी। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर स्टेशन मास्टरों को जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, वे अब केवल विभागीय नहीं, बल्कि नीतिगत चर्चा का विषय बन चुकी हैं।

### संगठन को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

बैठक में यह भी तय किया गया कि आने वाले दिनों में रेलवे प्रशासन के साथ बेहतर संवाद और समन्वय के माध्यम से संगठन अपनी भूमिका को और सशक्त बनाएगा। इसके साथ ही तकनीकी परिवर्तन, कार्यस्थल पर संसाधनों की उपलब्धता और मानव संसाधन में सुधार के मुद्दे भी एजेंडे में शामिल रहे।

### ड्यूटी के दौरान परेशानियों पर चर्चा

स्टेशन मास्टरों ने यह भी साझा किया कि ड्यूटी के दौरान उन्हें अनेक व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिन पर प्रशासन का ध्यान जरूरी है। बैठक में संगठन को भविष्य में और प्रभावशाली बनाने की दिशा में कार्य योजना भी बनाई गई।

यह बैठक न केवल संगठन के सशक्तीकरण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुई, बल्कि भारतीय रेलवे की सेवा में समर्पित कर्मठ अधिकारियों की भावनाओं, विचारों और नीतिगत भूमिका को भी उजागर करने वाली रही।

## प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे रांची

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के. राजू अपने दो दिवसीय दौरे पर बुधवार, 18 जून को रांची आ रहे हैं। प्रदेश प्रभारी 10.25 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर पहुंचेंगे। इसके पश्चात वे सीधे 11 बजे कार्निवाल वैंक्वेट हॉल में आयोजित रांची नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निगम चुनाव पर संवाद करने का काम करेंगे और रात्रि विश्राम रांची में करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि पुनः 19 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर 10:30 बजे से प्रेस क्लब रांची में अयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदोपरांत 12:15 बजे से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अयोजित जिला पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संवाद करेंगे और 4 बजे से 5 बजे तक रामगढ़ जिला के अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष के साथ संगठन सृजन अभियान पर बैठक कर दिशा निर्देश देने का काम करेंगे और रात्रि में दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## खबर एक नजर में

### सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन



**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा स्वच्छता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कम्पनी सीएमपीडीआई 16 से 30 जून, 2025 तक 'स्वच्छता हर किसी का काम है' थीम के तहत सक्रिय रूप से स्वच्छता पखवाड़ा मना रही है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन और महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने हेतु किया जा रहा है। एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने और स्वच्छ पेयजल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएमपीडीआई द्वारा स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट प्रबंधन और जागरूकता अभियान इस पखवाड़ा के दौरान किया जाएगा। इस दौरान सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-2, धनबाद में एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर जूट बैग के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैग का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्रीय संस्थान-4, नागपुर ने अपने कार्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त और नो-स्पिटिंग जोन घोषित किया और क्षेत्रीय संस्थान-5, बिलासपुर के कर्मियों ने प्रदूषण मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हुए पर्यावरण हितैषी जूट बैग वितरित किए।

### सरकारी योजनओं का लाभ वृद्धाओं को मिले : रवि भास्कर



**रांची।** डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने मंगलवार को सीनियर सिटिजन होम बरियातू का निरीक्षिण किया। उन्होंने वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी वृद्धाओं से मुखाबित हुए तथा उनके समस्याओं को बारीकी से सुना। वृद्धों की जमीन संबंधी जानकारी ली, वुद्धाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वृद्धा पेंशन से संबंधित समस्याओं पर फोकस किये तथा कार्यरत पीएलवी को निर्देश दिये कि जिनका भी आधार कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उनका कार्ड बनाकर उन्हें मुहैया करायें। निरीक्षण के क्रम में डालसा सचिव के साथ पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल, प्रहलाद उपाध्याय, सीनियर सिटिजन होम के गुप्ता जी एवं कर्मचारी तथा राजा वर्मा उपस्थित थे।

### झारखंड आयकर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने आनंद पसारी



**रांची।** झारखण्ड आयकर अधिवक्ता संघ की वार्षिक आमसभा की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में चुनाव पदाधिकारी हरि लाल पटेल एवं हरी साबू के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2025-26 के लिए अध्यक्ष आनंद कुमार पसारी, उपाध्यक्ष सुव्रत दास गुप्ता, सचिव दीपक कुमार पटेल, सह-सचिव देवेश पोद्दार, कोषाध्यक्ष आदित्य शाह और सदस्य दीपक गरोडिया को चुना गया। इसके पूर्व निवर्तमान अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने सदस्यों का स्वागत किया। सचिव दीपक कुमार पटेल ने वार्षिक रिपोर्ट एवं कोषाध्यक्ष आदित्य शाह ने वार्षिक लेखा प्रस्तुत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष आनंद कुमार पसारी ने सभी सदस्यों को उन्हें चुनने के लिए आभार व्यक्त किया एवं सदस्यों को अश्वासन दिया कि आने वाले समय में वे उनके विश्वास एवं आकांक्षाओं को हरसंभव पूरा करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने किया।

### संत जेवियर्स कॉलेज में अकादमिक सत्र 2025-26 स्नातक के 30 कोर्सों के लिए नामांकन जारी

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज (स्वायत्त) रांची में अकादमिक सत्र 2025-26 स्नातक के 30 कोर्सों के लिए नामांकन जारी है। कॉलेज में आवेदन करने के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरा जा रहा है। नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय 15 रेगुलर कोर्स में सत्र 2025-29 के लिए व सीबीसीएस के तहत वोकेशनल कोर्स में सत्र 2025-28 फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 19 जून, 2025 तक है। इच्छुक आवेदकों की सुविधा के लिए कॉलेज वेबसाइट पर चांसलर पोर्टल का लिंक उपलब्ध है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने बताया कि विद्या का अंतिम लक्ष्य चरित्र निर्माण होने के साथ कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस, रोटट्रैक्ट क्लब, आईकफ, जिओ क्लब, एम्पाईरियन क्लब, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, साइंस क्लब, इको टास्क फोर्स, ट्राइबल कल्चरल सोसाइटी, माइक्रो बायोलॉजिस्ट सोसाइटी, हिंदी साहित्य परिषद् जेवियर इकनोमिक सोसाइटी, जेवियर टेकबाइट सोसाइटी जैसे विभिन्न क्लब व समितियां समाज हित के कल्याण के लिए बनी हुई हैं।

## डीपीएस में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणात्मक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विवेकानंद सभागार में कक्षा 11 के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सफल शैक्षणिक एवं करियर यात्रा के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। मौके पर मुख्य अतिथि करियर काउंसलर विकास कुमार ने विषय-आधारित करियर योजना और लक्ष्य निर्धारण पर अपना विशेषज्ञ मार्गदर्शन साझा किया। शिक्षा जगत के बदलते परिदृश्य और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की गतिशील प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने छात्रों को प्रारंभ से ही तैयारी करने की सलाह दी। कार्यक्रम में एक व्यक्तिगत स्पर्श जोड़ते हुए, विभिन्न प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल हुए विद्यार्थियों ने वड्र्स ऑफ विजडम नामक खंड में अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने डीपीएस रांची में बिताए अपने सफर को याद करते हुए स्कूल की सशक्त मार्गदर्शन प्रणाली, शैक्षणिक परिवेश और प्रेरणादायक माहौल को अपनी सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों और अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, निरंतरता और सकारात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को जानकारीपूर्ण निर्णय लेने और अपने अध्ययन पथ की जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया।

## गाय बचेगी तो देश बचेगा : श्रीकांत शर्मा



**रांची।** अग्रसेन भवन के सभागार में श्रीमद्भागवत कथा के पाचवें दिन मंगलवार को मुख्य यजमान श्रीमति लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया संग परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत व ब्यास पूजन किया गया। कथा के मुख्य सार को बताते हुए श्रीकांत महाराज कहते हैं ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होगा उतना ही बढ़ेगा। सांसारिक धन खर्च करने पर काम होता है, लेकिन ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होता है, उतना ही बढ़ता जाता है। सांसारिक धन भी सद् कार्यों में इस्तेमाल किया जाये तो वह बढ़ता है। धन के साथ भक्ति होनी जरूरी है, क्योंकि भक्ति रहित धन विनाश की ओर ले जाता है। कोई व्यक्ति जवान हो और उसके पास काफी धन हो, लेकिन उसे सत्सग नहीं मिले तो वह बिगड़ जाएगा, यह मानी हुई बात है। दुनिया के अन्य कामों में भी हो सकता है, लेकिन ईश्वर का नाम लेने पर लाभ होता है, इसलिए भगवान का नाम जपते रहना चाहिए। सही अर्थों में धनवान वही है, जो धन से समाज और राष्ट्र की सेवा करता है। व्यास जी ने कहा कि गोधन को सबसे श्रेष्ठ कहा गया है। गाय जितना देती है उतना कोई भी नहीं दे सकता है। नंद बाबा के यहां नौ लाख गायें थीं। जब उन्होंने पुत्र होने की खबर सुनी तो दो लाख गायें दान कर दी। भारत ऋषि और कृषि प्रधान देश है। जब तक गाये हैं तब तक भारत है। गाय नहीं रहेगी तो भारत भी नहीं रहेगा। गायों के खत्म होने पर यह देश भी खत्म हो जाएगा। कथा श्रवण करने वालों में ओमप्रकाश केडिया, निरंजन केडिया, अजय केडिया, संजय केडिया, निर्मल बुधिया, प्रमोद सारस्वत, राजेश गोयल सहित काफी संख्या में लोगों ने कथा श्रवण किया। मीडिया प्रभारी प्रमोद सास्वत ने बताया कि बुधवार को कथा दोपहर 3:00 बजे से 7:00 बजे तक होगी।

## भवन निर्माण सचिव से मिला सचिवालय सेवा संघ का डेलिगेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की नवगठित कार्यकारिणी ने संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार के नेतृत्व में भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल से मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर संघ के महासचिव राजेश कुमार, पप्पू कुमार एवं रजनीश शुक्ल भी उपस्थित थे। भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री राजकमल ने नवगठित कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही सचिवालय में कार्यरत सेवा संघ के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सचिवालय सेवा के सदस्य शासन-प्रशासन के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सचिव श्री राजकमल ने संघ को आश्वस्त किया कि वे सेवा संघ के सदस्यों के हितों के संरक्षण एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपने स्तर से हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे। संघ की ओर से सचिव के आत्मीय व्यवहार एवं सकारात्मक सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार प्रकट किया गया।

## प्रतीक ऑटो मोबाइल महिंद्रा शोरूम में ग्राहकों का हंगामा

- **ग्राहक को लाखों रुपये जमा करने के बाद भी न गाड़ी मिली और न पैसा वापस हुआ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित प्रतीक ऑटो मोबाइल महिंद्रा शोरुम में मंगलवार को ग्राहकों ने शोरुम के अंदर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। ग्राहकों का आरोप है कि उन्होंने लाखों रुपये देकर गाड़ियों की बुकिंग कराई, लेकिन महीनों बाद भी ना तो गाड़ी मिली और ना ही पैसे वापस किये गये। वहीं कुछ लोगों ने ये भी कहा है कि उन्हें फर्जी नंबर प्लेट और नकली रिसीविंग थमाई गई है। इस दौरान ग्राहकों के द्वारा शोरूम के अंदर आग लगाने का प्रयास भी किया गया। इस मामले में शोरूम के मैनेजर द्वारा अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**क्या है मामला :** प्रतीक ऑटोमोबाइल्स के खिलाफ ग्राहकों ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने कहा कि लाखों रुपये जमा करने के बावजूद न उन्हें गाड़ी दी गई और न ही उनकी जमा राशि लौटाई गई। इसको लेकर पीड़ितों ने पहले 20 मई को एसएसपी रांची को ज्ञापन सौंपा था, परंतु जब वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे गुरुवार को रातू थाना पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों में तुको बेड़ो निवासी जफर इकबाल, पिर्रा हेहल रोड निवासी प्रकाश कुमार और टेंडर टोंगरीटोला निवासी बालेश्वर महतो शामिल हैं। इन सभी ने शोरूम में क्रमशः 3.40 लाख, 3.79 लाख और 3.46 लाख की राशि जमा की थी। सभी ने जमा राशि की रसीद भी प्रस्तुत की है। कई अन्य ग्राहकों ने बताया कि उन्हें गाड़ी दिए बिना ही उनके बैंक खातों से ईएमआई की कटौती शुरू हो गई है। सभी बैंक संबंधित दस्तावेज लेकर पहुंचे थे।

इधर, प्रतीक ऑटोमोबाइल का कहना है कि कंपनी प्रशासन को जांच में मदद कर रही है। कंपनी के पास जितना पैसा जमा किया गया है, वह कंपनी दे रही है। बाकी जो पैसा कर्मचारी को सीधे तौर पर दिया गया है। उसमें कंपनी भी प्रशासन की मदद ले रही है।

## मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद



**रांची।** मध्यस्थता केन्द्र में मंगलवार को आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन परिवार न्यायालयों से कुल 47 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 29 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो

## जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करहूं गुरुदेव की नाहीं

- **श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 158वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 158वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करहूं गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। राजेश सिंह, शशि सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया, उपमंत्री अनिल नारनौली सहित अन्य लोग मौजूद थे। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## भाषा विवाद का निदान और स्कॉलरशिप दिलाने की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले भाजपा नेता

# नीलकंठ, अमर बाउरी, भानु प्रताप शाही की राज्यपाल से फरियाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार से मंगलवार को प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भेंट की। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, भानु प्रताप शाही, अमर कुमार बाउरी और पूर्व विधायक अमित मंडल ने भी उनसे जेटेट परीक्षा के लिए उठे भाषा विवाद का निदान कराने में मदद मांगी। वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स को लंबे समय से स्कॉलरशिप का लाभ राज्य सरकार से नहीं दिए जाने की भी शिकायत की। राज्यपाल से मिलने के बाद सभी नेताओं ने राजभवन से बाहर मीडिया को इससे संबंधित जानकारी दी।

नीलकंठ ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की मातृभाषा मुंडारी थी। वर्तमान सरकार ने जेटेट परीक्षा से खूंटी जिले से इस भाषा को हटा दिया है। यह भगवान बिरसा सहित खूंटी के लाखों स्टूडेंट्स का भी अपमान है। छात्र हित में जेटेट की परीक्षा में मुंडारी को भी जोड़ा जाए। राज्यपाल से इसके लिए पहल करने का आग्रह किया गया है।

भानु प्रताप शाही के मुताबिक, पिछले एक साल से बीएड सहित अन्य प्रोफेशनल कोर्स में अध्ययनरत स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए स्टूडेंट्स शासन- प्रशासन के सामने कई बार गुहार लगा चुके हैं, पर कोई लाभ नहीं हो रहा।

अमित मंडल के मुताबिक, भाषा के नाम पर राज्य की जनता को सरकार लड़वा रही है। हेमंत सरकार की मंशा बेरोजगारों को नौकरी देने की नहीं है। यह अबुआ सरकार नहीं, बबुआ सरकार है। भाषाओं को हटाकर युवाओं के भविष्य से सरकार खिलवाड़ कर रही है। झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है। झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया, खूंटी से मुंडारी, पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना किए हटाया गया।

भानू ने कहा कि भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाना सही नहीं है। जब कुरमाली को हटाया गया तो जेकेएलएम चुप रहा? इसका मतलब साफ है कि इनका आंदोलन सिर्फ चुनावी लाभ और महागठबंधन को मदद पहुंचाने का माध्यम था। जेटेट 2025 में भी भाषा के आधार पर अन्याय हुआ था। पहले जब भाजपा की सरकार थी, तब मिथिलेश ठाकुर और सांसद निशिकांत दुबे के प्रयास से भोजपुरी क्षेत्रीय भाषा में जोड़ी गई थी, लेकिन आज फिर उसे हटाकर युवाओं के साथ अन्याय किया गया।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर और विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने भी अंगिका को जोड़ने की बात लिखित रूप से कही थी, पर कैबिनेट ने इसे अनसुना किया। यदि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया। सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके।

## टूल रूम में 30 सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित

- **सफलता के लिए स्किल डेवलपमेंट जरूरी : डॉ अशोक कुमार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** किसी भी करियर में निरंतर प्रगति और व्यक्तिगत रूप से सफल होने के लिए लगातार सीखते रहना होगा। पहले बुनियादी कौशल अर्जित करें, फिर समय के साथ उन्हें अपग्रेड करने और नई चुनौतियों के लिए स्वयं को उसमें ढालने की आवश्यकता है।

उक्त बातें एमिटी यूनिवर्सिटी रांची के कुलपति डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, रांची में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम का आयोजन उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित ब्यूटीशियन और मोटरसाइकिल रिपेयर एंड मेंटेनेंस कोर्स के 30 सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र वितरण के लिए किया गया। इस अवसर पर टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने संस्थान में संचालित कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रमों और छात्रों की उपलब्धियों की जानकारी दी और सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी। डॉ. मयंक मुरारी ने उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा सी.एस.आर. के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और छात्रों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दीं। आर. के. दत्ता ने टूल रूम द्वारा संचालित कोर्सेज को आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का संचालन मंगल टोप्पो (ट्रेनिंग इंचार्ज) द्वारा किया गया, जबकि समापन भाषण टूल रूम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में में पूर्णेन्दु पंकज, कृष्णा कुमार एवं सूची रुबी सहित टूल रूम की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महादानी मैदान बेड़ो में धारा 163 लागू

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सशस्त्र बलों के साथ तैनात

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** भूमि विवाद को लेकर उत्पन्न तनाव व विवाद को लेकर संभावित अप्रिय घटना पर नियंत्रण, शांति तथा विधि व्यवस्था के मद्देनजर बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान के 100 मीटर के परिधि में मंगलवार की सुबह से बीएन एस एस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार द्वारा जारी निषेधाज्ञा के बाद मैदान और आसपास के इलाकों में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया। जिससे किसी भी तरह की संभावित अप्रिय घटना को रोका जा सके। ज्ञात हो कि कुछ धार्मिक संगठनों ने मंगलवार को महादानी मैदान बेड़ो में महाजुटान और घेराबंदी कार्यक्रम का आह्वान किया था। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर यह कार्रवाई की है।



महादानी मैदान बेड़ो में शांति व विधि व्यवस्था को लेकर सशस्त्र बलों के साथ तैनात प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी।

निषेधाज्ञा लागू होने के बाद मंगलवार की सुबह से ही महादानी मैदान और उससे सटे इलाकों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। चप्पे-चप्पे पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया। हर आने-जाने वालों पर पुलिस की पैनी निगाह थी। किसी भी व्यक्ति को मैदान में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं मौके पर सीओ प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, डीएसपी अशोक कुमार राम समेत कई प्रशासनिक अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे थे।

**शांति बनाए रखने की अपील**

प्रशासनिक अधिकारियों ने आम लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महादानी मैदान और आसपास के क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के चलते किसी भी संगठन के लोग मैदान तक नहीं पहुंच पाए।

### क्या है पूरा मामला?

महादानी मैदान की भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाल ही में इस विवाद ने तूल पकड़ लिया था जब पिछले महीने इसी मैदान में जुटी भीड़ ने बेड़ो थाना पर हमला कर दिया था। उस घटना को देखते हुए इस बार प्रशासन कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहता है। एसडीओ उत्कर्ष कुमार द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निषेधाज्ञा के दौरान महादानी मैदान के 100 मीटर की परिधि में पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने, किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन करने और किसी भी तरह के अस्त्र शस्त्र लेकर चलने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। यह निषेधाज्ञा 17 जून से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी।

## रातू के मुरगू में मारपीट, एक घायल

- नामजद प्राथमिकी दर्ज
- पुलिस कर रही है जांच

**रातू।** थाना क्षेत्र के मुरगू में मंगलवार को दिन के करीब साढ़े तीन बजे मारपीट में 48 वर्षीय शत्रुघ्न लोहरा घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज कराया जा रहा है। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में गांव के ही सुरेश लोहरा का पुत्र अभिषेक लोहरा के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, शत्रुघ्न घर जा रहा था। इस दौरान अभिषेक उसे अकारण मां-बहन की गाली देने लगा। इतना ही नहीं उसने उसका सिर फोड़ दिया। नाक और आंख में भी चोटें आयी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## सीएचसी में दिव्यांग जांच शिविर आयोजित

- 70 का स्वास्थ्य परीक्षण
- मिली चिकित्सीय सलाह

**रातू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सदर अस्पताल की ओर से दिव्यांग जांच शिविर आयोजित का किया गया। इसमें 70 का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दी गयी। चिकित्सकों ने रोगियों के नाक, कान, गला, आंख व हड्डी से जुड़े रोगों की जांच की। कई मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गयी। केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने बताया कि जिन दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है, उनको लगभग एक सप्ताह में ऑनलाइन सर्टिफिकेट दिये जायेंगे। मौके पर डॉ विजय बाखला, डॉ प्रिया, डॉ अंशु, बीपीएम वैशाली कृष्णा, अभिषेक तिवारी, बतिया देवी, अमित कुमार, कल्याण कुमार, प्रकाश कुमार व सुसरेन मिंज समेत सहिया व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## टेंडर बगीचा में जानलेवा हमला दो जख्मी

- सोमवार सुबह की घटना
- पुलिस कर रही है जांच

**रातू।** थाना क्षेत्र के टेंडर बगीचा में सोमवार की सुबह साढ़े दस बजे स्व अरुण साहू का पुत्र जयकुमार उर्फ गोलू व अर्जुन कुमार उर्फ छोटू ने तिलता निवासी प्रदीप साहू के पुत्र कृष और अमन को लोहे के रॉड से कर जख्मी कर दिया। इससे दोनों के सिर, गर्दन, आंख, हाथ व सीने में गंभीर चोटें आयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी पिता की ओर से रातू थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक, प्रदीप साहू टेंडर स्थित रहने वाले अपने भाई के घर गये थे। लौटने के दौरान देखा कि आरोपी उनके पुत्रों को मारपीट कर रहे हैं। वह दौड़कर वहां पहुंचे और दोनों को बचाने का प्रयास किया। लेकिन, उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गयी। इसमें उन्हें भी मामूली चोटें आयी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही है।

## बीएसएनएल एक्सचेंज से 4 लाख के उपकरण चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** थाना के चील टोली स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज से सोमवार रात चोरो ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बीएसएनएल एसडीओ प्रत्यूष पाठक ने मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उनके अनुसार चोर एक्सचेंज में घुसकरग चार लाख रुपये मूल्य का ट्रांसमिशन इक्विपमेंट्स के काड्र्स और कॉपर केबल और अन्य उपकरण चुरा ले गए।यह घटना तब घटित हुई जब एक्सचेंज परिसर में कोई सुरक्षा व्यवस्था मौजूद नहीं थी। मांडर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन चल रही है जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में आएंगे और मांडर की जनता को भय मुक्त वातावरण दिया जाएगा। इससे पहले चीलटोली में पिछले छह महीनों में चोरी और ठगी की कई घटनाएं घट चुकी हैं। पत्रकार के घर में दो बार चोरी, और हाल ही में एक मकान से करीब दस लाखके सामान की चोरी, इन सबने मिलकर स्थानीय नागरिकों को भयभीत कर दिया है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में शराब के अवैध अड्डे खुलेआम चल रहे हैं और यहीं से अपराध की योजनाएं बनती हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि स्थानीय स्कूल की चारदीवारी तक शराबियों का अड्डा बन चुकी है। स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि अगर पुलिस ने रात्रि गश्ती नहीं बढ़ाई और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक नहीं लगाई, तो मांडर जल्द ही अपराध का गढ़ बन जाएगा।

## पोल्ट्री फार्म की गंदगी और दुर्गंध से लोग परेशान

**सिल्ली/मुरी।** मुरी मुक्तिधाम के नजदीक पोल्ट्री फार्म दुकानों द्वारा मुर्गा काटकर उनके कचरे को प्लास्टिक में भरकर फेक दिया जाता है जिससे उस रास्ते से आने जाने वाले लोगों को गंदगी से दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। लोग सुबह-सुबह टहलने के लिए यह रास्ता से आना-जाना करते हैं मगर दुर्गंध के चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है वहीं लोगों का कहना है कि दुर्गंध के कारण बीमारी फैलने की आशंका बढ़ती है मगर प्रशासन की ओर से किसी तरह का पहल नहीं करना लोगों की सोच से परे बनी हुई है।

## सिल्ली कॉलेज शासी निकाय की बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ ने मंगलवार के दिन सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय की बैठक में शामिल हुए। निकाय की बैठक से पूर्व उन्होंने कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया।शासी निकाय की बैठक के दौरान सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉक्टर एमसी मेहता तथा प्रभारी डॉक्टर अनंत कुमार महतो के द्वारा केंद्रीय मंत्री को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत संजय सेठ के द्वारा कॉलेज के पूरे कैंपस के साथ कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं कॉलेज से संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात वे सिल्ली स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा बिरसा मुंडा आर्चरी के बच्चों से मिलकर उनका कुशलक्षेम पूछा और आर्चरी सेंटर को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। अंत में वे सिल्ली साहेब बांध का भी जायजा लिया।उन्होंने साहेब बांध का सौंदर्यीकरण की तैयारी के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का,भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजाराम महतो, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, पवन महतो, सृष्टिधर प्रजापति, मेघनाथ महतो, प्रकाश राम एवं शिशिर समेत दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भरता के लिए कुशलता आवश्यक: अशोक कु श्रीवास्तव




खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** वर्तमान दौर में आत्मनिर्भर होने के लिए कुशलता जरूरी है। कुशलता के लिए हमारे पास किसी भी क्षेत्र में विशेषज्ञता लेनी होगी। अगर हमारे पास हुनर नहीं है, तो हम जीवन में सफल नहीं हो सकते हैं। उक्त बातें अमेटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहीं। वह आज उषा मार्टिन द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए ब्यूटिशियन एवं मोटर सर्विसिंग की प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर दोनों विधाओं के 30 युवा और युवतियों को सफल प्रशिक्षण के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। उषा मार्टिन फॉउंडेशन एवं झारखंड मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में तीन माह का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मौके पर आरके दत्त ने कहा कि उषा मार्टिन के पहल पर जनकल्याण का लगातार कोर्स चल रहा है। ताकि ग्रामीणों को स्वरोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस अवसर पर उषा मार्टिन के सीएसआर हेड मयंक मुरारी ने कहा कि कंपनी के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द के 18 गावों में रोजगार सृजन के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये गये हैं। कार्यक्रम में प्लेसमेंट हेड मधुसूदन सिंह, आशुतोष मिश्रा, संगीता कुमार, मोनीत बूतकुमार के अलावा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## प्रखंड प्रशासन ने सोसो बिरहोर टोली में लगाया जनता दरबार

**राहे।** डीसी रांची के आदेशानुसार प्रखंड के आदिम जनजाति बिरहोर टोली सोसो में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बिरहोर टोली में 60 बिरहोर परिवार रहते हैं। प्रशासन ने हर परिवार के समस्याओं को जाना और तत्काल समाधान होने वाले समस्या को समाधान किया गया। बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि बिरहोर परिवार प्रखंड जाकर समस्या नहीं बता पाते है। प्रशासन इनके घर में पहुंच कर समस्याओं को जाना। इन परिवार को राशन की सुविधा, पेयजल, स्वास्थ्य,बिजली सड़क स्कूल आदि की स्थिति की जानकारी ली गई। आधारकार्ड अपडेट, बैंक केवाईसी,आदि समस्या को समाधान किए गया।



## 64वीं प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान पर आयोजित 64वीं प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न वर्ग के खिलाड़ियो के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। अंडर-15 बालक वर्ग में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातू ने राउमवि पैका को पेनाल्टी शूटआउट में 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं रामवि रेशम ने राउमवि राजाडेरा को 1-0 से पराजित किया। फाइनल में राउमवि हेसातू ने राउमवि गंगाघाट को 1-0 से हराकर जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। लिटिल चैंप (अंडर-12) बालक वर्ग में रामवि गेतलसूद ने रामवि रेशम को 4-1 से हराकर जिला स्तर के लिए चयनित हुआ। बालिका वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय अनगड़ा की टीम को कोई अन्य प्रतिद्वंदी नहीं मिलने के कारण सीधे जिला स्तर के लिए चुना लिया गया। अंडर-17 बालक वर्ग में राउमवि टाटीसिंगारी ने राउमवि गेतलसूद को 1-0 से हराया और जिला स्तर पर स्थान पक्का कर लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज तिर्की एवं पंचायत सचिव मो. सहजाद खान ने विजेता व उपविजेता टीमों के बीच पुरुस्कार का विवरण किए। आयोजन का सफल संचालन मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज तिर्की शारीरिक शिक्षक विवेक कुमार प्रदीप महतो, शिक्षिका रतनी तिर्की, तसिया नाग सहित शिक्षक नौशाद आलम, दीपक कच्छप, दिलीप कुमार, जयवीर महतो, अरविन्द महतो, भीम महतो, अजय महतो एवं दीलेश्वर महतो का सराहनीय योगदान रहा। रेफरी उमेश महतो, अर्जुन महतो व सुनील कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।


**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06 वर्ष 2025–26**
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 24.06.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 25.06.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :25.06.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लातेहार जिला अन्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में कृषि प्रक्षेत्र कीनामाड़ में कृषि यंत्र बैंक केन्द्र का CHC (Custom Hiring Center) निर्माण। | 19,47,800 | 39,000 | 5,000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 355214 (Rural Development)25-26*D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा

शिक्षा का अधिकार

jepckoderma@yahoo.co.in
kodermassa@gmail.com

पिन कोड–825410

**विज्ञापन संख्या:–910 / 14.06.2025**
**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जिला–कोडरमा के रिक्त पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु आवश्यक सूचना**

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09/05/2025, पत्रांक 3545 दिनांक 14.09.2023, पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 तथा सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 2835 दिनांक 03.11.2022 के आलोक कोडरमा जिला में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी के रिक्त पदों के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30 जून 2025 के अपराहन 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl No | Name of Post | Vacancy | Roster UR | BC-I | BC-II | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 8 | 3 | 2 | 0 | 3 | 0 | 8 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा कोडरमा के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा Collectriate Building, Ranchi Patna Road, Koderma - 825410 में अनिवार्य रूप से दिनांक 30 जून 2025 के अपराहन 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। साधारण डाक एवं हाथों–हाथ भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. चयन हेतु वांछित अर्हता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र० | पदनाम | वांछित अर्हता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. शैक्षणिक अर्हता –i. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, एवं 3 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अर्हता अनिवार्य है। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थी को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. प्रशैक्षणिक अर्हता – मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता अनिवार्य होगा। 3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा JTET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू 15840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिशत की वृद्धि देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. शैक्षणिक अर्हता– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी. कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता। 2. तकनीकि अर्हता– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता। 3. कार्य अनुभव– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली सॉफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। 4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू 9900/– प्रतिमाह देय होगी। 2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जायेगा। 3. 03 वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किये जाने के पश्चात नियत मानदेय में एकबारगी 50 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जायेगा। 4. प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगी। |

4. चयन संबंधी दिशा-निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं–
i कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 64वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में निम्न प्रकार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी–
1. झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्/समग्र शिक्षा/सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/साक्षर भारत/महिला समाख्या इत्यादि में कार्य करने का अनुभव रखती हों।
2. उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को इस प्रकार की छूट प्रदान की जायेगी–
(क) वैसे अभ्यर्थी जो 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें शैक्षणिक अर्हता में न्यूनतम 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।
(ख) वैसे अभ्यर्थी जितने वर्ष उपरोक्त संस्थान में कार्य किये हो उन्हें प्रत्येक वर्ष के लिए 01 अतिरिक्त अंक देय होगा। इसके लिए उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ–साथ वेतन/मानदेय के रूप में प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

5. आयु सीमा–
i चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।
ii कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकतम उम्र सीमा निम्नवत होगी :–

| Sl | Category | Maximum age Limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Female) | 40 |
| 3 | Person with bench mark disability (PWBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
iv. उम्र की गणना दिनांक 01.06.2025 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2025 के अपराहन 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन–825410 के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। साधारण डाक, हाथों–हाथ एवं अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।
8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–
i. 23 x 10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा।
ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।
iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।
v. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
9. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।
10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा।
11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, समग्र शिक्षा, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।
12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफे के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम, विद्यालय का नाम (KGBV) एवं कोटि अंकित करना होगा, अन्यथा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 355272 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

## नियमों की अनदेखी

ब्रिटेन अगर सवाल करेगा कि जब दुर्घटनाओं पर आपका बस नहीं है तो फिर उड़ान के नियम, कानून, सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन ये सब क्या दिखावे के लिए भारत में बने हैं। जब आपको कोई जिम्मेदारी लेनी ही नहीं है तो फिर मंत्रालय का गठन भी क्यों किया गया है, क्या केवल इसलिए कि मंत्रालय बताए कि सरकारी उड़ान सेवाओं में घाटा है और इस तरह सभी चीजों का निजीकरण कर दिया जाए। लगभग सारे विमानतल और बंदरगाह अडानी समूह के हवाले हो ही चुके हैं, जो थोड़ी बहुत सरकारी संपत्ति और प्रतिष्ठान बचे हैं, उन्हें भी अपने लोगों में बांटने का सिलसिला चल ही रहा है। पहाड़, खदानें, जंगल, तालाब, रेल, हवाई क्षेत्र, समुद्री इलाके सब व्यापारियों के हवाले कर दिया जाए तो फिर सरकार क्या केवल तस्वीर खिंचाने के लिए बनाई गई है, यह सवाल अब देशवासियों को उठाना होगा। इधर अनाप-शनाप खबरों को ट्रेंड करवा कर जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। इस बेकार के इल्जाम पर अब तुर्की की कंपनी ने स्पष्टीकरण जारी किया है कि टर्किश टेक्निक ने कभी भी एअर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का रखरखाव नहीं किया। टर्किश टेक्निक का एअर इंडिया के साथ रखरखाव समझौता है, लेकिन यह बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान तक ही सीमित है और बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को कवर नहीं करता है। बहुत से लोग इस हादसे में कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं कि ये विमान कांग्रेस सरकार के वक्त खरीदा गया था और तब ऐसे कई घोटाले हुए थे। अगर ऐसा है तो भी 11 सालों में मोदी सरकार ने ऐसे घोटालों और पुराने विमानों की जांच क्यों नहीं की। यह सही है कि विमान कांग्रेस के काल में खरीदा गया था लेकिन उसकी जांच विगत 11 साल से क्यों नहीं की गयी यह एक आश्चर्य और दुखद मसला है।




**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला :** शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*



फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com



R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## पवन ऊर्जा क्षेत्र और तीन प्रमुख चुनौतियां

**देश** में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति में पवन ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। इस दिशा में मोदी सरकार पूरी ईमानदारी से प्रयासरत है। सरकार मानती है कि इस क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं। इनसे पार पाने के बाद ही स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता है। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊजार्मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 15 जून को बेंगलुरु में वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिए तीन चुनौतियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले, हमें 24 घंटे बिजली और ग्रिड स्थिरता प्रदान करने के लिए पवन को सौर और भंडारण (बीईएसएस) के साथ जोड़ना होगा। दूसरा, शुल्क प्रतिस्पर्धी होना चाहिए। 3.90 रुपये प्रति यूनिट की दर बहुत अधिक है। हमें लागत कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तीसरा, घरेलू विनिर्माण को और अधिक कुशल बनना होगा। साथ ही अपने लक्ष्यों को पूरा करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहन भी देना होगा।

वैश्विक पवन ऊर्जा दिवस पर आयोजित सम्मेलन के संदर्भ में भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार के निरंतर नीतिगत समर्थन से पवन ऊर्जा क्षेत्र ने पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के प्राधिकरणों, डिस्कॉम, सीपीएसयू, पवन उद्योग, शिक्षाविदों, प्रमुख विचारकों, प्रमुख हितधारकों आदि की भागीदारी से देश में पवन ऊर्जा विकास की प्रगति सहित प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में पवन स्वतंत्र विद्युत उत्पादक संघ (डब्ल्यूआईपीपीए), भारतीय पवन टरबाइन निमार्ता संघ (आईडब्ल्यूटीएमए) और भारतीय पवन ऊर्जा संघ (आईडब्ल्यूपीए) का भी सहयोग रहा। केंद्रीयमंत्री जोशी ने कार्यक्रम में मौजूद हितधारकों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि पवन ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए भारत की रणनीति के केंद्र में है। जोशी ने कहा कि वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के लिए भारत को ऊर्जा की अधिक आवश्यकता है, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, पवन ऊर्जा हो या ऊर्जा का कोई अन्य स्वरूप हो।





-मुकुंद

> भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है।

कार्यक्रम में जोशी ने यह कहकर चिंता कम की कि भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य महत्वाकांक्षी और स्पष्ट हैं। वर्ष 2030 तक हमारी बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से होगा। वर्ष 2070 तक भारत शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बन जाएगा। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के में पवन ऊर्जा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। पवन ऊर्जा अक्षय ऊर्जा रणनीति का घटक नहीं है, लेकिन यह इसके दिल में है और आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 'विनिर्माण के लिए अक्षय ऊर्जा और घरेलू खपत के लिए पारंपरिक ऊर्जा' का एक दृष्टिकोण दिया है। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण अक्षय ऊर्जा उत्पादन, भंडारण और उपयोग के महत्व पर बल देता है, ताकि जब भारत निकट भविष्य में वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन जाए, तो वह अक्षय ऊर्जा स्रोतों के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में सक्षम हो सके।

जोशी ने कहा कि भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इसकी विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पवन ऊर्जा स्थापित क्षमता है और यह तीसरा सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा उत्पादक है। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि भारत 10 वर्ष में अक्षय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा, लेकिन आज यह एक वास्तविकता है। सरकार इस क्षेत्र को पूरी गंभीरता से सहायता प्रदान कर रही है। इस वर्ष अक्षय ऊर्जा बजट में 53 प्रतिशत यानी 26,549 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इसमें से एक बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा को दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग की ओर संक्रमण अपरिहार्य है। राज्यों को इस संक्रमण का नेतृत्व करना चाहिए। भूमि की उपलब्धता और पारेषण में देरी को दूर करना होगा। यह संकोच का समय नहीं है, यह कार्यान्वयन का समय है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत 225 किलोवाट से लेकर 5.2 मेगावाट तक की क्षमता वाले पवन टर्बाइनों का निर्माण कर रहा है। इसमें 14 कंपनियां 33 मॉडल तैयार कर रही हैं। यह टर्बाइन हमारी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और वैश्विक स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी भी हैं। जोशी का मानना है कि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा क्षमता का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रयास की आवश्यकता होगी। इसलिए हम पांच प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इसके तहत मध्य प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा जैसे नए राज्यों में विस्तार किया जाएगा। गुजरात और तमिलनाडु में चार गीगावाट के लीजिंग क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। भंडारण से जुड़े व्यावसायिक मॉडलों के माध्यम से चौबीसों घंटे चलने वाली और दृढ़ हरित ऊर्जा रणनीतियों में पवन ऊर्जा को एकीकृत किया जाएगा। ग्रिड का आधुनिकीकरण किया जाएगा। परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा के प्रबंधन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-आधारित पूवार्नुमान में निवेश किया जाएगा। पूरी पवन ऊर्जा मूल्य शृंखला में स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन समय की जरूरत है। जोशी ने कार्यक्रम में पवन ऊर्जा रूपरेखा और विनिर्माण कार्ययोजना पर रिपोर्ट भी जारी की। इस रिपोर्ट में मजबूत और आत्मनिर्भर पवन ऊर्जा इको सिस्टम पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने सुखद यह है कि कर्नाटक 1331.48 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता वृद्धि के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद तमिलनाडु (1136.37 मेगावाट) और गुजरात (954.76 मेगावाट) का स्थान है। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### आशातीत सफलता

**प्रयागराज** महाकुंभ के आशातीत सफल समापन पर विचार प्रकट करने वाला था। महाकुंभ में संगम में लगभग 66 करोड़ देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सनातनी परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं का कुंभ पर्व पर एकत्रित होना सामाजिक, आध्यात्मिक एकता समरसता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल शासन प्रशासन व्यवस्था से महाकुंभ को सफल बनाया उल्लेखनीय है।

**-अनिल कौशिक,रांची**

#### जेनेरिक दवाइयां को बढ़ावा

**ब्रांडेड** दवाइयां महंगी होती हैं, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। जेनेरिक दवाएं, जो उसी साल्ट से बनती हैं, 10 से 20 गुना सस्ती होती हैं और इन्हें सरकारी योजनाओं में बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयों का प्रयोग के लिए बढ़ावा देना चाहिए। जिससे गरीबों को राहत मिले।

**– श्यामलाल सिंह, गढ़वा**

### ट्वीट

**भारत** आज सिर्फ.सीमाओं की रक्षा नहीं कर रहा, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था खड़ी कर रहा है, जो हमें सामरिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से मजबूत बना रही है।

पहले हम रक्षा उपकरणों के लिए पूरी तरह से विदेशों पर निर्भर थे, लेकिन आज भारत डिफेंस के मामले में बड़ी तेजी से 'आत्मनिर्भर' बन रहा है।

**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

अमर शहीद बुद्धु नोनिया जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आह्वान पर नमक सत्याग्रह में सहभागिता की।अंग्रेजों ने उन्हें खौलते नमक के कड़ाह में डाल दिया, लेकिन वे झुके नहीं। उनके मुंह से आखिरी शब्द निकला - भारत माता की जय,

**– शिवराज सिंह चौहान**

## थमती भाषाएं, चुप राज्य—जनजातीय अस्मिता का संकट



**हेमंत अहीर**

समाज

**झारखंड** की सांस्कृतिक बनावट जितनी प्राचीन है, उतनी ही विविध और जीवंत भी। कुड़ुख, मुंडारी, खोरठा, नागपुरी, पंचपरगनिया, संताली, हो, कुरमाली और खड़िया जैसी भाषाएं न केवल संवाद के माध्यम हैं, बल्कि एक समृद्ध परंपरा, विचारधारा और पहचान की वाहक हैं। किंतु आज इन भाषाओं का अस्तित्व खतरे में है—और यह संकट केवल भाषिक नहीं, सांस्कृतिक और शैक्षिक है।

जहाँ नई शिक्षा नीति मातृभाषाओं और जनजातीय भाषाओं के संवर्धन की बात करती है, वहीं झारखंड में इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में गंभीर उदासीनता दिखाई दे रही है। प्रदेश के दस विश्वविद्यालयों में से केवल छह में ही इन भाषाओं का पठन-पाठन संचालित हो रहा है, वह भी अपर्याप्त संसाधनों और शिक्षकों की कमी के बीच। दशकों से सेवा दे रहे प्रोफेसर रिटायर हो रहे हैं, पर उनकी जगहों पर नई नियुक्तियां नहीं हो रही। ₹नीड बेस्ड₹ शिक्षकों की नियुक्ति ने अस्थायी रूप से इस शून्य को भरने की कोशिश की है, किंतु इन शिक्षकों को आज भी संस्थागत स्थायित्व का अधिकार नहीं मिला। यह शासन की एक ऐसी खामोशी है जो धीरे-धीरे इन विभागों के अस्तित्व को निगल रही है।



स्थिति इस कदर बिगड़ चुकी है कि नेट और जेआरएफ जैसी योग्यता रखने वाले छात्र वर्षों तक मार्गदर्शन के अभाव में शोध कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे। यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं है, बल्कि युवा प्रतिभाओं के आत्मविश्वास और संभावनाओं की हानि है।

इसके दूरगामी परिणाम केवल अकादमिक नहीं होंगे। जनजातीय पर्व–सरहुल, करम, टुसू–जो इन भाषाओं के विद्यार्थियों की कोशिशों से अब भी विश्वविद्यालय परिसरों में जीवित हैं, उनकी सामाजिक स्वीकृति भी धीरे-धीरे क्षीण हो रही है। जब अन्य विषयों के शिक्षक इन्हें ह्लनाच-गानह्व कहकर खारिज करते हैं, तब यह न केवल अनुचित है, बल्कि समावेशी शिक्षा के मूल उद्देश्य का मखौल भी है।

यह क्षण आत्मनिरीक्षण का है– राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को मिलकर यह ठोस आश्वासन देना होगा कि झारखंड की भाषाएं केवल अतीत नहीं हैं, वे इसका जीवंत वर्तमान और भविष्य भी हैं।

हमारी चुप्पी यदि जारी रही, तो आने वाली पीढ़ियां हमसे पूछेंगी – किस मूल्य पर हमने अपनी पहचान खो दी?

**(जनजातीय एवं क्षेत्रिय भाषा विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची)**

## योग से मस्तिष्क के दोनों गोलार्ध एक साथ विकसित होते हैं

**- स्वामी मुक्तरथ**

अध्यक्ष, सत्यानन्द योग मिशन राँची

योग

आज दिनांक 17.06.2025, मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गाँधीनगर, राँची में प्राचार्य प्रदीप झा के विशेष आमंत्रण पर विद्यालय परिसर में बृहत योग कक्षा का संचालन स्वामी मुक्तरथ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य श्री झा ने बच्चों को योग के समग्र रूपों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारिरिक व्यायाम नहीं है ,यह विद्या पूरी तरह से वैज्ञानिक है जो मनुष्य के चित्त के गंदगी को हटाता है और प्रकाश को दिखाता है। महर्षि पातञ्जलि का यह सूत्र बताता है- योगश्चित्त वृत्ति निरोधः। योग से चित्तवृत्तियों का निरोध होता है,और निरोध होने से वास्तविक ज्ञान उजागर होता है। व्यक्ति का मन स्थिर होता है और प्रसन्नचित होता है। योग शरीर और मन दोनों को तनावरहित कर ध्यान के लिए मस्तिष्क को तैयार करता है। ध्यान में मन की स्थिरता के लिये योगासन और प्राणायाम की साधना करनी होती है ताकि शरीर घन्टों तक स्थिर और सुखद अवस्था में बनी रहे।

स्वामी मुक्तरथ योग के कई पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानव मस्तिष्क की संरचना और मस्तिष्क में सुषुप्त केंद्रों को जागृत करने के उपाय पर योग साधनाओं की जानकारी दिये। उन्होंने कहा मस्तिष्क के दोनों गोलार्द्ध का समान रूप से विकाश नही हो पाता है। किसी में दाहिना मस्तिष्क तो किसी में बायाँ मस्तिष्क असंतुलित रूप से क्रियाशील रहता है जिस कारण से हमारी एकाग्रता ठीक नही रहती है और बुद्धि के स्तर पर भी हम कमजोर रह जाते हैं। पर जिस व्यक्ति का समुचित रूप से मस्तिष्क के दोनों हिस्से विकसित होते हैं उसमें मेधा शक्ति,बौद्धिक शक्ति,आत्मिक शक्ति सभी तेज होते हैं।



इसके लिए खास रूप से जीवन के प्रथम चरण में ही आसन,प्राणयाम,मुद्रा और ध्यान शुरू कर देना चाहिये।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है ₹ एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य यानि समस्त जीवों के स्वास्थ्य प्रबंधन का खयाल हमें रखना है। राँची के सभी डीएवी विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोड़-सोर से शुरू हो गई है। सत्यानन्द योग मिशन राजधानी में विभिन्न जगहों पर योग शिविर का संचालन कर रहा है। सीसीएल गाँधीनगर डीएवी में पाँच सौ विद्यार्थियों को स्वामी मुक्तरथ और इनके सहयोगी रोहित कुमार, केशव कुमार और सूरज कुमार ने वृक्षासन,ताड़ासन,त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन,कटिचालन, तितली आसन,शशांकासन, उष्ट्रासन,उत्तानकुर्मासन,उत्तानपादासन, सुप्तपवनमुक्तासन,सेतुबंध आसन, मकरासन,भुजंगासन,शलभासन तथा नाड़ीशोधन एवं भ्रामरी प्राणायाम को कराया गया।



## एक नज़र में

### अगर उजाला नहीं मिलेगा तो कोयला भी नहीं जाएगा: कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का तीखा अल्टीमेटम



**हजारीबाग।** मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने केंद्र सरकार और डीवीसी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस ज़िले से हर दिन हजारों टन कोयला देशभर के ताप संयंत्रों तक भेजा जाता है, उसी ज़िले की जनता अंधेरे में जीने को मजबूर है। गांवों में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, और अस्पताल जनरेटर पर चल रहे हैं। मुन्ना सिंह ने चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह के भीतर बिजली की आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ, तो जनता कोयले की आपूर्ति रोकने पर मजबूर होगी। उन्होंने इसे केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संरचनात्मक अन्याय बताया। शिक्षा के मुद्दे पर उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इंटरमीडिएट शिक्षा को सरकारी अंगीभूत कॉलेजों से हटाने के फैसले की कड़ी आलोचना की। यह निर्णय गरीब, ग्रामीण और विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा के दरवाजे बंद कर रहा है, उन्होंने कहा। के.बी. विमेन्स कॉलेज जैसी संस्थाओं पर नामांकन रोकने को उन्होंने शिक्षा संकुचन की संज्ञा दी और राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने कॉलेजों को दो पालियों में चलाने और नए महिला कॉलेज खोलने की भी अपील की। प्रेस वार्ता में कई कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### बरकागांव में निकली नशामुक्ति रैली, गूंजे जन-जागरूकता के नारे



**बरकागांव।** बरकागांव प्रखंड में मंगलवार को नशामुक्ति अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। रैली की शुरुआत बरकागांव थाना परिसर से हुई, जो मुख्य बाजार, विद्यालय और पंचायत भवन होते हुए आसपास के गांवों से होकर गुजरी। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, नशा मुक्त समाज, सुरक्षित समाज जैसे नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। हाथों में पोस्टर और बैनर लिए बच्चों और अधिकारियों ने समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज को भी इससे मुक्त करने में सहयोग करें। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा अपराध की जड़ है और इस जड़ से खत्म करने के लिए जनसहभागिता जरूरी है। इस रैली का उद्देश्य केवल एक दिन की जागरूकता नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक बदलाव की ओर बढ़ना है, जहां हर नागरिक नशे से दूर एक स्वस्थ जीवन जीए।

### तरंग ग्रुप की सांस्कृतिक पहल : फैशन के रंगों में खिली सोहराय कला



**हजारीबाग।** नगर भवन में रविवार को आयोजित हजारीबाग कलाकार महोत्सव 2025 में तरंग ग्रुप, हजारीबाग की ओर से एक अनोखी सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। इस बार फैशन शो की झलक कुछ खास थी—झारखंड की पारंपरिक सोहराय पेंटिंग, जिसे जीआई टैग प्राप्त है, को परिधानों और जूट बैग्स पर उकेर कर मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस अभिनव पहल के पीछे तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता का संकल्प है कि पारंपरिक कला को आधुनिक मंच पर लाया जाए और स्थानीय कलाकारों को इससे रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि सोहराय पेंटिंग को ट्रेंड में लाकर इसे राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाए। फैशन शो में युवा मॉडल्स जैसे समिक्षा तिवारी, अदिति शुक्ला, तनिष्क अंश, दीपिका साहू, हिमांशी प्रकृति, हरवंश सिंह और मिस ग्लोबल ट्राइबल क्वीन 2025 पूजा लकड़ा की विशेष उपस्थिति रही। बच्चों को मिस झारखंड विजेता अपराजिता तिवारी ने प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया और इस पहल को झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को आगे ले जाने वाला कदम बताया। तरंग ग्रुप पहले भी कोनार महोत्सव, सोहराय उत्सव और पेंट माय सिटी अभियान जैसे कार्यक्रमों के जरिए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन कर चुका है। यह प्रयास युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की एक सार्थक कोशिश है।

### बरही में खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

**बरही।** मंगलवार की सुबह बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बरसोत चौक एनएच–19 पर हुए भीषण सड़क हादसे ने लोगों को दहला दिया। एफसीआई गोदाम, हजारीबाग से चावल लेकर बरकट्ठा जा रहे ट्रक (संख्या खल02इइ 9252) में अचानक तकनीकी खराबी आ जाने से वह सड़क किनारे खड़ा था। चालक वाहन के नीचे उतर कर खराबी देख रहा था। उसी दौरान बरही की ओर से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रक (संख्या डब्लूबी23डीबी–9377) तेज गति में आकर खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खड़े ट्रक के नीचे खराबी देख रहे चालक के दोनों पैरों पर पहिया चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा ट्रक चालक स्टेयरिंग में फंस गया और बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को किसी तरह बाहर निकाला और प्रशासन को सूचना दी। मुखिया मोतीलाल चौधरी की सूचना पर बरही थाना पुलिस और एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को पहले बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया और वहां से उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना के एक घंटे बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता का बरही से गुजरने का कार्यक्रम था, जिसको लेकर पहले से ही पुलिस–प्रशासन हाई अलर्ट पर था।

### बरही से गुजरे सुप्रीम कोर्ट जस्टिस दीपांकर दत्ता, प्रशासन रहा हाई अलर्ट



**बरही।** मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के माननीय जस्टिस दीपांकर दत्ता का विशेष यात्रा के दौरान बरही सहित एनएच–19 पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक–चौबंद रही। वे बिहार के डोभी से झारखंड के धनबाद की ओर जा रहे थे, और इस दौरान उनका काफिला चौपारण, बरही, बरकट्ठा होते हुए बगोदर की ओर निकला। यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू हो चुकी थीं। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता में थे। उच्चस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में पायलट और स्कॉर्ट वाहन लगाए गए थे, ताकि यात्रा बिना किसी व्यवधान के पूरी हो सके। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बलों की तैनाती की गई थी। हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव और चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सहित कई वरीय अधिकारियों ने एक दिन पहले सोमवार को पूरे रूट का स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान पेट्रोलिंग प्वाइंट्स और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष व्यवस्था की गई। ट्रैफिक यूनिट को स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि आम जनता को परेशानी न हो, लेकिन सुरक्षा में कोई चूक न होने पाए। पूरे मार्ग पर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए थे, जो रीयल टाइम निगरानी में लगे थे। यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफल रही।

### कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में हुआ ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**कुजू।** ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करने से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें कौशल प्रदान करता है, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं या नौकरी पा सकती हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। उक्त बातें कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कही। श्री सिंह कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में जन शिक्षण संस्थान रामगढ़ के तहत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण के शुभारंभ में बतौर मुख्य अतिथि युवतियों व महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर आज के समय में किसी कारण से कोई बच्ची पढ़ने में पीछे रह गयी है तो, उनको इस तरह के प्रशिक्षण से आगे बढ़ने का मौका मिलता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इधर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल समाजसेवी सह जिले के वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि आज के समय में हर क्षेत्र में महिलाएं स्वावलंबी बनकर पुरुष से एक कदम आगे है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जन शिक्षण संस्थान रामगढ़ द्वारा जो कार्य किया जा रहा है काफी सराहनीय है। वहीं निदेशक आकाश शाह ने महिलाओं को संस्थान से मिलने वाले कई तरह के लाभ की जानकारी दी। साथ ही बताया कि उक्त प्रशिक्षण में 20 युवतियों को ब्यूटीशियन सिखाया जाएगा। वही प्रशिक्षक शहनाज खातून के द्वारा क्षेत्र की बेरोजगार युवतियों को जागरूक करते हुए प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की गयी। मौके पर संस्थान के इंचार्ज रोहित शाह, रवि प्रकाश, फील्ड कोऑर्डिनेटर द्विवेश कुमार, समाजसेवी उमेश सिंह, प्रशिक्षिका शहनाज खातून, गुड़िया कुमारी, सीमा देवी, वर्षा कुमारी सिंह, सुनीता देवी, रिया कुमारी, अलका देवी, नीतू देवी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## 108 एम्बुलेंस कर्मियों की चेतावनी : अब आर-पार की जंग!

# 28 जून को होगा 'राजभवन घेराव'

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले को 108 एम्बुलेंस सेवा में जान जोखिम में डालकर दिन-रात मरीजों की ज़िंदगी बचाने वाले कर्मियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। अब ये कर्मी चुप नहीं बैठेंगे, 28 जून को राजधानी रांची स्थित राजभवन का घेराव कर सरकार को उसकी जिम्मेदारी याद दिलाई जाएगी। सालों से सेवाएं देने के बावजूद ये कर्मचारी न नियुक्ति पत्र के हकदार बने, न ईपीएफ, न ईएसआई, और न ही सुरक्षित भविष्य की कोई गारंटी। सम्मान फाउंडेशन, ज़िकित्जा हेल्थ केयर और एमरी ग्रीन हेल्थ सर्विसेज पर

- सरकार को झकझोरने को तैयार हैं ज़िंदगियां बचाने वाले

गंभीर आरोप लगाते हुए कर्मचारी संघ ने कहा कि अब हमारी चुप्पी नहीं, हमारी गूंज सुनी जाएगी। कर्मियों ने बताया कि जिले में कुल 26 एम्बुलेंस हैं, जिसमें 12 कबाड़ की हालत में हैं। बाकी 14 वाहनों की भी स्थिति सही नहीं है। ये वाहन जर्जर हालत में हैं, जिसके कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि खराब एम्बुलेंस को कागज पर 'ऑन रोड' दिखाकर कंपनियां सरकार से पैसा ले रही हैं, जबकि उन्हीं गाड़ियों में काम कर रहे कर्मियों की तनख्वाह काट दी जाती है। और अब तो हाल यह हो गया है कि अगर किसी दिन मरीज न मिले, तो कर्मचारियों की सैलरी तक काटी जाती है कि जैसे वे पेशेवर नहीं, बंधुआ मजदूर हों। यह लड़ाई अब सिर्फ वेतन की नहीं, यह लड़ाई है इज्जत की, अस्मिता की, और उस देशभक्ति की, जिसमें इन कर्मियों ने निष्ठा से ज़िंदगियां बचाई। 28 जून को झारखंड की सड़कों पर एक नई इमरजेंसी बजेगी–इस बार न मरीज के लिए, बल्कि सिस्टम की आत्मा को जगाने के लिए। सरकार अगर अब भी नहीं जागी, तो यह चिंगारी ज्वाला बन जाएगी।

### सांसद की पहल पर दिव्यांगजनों को मिला सहारा

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पिछले 02 मार्च 2025 को हजारीबाग के नगर भवन सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ( एलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एडिप योजना के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग जांच शिविर के चयनित लाभुकों के लिए मंगलवार को पुनः नि:शुल्क सहायता उपकरण वितरण शिविर का आयोजन कर उन्हें सहायक उपकरण भेंट किया गया। चयनित दो लाभुकों को 02 मोटराइज्ड ट्राई साईकिल, 09 व्हील चेयर सहित वॉकर, स्टिक, हियरिंग मशीन, नी ब्रेस, व्हील कमोड, एल.एस. बैट सहित कई सहायक उपकरण जरूरतमंद दिव्यागजनों के बीच वितरण किया गया।


**SALE OF OLD CAR**

| | |
|---|---|
| Registration No. | : JH-02V-8025 |
| Make | : SWIFT DZIRE VXI BS IV |
| Colour | : Silky Silver |
| Fuel | : Petrol |
| Vehicle Class | : LMV |
| Body Type | : Saloon |
| Seating Capacity | : 005 |
| Date of Mfr. | : June 2012 |
| Registration Date | : 27/06/2012 |
| Road Tax Paid Upto | : 15/06/2027 |
| Registration Validity | : 30/05/2027 |
| Insurance upto | : 29/05/2026 |
| PUC Valid upto | : 16/12/2025 |
| Condition | : Running Condition |

Interested person may visit upto 31.07.2025 and submit your quoted rate in sealed envelope by Registered / Speed post to:

Principal
Agrasen DAV Public School, Bharech Nagar Ramgarh (Jharkhand) -829117
Contact :8292734111


### ओल्ड एज होम और मूकबधिर विद्यालय में भाजपा नेत्री का स्नेहिल स्पर्श

# बुजुर्गों और बच्चों के चेहरे पर खिली मुस्कान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- आपका स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है : शेफाली गुप्ता

**हजारीबाग।** भाजपा नेत्री एवं ओम आरोहणम् संस्था की संस्थापिका शेफाली गुप्ता ने मंगलवार को एक भावनात्मक पहल करते हुए ओल्ड एज होम और मूकबधिर विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां रह रहे बुजुर्गों एवं विशेष बच्चों को जरूरत की सामग्रियां भेंट कीं और आम फल वितरण कर उनके साथ समय बिताया। ओल्ड एज होम में उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के बीच आत्मीयता से समय बिताया और हजारीबाग का प्रसिद्ध बर्रा-कचरी व्यंजन सभी के साथ साझा किया। इस दौरान बुजुर्गों की आंखों में खुशी और चेहरे पर मुस्कान देखकर शेफाली गुप्ता भी भावविभोर हो गईं। उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और कहा कि आपका स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। आपकी खुशी ही मेरी असली पूंजी है। इसके बाद उन्होंने मूकबधिर विद्यालय जाकर बच्चों के साथ अपनापन का नाता जोड़ा। बच्चों के मासूम चेहरे पर उभरी निश्छल मुस्कान ने सबका दिल जीत लिया।

उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए कहा, वरिष्ठ नागरिक और मूकबधिर बच्चे हमारे समाज का हिस्सा हैं। उनकी देखभाल और सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। यह पहल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव थी जो यह साबित करती है कि सेवा का असली रूप वही है जहां किसी की आंखें मुस्कुरा उठें।

### बरही में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आज से

बरही। प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों रानीचुआं और खोड़ाहार पंचायतों में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। खोड़ाहार पंचायत में 18 जून और रानीचुआं पंचायत में 19 जून को यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री आदिवासी समावेशन मिशन के तहत हजारीबाग जिले के 76 आदिवासी बहुल गांवों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय के समग्र विकास और उन्हें सरकारी योजनाओं से शत–प्रतिशत लाभ दिलाना है। बीडीओ ने स्थानीय विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों से शिविर में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है। शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, जल–नल योजना समेत विभिन्न सरकारी सेवाओं से पात्र परिवारों को जोड़ा जाएगा। शिविर की समुचित व्यवस्था के लिए खोड़ाहार पंचायत में पंचायत सचिव जितेन्द्र साहू और रानीचुआं पंचायत में सरोज कुमार को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

# रामगढ़ में चरमराई विद्युत व्यवस्था में शीघ्र सुधार किया जाए : अरूण सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ में इन दिनों विद्युत आपूति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जिससे नाराज वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को इसमें सुधार किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में वर्तमान में कब लाइन कट जाए इसका भरोसा नहीं है। कहा कि विद्युत व्यवस्था के चरमराने से किसानों को खेती में, छात्रों में पढ़ाई में परेशानी होने के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि झारखंड सरकार डीवीसी से बिजली लेकर सप्लाई करती है। बताया कि रामगढ़ जिले में लगभग 20 स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत सप्लाई की जाती है। बताया कि जिन स्थानों में डीवीसी से डायरेक्ट विद्युत की सप्लाई होती है वहां आपूर्ति में कभी कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती है। वहीं, जब झारखंड सरकार डीवीसी से जेबीएनएल के माध्यम से विद्युत लेकर राज्य में सप्लाई करती है तो उसमें हमेशा व्यवधान उत्पन्न होता रहता है। श्री सिन्हा ने बताया कि डीवीसी के द्वारा पश्चिम बंगाल में भी विद्युत सप्लाई किया जाता है लेकिन वहां सप्लाई में कभी हल्का सा भी व्यवधान उत्पन्न होता है तो वहां के लोग अंदोलन के लिए तुरंत डीवीसी के कार्यालय पहुंच जाते हैं। जिस कारण डीवीसी वहां हमेशा विद्युत आपूर्ति को नियमित रखता है। डीवीसी द्वारा हजारीबाग, कोडरमा और रामगढ़ में विद्युत की सप्लाई की जाती है और इन तीनों जिलों में विद्युत आपूर्ति अनियमित है। कोई भरोसा नहीं रहता कि कब बिजली आएगी और कब कट जाएगी। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस उमस भरी गर्मी में तीन घंटे की लोड शेडिंग होने से लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। ऐसे में अनियमित विद्युत आपूर्ति में तत्काल सुधार किये जाने की जरूरत है। क्योंकि यदि स्थिति ऐसी ही रही तो रामगढ़ वासियों का आक्रोश विभाग के प्रति बढ़ता जाएगा।


**JHARKHAND EDUCATION PROJECT COUNCIL**
**DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND**
Old HEC High School, JSCA Stadium Road, Sector-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone No.- 0651-2444501, 2444502, Fax-0651-2444506, email: jepcranchi1@gmail.com

**Very Short Term Procurement Notice**

On behalf of DoSE&L, Govt. of Jharkhand, JEPC invites Separate Technical & Financial proposals from eligible and interested firms for Supply maintenance of approx.15 piece Laptop computers. Interested and eligible firms are requested to submit their proposal to our above mentioned office latest by **23.06.2025 at 02.00 PM**. All documents required for evaluation must be submitted in sealed envelops.

The details of the requirement can be seen at our website **https://jepc.jharkhand.gov.in** only.

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

Bid Ref. No. -MIS/06//08/2002/2242Date :17/06/2025
PR 355328 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–36 / 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, रांची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रांची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रांची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रांची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रांची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रांची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Barrack and Guard Room Building of Sales Tax Office, Government of Jharkhand, Ranchi | 4882700 | 96900 | 5000 | Three Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, रांची।

PR 355301 Building(25-26)D


### नीट 2025 की परीक्षा में सौंदा डी की सिया चौधरी ने लहराया परचम

- पहले प्रयास में हासिल की 5061वीं रैंक, आनंद मार्गी समाज ने जताया हर्ष, दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नीट 2025 की कठिन मेडिकल परीक्षा में सौंदा डी की बेटी सिया चौधरी ने पहले ही प्रयास में ऑल इंडिया 5061वीं रैंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे आनंद मार्गी समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि की खुशी में मंगलवार को भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित आनंद मार्ग आश्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आनंद मार्गी समुदाय के लोगों ने सिया को मिठाई खिलाकर और आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिया ने नीट परीक्षा में 498 अंक अर्जित किए हैं, जो उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन का प्रतिफल है। सिया चौधरी सौदा डी निवासी पूर्व पोस्ट मास्टर सुबोध कुमार चौधरी और अनिता चौधरी की सुपुत्री हैं। उनके दादा भोला प्रसाद चौधरी और दादी मंजू चौधरी ने इस सफलता पर अपार हर्ष जताते हुए कहा कि सिया ने पूरे आनंद मार्गी समाज का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस अवसर पर नारायण सेवा के अंतर्गत फल व मिठाइयों का वितरण किया गया और सभी ने ह्यपरमपिता बाबा की जयह्ल के जयघोष के साथ सिया के सुनहरे भविष्य की कामना की। सिया ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा रामगढ़ के संतना स्कूल से प्राप्त की और मैट्रिक में 96.7 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद डीएवी बरकाकाना से इंटरमीडिएट की परीक्षा 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। नीट जैसे राष्ट्रीय स्तर के कठिन परीक्षा में पहले प्रयास में सफलता पाकर सिया ने यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी सपना साकार किया जा सकता है। सिया की सफलता पर आनंद मार्गी समाज के जिला मुक्ति प्रधान सुनील अग्रवाल, जीएसटी प्रधान भोला प्रसाद चौधरी, सेवा दल प्रधान कृष्ण शर्मा, सचिव लक्ष्मण प्रजापति, सहायक सचिव सुरेश कुशवाहा, माधव प्रसाद, शकुंतला देवी, सुषमा देवी, उमेश प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील प्रसाद, गोपीचंद प्रसाद, रामचंद्र गोसाई, मंजू देवी, रिया कुमारी, अनीता शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# रजरप्पा क्षेत्र में योग बूट कैंप का शुभारंभ

- योग हमारे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने का एक प्रभावी साधन है : जीएम



**रजरप्पा।** रजरप्पा क्षेत्र में मंगलवार को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा योग बूट कैंप का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष शिविर 21 जून को आयोजित होने वाले योग संगम के लिए माहौल और मानसिक तैयारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। बूट कैंप प्रतिदिन एक से डेढ़ घंटे के लिए आयोजित होगा और यह 20 जून तक चलेगा।

इस योग बूट कैंप का उद्घाटन कल्याणजी प्रसाद, महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र के दौरान आशीष झा, क्षेत्रीय कल्याण पदाधिकारी तथा सुबोध चौधरी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने कहा कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में योग हमारे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने का एक प्रभावी साधन है। इस बूट कैंप में रजरप्पा परियोजना कॉलोनी के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पतंजलि परिवार के कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्र में सरल योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां सिखाई जा रही हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को योग संगम का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा।


**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रांची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/23/2025-26 दिनांक–16 / 06 / 2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा रांची में स्थित कमरा सं0 223, 224A, 225, 240, 243, 246, 247, 249, 309, 314, 315, 319, 322, 324, 340, 345, 346, 416, 429, 431, 435, 437, 443, 445 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,30,281=00 | 5,000=00 | 35,000=00 | 35 दिन |
| II | पुराने जेल चौक, रांची स्थित पूर्व मुख्य मंत्री के आवास, गार्ड रूम, मिटिंग रूम, स्टोर रूम एवं सोलर पैनल रूम में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 11,20,639=00 | 2,500=00 | 23,000=00 | 35 दिन |
| III | डोरण्डा, रांची स्थित न्यायाधीश आवास सं0 6 के परिसर स्थित बगीचा लाईट, गेट लाईट एवं परिसर लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य एवं स्टाफ क्वार्टर, पुलिस बैरक एवं सेड में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,98,370=00 | 2,500=00 | 26,000=00 | 35 दिन |
| IV | कांके रोड, रांची स्थित ज्यूडिशियल कमिश्नर आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,33,743=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 35 दिन |
| V | लोहरदगा स्थित सर्किट हाउस के आन्तरिक एवं बाहरी विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 16,16,344=00 | 5,000=00 | 33,000=00 | 35 दिन |
| VI | पलामू स्थित जज कॉलोनी के F ब्लॉक के E टाईप आवास सं0 F1, F2, F3, F4, F4 एवं F6 में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति का कार्य। | 17,28,946=00 | 5,000=00 | 35,000=00 | 35 दिन |
| VII | एफ0 एफ0पी0 भवन, धुर्वा रांची स्थित कमरा सं0 217 में 1 अदद 1.5 टन, एम0डी0आई0 भवन स्थित कमरा सं0 101, प्रोजेक्ट भवन धुर्वा रांची स्थित कमरा सं0 1, 115, 229, 237, 437 कैश रूम एवं 345, 416 (मुख्य मंत्री मिडिया एडवाईजर चैम्बर) में 11 अदद् एवं कमरा सं0 116 में 2 अदद् 2.0टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के अधिष्ठापन का कार्य। | 10,67,000=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 35 दिन |
| VIII | गढ़वा जज कॉलोनी स्थित पी0 डी0 जे0, फैमिली जज, सी0जे0एम0 आवास में केबल, पैनल एवं सोलर वायरिंग के बदलीकरण का कार्य। | 15,94,659=00 | 5,000=00 | 34,000=00 | 35 दिन |
| IX | दिनदयाल नगर, रांची स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय के आन्तरिक एवं बाहरी लाईट के विद्युत मरम्मति का कार्य। | 23,69,691=00 | 5,000=00 | 48,000=00 | 35 दिन |
| X | धुर्वा रांची स्थित आतंकवाद निरोधी दस्ता कार्यालय के प्रशासनि भवन एवं बैरक में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 31,44,403=00 | 5,000=00 | 63,000=00 | 42 दिन |
| XI | पुराने हाई कोर्ट भवन, डोरण्डा से नये हाई कोर्ट भवन, धुर्वा रांची के वातानुकूलित संयंत्र के स्थानान्तरण का कार्य। | 13,54,062=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 35 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.06.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 25.06.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 02.07.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 03.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्यूरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 / ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रांची

PR 355219 Energy(25-26).D

# महिला पंचायत प्रतिनिधियों के नेतृत्व से परिवर्तन की राहें



कविता

**ग्राम** पंचायत गांवों की बुनियादी इकाई होती है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत गांव में बसती है। भारत में 1993 में 73वें संविधान संशोधन के जरिए पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता मिली। महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया गया। झारखंड ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए महिलाओं के लिए 50% सीटे आरक्षित कर दी। आज झारखंड की महिला पंचायत प्रतिनिधि केवल जिला परिषद पंचायत समिति ग्राम पंचायत में अध्यक्ष प्रमुख मुखिया वार्ड सदस्य बनी है। उन्होंने केवल अपने गांव नहीं बल्कि पूरे पंचायत के विकास, नेतृत्व और सामाजिक बदलाव की प्रेरणा का प्रतीक बनकर बदलाव सुनिश्चित किया है।

पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी एक ऐतिहासिक कदम रही है। खासकर झारखंड जैसे राज्य में जहां सामाजिक संरचना पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान रही है वहां महिलाओं का पंचायत में सक्रिय होना एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। झारखंड में विविध सांस्कृतिक, सामाजिक चुनौतियां मौजूद हैं। पंचायत में महिलाओं ने भागीदारी दिखाकर नई ऊर्जा,नई नेतृत्व ,क्षमता, निर्णय और भागीदारी दिखाई है। महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत में परिवर्तन की अग्रदूत बनकर नए दृष्टिकोण बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत को सशक्तिकरण का मंच भी प्रदान किया है।

आज झारखंड की कई महिला मुखिया ग्राम पंचायत सदस्य, पंचायत समिति की प्रमुख ,उप प्रमुख ,जिला अध्यक्ष बनी है। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की इन जनप्रतिनिधियों ने जल जंगल जमीन की रक्षा के साथ स्वच्छता शिक्षा स्वास्थ्य जल स्रोत आजीविका जैसे मुद्दों पर भी सक्रिय रूप से कार्य करने की भूमिका निभा रही है। उदाहरण स्वरूप हम देखें तो लोहरदगा जिले के महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूलों में शौचालय निर्माण और पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र की स्थापना को प्राथमिकता देकर पूरे गांव में सामाजिक बदलाव लाने की प्रेरणा बन गई है।




मुखिया बनने के बाद गढ़वा जिले की पंचायत प्रतिनिधि ने सबसे पहले गांव की जल समस्या को प्राथमिकता बनाई। जल स्रोतों पर जल प्रबंधन की योजना तैयार की। परिणाम स्वरुप जन सहभागिता से आज जल स्रोत में जल स्तर पर्याप्त बन गया है।

खूंटी जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में विलेज हेल्थ न्यूट्रिशन डे मना कर गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का टीकाकरण कराया जाता है। इन महिलाओं को उनके बेहतर पोषण परिवार नियोजन कार्यक्रम के साधनों संचारी रोगों से बचाव की जानकारी एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा दिए जाने से महिलाएं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रही है। इसी प्रकार पंचायत में महिला सभा के आयोजन से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के साथ मातृत्व लाभ की प्रोत्साहन राशि लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।साथ ही उन्हें संस्थागत प्रसव की ओर प्रोत्साहित करना एक सराहनीय एवं प्रशंसनीय कदम है।

महिला पंचायत प्रतिनिधि का प्रोत्साहन ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के क्रम में आयोजित बाल सभा ,महिला सभा में भी स्पष्ट है की बाल विवाह, घरेलू हिंसा ,जल संरक्षण, लड़कियों की स्कूलों से ड्रॉप आउट रोकने ,विद्यालय में सेनेटरी नैपकिन वितरण को बढ़ावा दिए जाने से सतत विकास लक्ष्य के उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर लागू करने तथा विभागीय समन्वय को बढ़ावा दिए जाने में महिला पंचायत प्रतिनिधि सक्रिय है। वे विभिन्न सरकारी विभागों के समन्वय एवं सामंजस्य से योजनाओं और संसाधनों का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग किए जाने और विकास के लक्षण को बेहतर सुमन में सुनिश्चित करने में सहयोग कर रही है। ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह में संगठित कर आजीविका संवर्धन प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन में दक्षता प्राप्त करने में महिला पंचायत प्रतिनिधि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण करने में मार्गदर्शन दे रही हैं। इस दिशा में उन्हें पंचायत का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी से योजनाओं के प्रभाव न केवल आंकड़ों में दिखते हैं बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी, आत्मविश्वास में वृद्धि जैसे सामाजिक बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं। इस परिवर्तन की दिशा में बढ़ने पर महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को कई पारिवारिक सामाजिक आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

परंतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने से उन्होंने इन बाधाओं को अवसर में भी बदलना सीखा है। इनमें कुछ स्वयं शिक्षित नहीं है। फिर भी निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण, सामुदायिक सहयोग और आत्म बल के जरिए अपनी पहचान बनाई है। आई इन जनप्रतिनिधियों की भूमिका को न केवल जाने सराहे बल्कि प्रोत्साहित भी करें। ताकि आगामी पंचायत के चुनाव में दूसरी महिलाएं भी इनसे प्रेरणा पाए और अपने पंचायत को संपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन में बदल दें। इस प्रकार न केवल झारखंड को बल्कि पूरे भारत को सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाने में हम सहयोग कर पाएंगे।

(कंसलटेंट नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पंचायती राज एंड रूरल डवलपमेंट)

## सफलता के लिए स्किल डेवलपमेंट जरूरी : डॉ अशोक कुमार




किसी भी करियर में निरंतर प्रगति ,और व्यक्तिगत रूप से सफल होने के लिए लगातार सीखते रहना होगा। पहले बुनियादी कौशल अर्जित करें, फिर समय के साथ उन्हें अपग्रेड करने और नई चुनौतियों के लिए स्वयं को उसमें ढालने की आवश्यकता है ।

उक्त बातें एमिटी यूनिवर्सिटी रांची के कुलपति डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, रांची में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम का आयोजन उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित ब्यूटीशियन और मोटरसाइकिल रिपेयर एंड मेंटेनेंस कोर्स के 30 सफल प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र वितरण के लिए किया गया ।

इस अवसर पर टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने संस्थान में संचालित कोर्स प्रशिक्षण कार्यक्रमों और छात्रों की उपलब्धियों की जानकारी दी और सभी उत्तीर्ण छात्रों को बधाई दी। डॉ. मयंक मुरारी ने उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा सी. एस. आर. के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और छात्रों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दीं। आर. के. दत्ता ने टूल रूम द्वारा संचालित कोर्सेज को आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम का संचालन मंगल टोप्पो (ट्रेनिंग इंचार्ज) द्वारा किया गया ,जबकि समापन भाषण टूल रूम के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी थी आशुतोष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में में थी पूर्णेन्दु पंकज कृष्णा कुमार एवं सूची रुबी सहित टूल रूम की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## गाय को माता क्यों कहा जाता है



अजयदीप बाधवा

प्रसिद्ध पुस्तक होमो सेपियंस के अनुसार वर्तमान मानव का इतिहास दो लाख साल पुराना है । मानव जाति ने हिमयुग, पाषाण युग आदि को झेल कर स्वयं को इतने वर्षों तक जीवित रखा । पर इन दो लाख सालों में मानव का जीवन स्वयं तक ही सीमित था । वह पशुओं सा ही जीता था । लगभग दस हजार वर्ष पूर्व खेती की खोज हुई। इस खेती को बचाने के लिए मानव ने घर बनाया, गांव बसाया और परिवार की अवधारणा बनायी । इसी युग में मानव ने अपने अनुभव से पाया कि सूर्य, वायु, जल आदि के बिना जीवन असंभव है और इसी कारण हर प्राचीन सभ्यता में इन्हें देवता माना गया । इसी क्रम में गाय का स्थान भी आया । मानव ने देखा कि गोवंश के बिना खेती बहुत कठिन है । हल के आविष्कार के बाद गोवंश की आवश्यकता बहुत बढ़ गई क्योंकि हल को बैल खींचते हैं जिनका जन्म गाय से ही होता है । जब चक्कों का आविष्कार हुआ तो गाड़ी खींचने के लिए फिर बैल की आवश्यकता पड़ी और गौवंश के महत्व मानव की नजर में और भी बढ़ गया । आज भी विश्व के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बैल गाड़ी यातायात और समान ढोने के साधन के रूप में प्रयोग होती है । इसके बाद गाय के गोबर के प्रयोग से खेती की गुणवता और उत्पादकता में बहुत वृद्धि हुई और कृषि से जुड़े हर परिवार में गाय आ गई । विश्व का सबसे पुराना व्यवसाय कृषि है इस कारण हर घर में गाय पायी जाने लगी । और इन सबके साथ मानव को गाय का दूध का महत्व पता चला । दूध ना सिर्फ भूख मिटाता है बल्कि अनेक प्रकार के प्रोटीन और विटामिन का स्रोत भी है । बच्चों के लिए तो यह अमृत है । दूध का प्रयोग घर घर में होने लगा और जो दूध रूपी अमृत प्रदान करे, वह तो माता ही हो सकती है। इसी कारण दूध प्रदान करने वाली गाय को माँ के समकक्ष माना जाने लगा । और जिस प्रकार माता की हत्या किसी भी स्थिति में पाप है उसी प्रकार प्राचीन सभ्यता के लोग गोवंश की हत्या को भी पाप मानने लगे। । बाद में दूध के अन्य उत्पादों जैसे दही, पनीर, खोवा, लस्सी, छाछ, दूध निर्मित मिठाइयों आदि के बार में पता चला और मानव को गाय की बड़ती महता का पता चलता गया । विश्व की सारी प्राचीन सभ्यताओं में गाय का महत्व रहा। मनुष्य घर में गायों को पालते थे और उनकी सेवा करते थे क्योंकि पूरी मानव जाति का पालन और पोषण गाय पर ही टिक गया । यहाँ तक कि गाय की मृत्यु के बाद उसके चमड़े भी जूते, बैग आदि के बनाने के काम आने लगे । गौ मूत्र को भी अनेक औषधियों के निर्माण में प्रयोग किया जाने लगा जो कि करोड़ो मनुष्यों की अनेक बीमारियों से उनकी प्राण रक्षा में उपयोग आती है ।

विश्व के सर्वप्रथम लिखित ग्रन्थ, वेद, में भी गाय को परिवार के एक सदस्य के रूप में मान्यता दी गई । सबसे अच्छा दान गौदान माना गया । महर्षियों और पुजारियों को दक्षिणा के रूप में गाय देने का चलन रहा । असंख्य लोगों की जीवन यापन का साधन भी गोवंश प्राचीन काल से ही बन गया । भगवान कृष्ण की सारी लीला भी गोवंश के आसपास ही रही । भारतीय सभ्यता गाय को कामधेनु माना गया और इसके बिना जीवन चलाना असंभव माना गया । इसी कारण गाय को माता माना गया और प्राचीन सभ्यता को मानने वाले लोग आज भी गाय को माता मानने में विश्वास करते हैं । गाय को माता मान कर हम ईश्वर को धन्यवाद देते हैं कि अगर उसने हमें गाय नहीं दी होती तो मानव जीवन का संचालन असंभव हो जाता ।

(कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट, कर विशेषज्ञ)

## जेपीएससी इंटरव्यू में झारखंड के बारे में भी फोकस करना जरूरी

रानी राज

**(अंकेक्षक अधिकारी बिहार सरकार)**



**झारखंड पर करें फोकस**

झारखंड में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामने कौन सी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियाँ हैं?

ड्ट सरकार जनजातीय ज्ञान को सतत विकास नीतियों में कैसे एकीकृत कर सकती है?

झारखंड प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है?

आप झारखंड के प्रशासन में नौकरशाही की लालफीताशाही को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड में सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में डिप्टी कलेक्टर की भूमिका पर चर्चा करें।

आप झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा योजना के कार्यान्वयन को कैसे बेहतर बना सुनिश्चित करेंगे?

झारखंड की व्यवसाय करने में आसानी की रैंकिंग को बढ़ावा देने में जेएएस की भूमिका पर चर्चा करें।

जेएएस अधिकारियों के सामने आने वाली नैतिक चुनौतियों पर चर्चा करें और बताएं कि आप उनका समाधान कैसे करेंगे।

आप झारखंड पुलिस सेवा में क्यों शामिल होना चाहते हैं?

एक जेपीएस अधिकारी के रूप में आप नक्सल उग्रवाद को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

झारखंड में अपराध कम करने में सामुदायिक पुलिसिंग की भूमिका पर चर्चा करें।



सकते हैं?

झारखंड की प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

जेएएस अधिकारी सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार को कम करने में कैसे योगदान दे सकते हैं?

झारखंड औद्योगिक नीति (2016) के कार्यान्वयन में चुनौतियों पर चर्चा करें।

एक जेएएस अधिकारी के रूप में आप सीएनटी अधिनियम के तहत भूमि विवाद के मुद्दे को कैसे संबोधित करेंगे?

झारखंड में ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए आप क्या रणनीति अपनाएंगे?

झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में जेएएस अधिकारी सुशासन को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं?

झारखंड जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के कार्यान्वयन में जेएएस की भूमिका पर चर्चा करें।

आप विकास परियोजनाओं और जनजातीय भूमि अधिकारों के बीच संघर्ष को कैसे संभालेंगे?

झारखंड के सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आप क्या उपाय कर सकते हैं?

आप झारखंड में राज्य और केंद्रीय योजनाओं के बीच प्रभावी समन्वय कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं?

आप झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं?

झारखंड में अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए आप क्या रणनीति अपनाएंगे?

जेपीएस अधिकारी पुलिस और जनजातीय समुदायों के बीच विश्वास कैसे बढ़ा सकते हैं?

झारखंड के सुदूर एवं पहाड़ी क्षेत्रों में पुलिस व्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा करें।

झारखंड पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

झारखंड के किसी जिले में सांप्रदायिक दंगे की स्थिति से आप कैसे निपटेंगे?

जनजातीय समुदायों के लिए वन अधिकार अधिनियम को लागू करने में जेपीएस की भूमिका पर चर्चा करें।

झारखंड में पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी (जैसे सीसीटीवी, ड्रोन) का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

झारखंड में मानव तस्करी को रोकने के लिए आप क्या कदम उठाएंगे?

आप झारखंड के शहरी क्षेत्रों में साइबर अपराध की समस्या का समाधान कैसे करेंगे?

जेपीएस अधिकारियों के लिए शारीरिक फिटनेस के महत्व पर चर्चा करें।

## भविष्य बताने वाले, वर्तमान से बेखबर?


प्रियंका सौरभ

जब भी आपदा आती है भविष्य बांचने वाले ऑफलाइन मिलते हैं। कई तो यह तक दावा करते हैं कि उनका 'ऊपर वाले से सीधा संपर्क' है। ऐसे देववाचक भी हर बड़ी आपदा, दुर्घटना या संकट के समय चुप क्यों हो जाते हैं? यह बड़ा सवाल इसलिए है कि क्या उनका दिव्य नेटवर्क केवल चढ़ावे और चमत्कार तक सीमित है? सवाल यह भी है कि इनका नेटवर्क अचानक उस समय क्यों डाउन हो जाता है जब कोई भयंकर आपदा, ट्रेन हादसा, प्लेन क्रैश, या भूकंप आता है? तकनीक प्रौद्योगिकी का जमाना है तो सवाल उठना लाजिमी है कि क्या इनकी ज्योतिषीय सेटिंग में कोई सर्वर एरर आ जाता है? यह प्रश्न अब मजाक नहीं, बल्कि गंभीर सामाजिक विमर्श का विषय बन चुका है।

अब जब कोई गंभीर संकट आता है, तो सबसे पहले न्यूज चैनल, वैज्ञानिक एजेंसियां या रेस्क्यू टीमें सक्रिय होती हैं। मगर वह बाबा नजर नहीं आते जिनका दावा होता है कि वे भविष्य देख सकते हैं या ईश्वर से सीधी बातचीत कर सकते हैं। यह वही लोग हैं जो टीवी पर, मंचों पर और यूट्यूब लाइव में हजारों लोगों के सामने आंखें मूंदकर बड़े भावुक अंदाज में कहते हैं-₹बेटा, तेरा समय बदलने वाला है₹, ₹तू अगले जन्म में साधु बनेगा₹, या ₹तेरे कुल में बहुत बड़ा संत हुआ था₹। लेकिन जब देश के किसी कोने में कोई बच्चा बोरवेल में गिरता है, जब प्लेन क्रैश होता है, जब कोई महामारी फैलती है-तो ये भविष्यवक्ता नदारद होते हैं।

सवाल यह उठता है कि यदि इनके पास सचमुच कोई 'दिव्य दृष्टि' है तो वो सार्वजनिक हित में क्यों नहीं लगाई जाती? क्या इनकी चेतना सिर्फ 'प्रेम विवाह के उपाय', 'दुश्मन को वश में करने की विधि' या 'विदेश यात्रा कब होगी' जैसे प्रश्नों तक ही सीमित है? क्या ईश्वर से सीधा संपर्क रखने वाले लोगों की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वे देश, समाज और मानवता के हित में समय रहते चेतावनी दें?

हाल ही में एक वायरल टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी-₹इतने बड़े-बड़े भविष्य वक्ता, ऊपर वाले



से सीधा संपर्क... फिर भी किसी बड़े हादसे की खबर तक नहीं मिलती!₹ यह वाक्य जितना सरल है, उतना ही तीव्र और तर्कपूर्ण भी है। क्योंकि यह धार्मिक चमत्कारों की उस 'औद्योगिक प्रणाली' पर सवाल खड़ा करता है जो लोगों की भावनाओं को भुनाकर अरबों का कारोबार करती है।

आजकल हर गली-मोहल्ले में कोई न कोई ब्रांड है। किसी की टैगलाइन है ₹भाग्य बदलिए₹, तो कोई कहता है ₹समस्या का समाधान सिर्फ 7 दिन में₹। कुछ तो ऐसे हैं जो स्वयं को 'ईश्वर का अवतार' घोषित कर चुके हैं। लेकिन जब देश में कोई आपदा आती है, तो ये सब 'अवतार' अंडरग्राउंड हो जाते हैं। इनके आश्रमों में सन्नाटा छा जाता है और प्रवचन मंचों पर 'प्रेस नोट' चस्पा कर दिया जाता है-₹बाबा जी ध्यान साधना में हैं, कृपया किसी अन्य समय संपर्क करें।

विचार कीजिए, यदि ये लोग सचमुच संकट पूवानुमानित कर सकते हैं, तो क्यों नहीं एनडीआरएफ या प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से सूचित कर देते? क्यों नहीं आपदा प्रबंधन में इनका कोई उल्लेख होता है? कारण स्पष्ट है-इनकी 'भविष्यवाणी' एक मार्केटिंग उत्पाद है, एक प्रकार की 'भावनात्मक ज्योतिषीय फैंटेसी', जिसे धार्मिक आस्था की चादर में लपेटकर बेचा जा रहा है।

दुख की बात यह है कि यह लोग आमजन की पीड़ा और अज्ञान का लाभ उठाकर एक ऐसा मायाजाल बुनते हैं जिसमें न तर्क है, न पारदर्शिता। इनकी भविष्यवाणी 'जेनरिक' होती है-₹अगले 6 महीने बहुत चुनौतीपूर्ण होंगे₹, ₹देश में बड़ी घटना होने वाली है₹, ₹भूकंप या महामारी की संभावना है₹। अब जरा सोचिए, ये तो किसी भी समय पर लागू किया जा सकता है। यह 'वाटरप्रूफ' भविष्यवाणी होती है-गलत हुई तो कहा जाएगा 'तुम्हारी श्रद्धा कम थी', सही हुई तो 'देखा, बाबा ने पहले ही बताया था'!

टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह इनका बोलबाला है। इनके प्रवचन में भक्ति कम, ब्रांडिंग अधिक होती है। कोई यू-ट्यूब पर लाइव भविष्यवाणी करता है। कोई इंस्टाग्राम पर ध्यान सत्र लेता है। इनके पास एचडी कैमरे, माइक सेटअप, वीडियो एडिटर तो हैं पर जब देश को 'दिव्य चेतावनी' चाहिए होती है, तब इनका नेटवर्क फेल हो जाता है। यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहां विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक जरूरत है, वहां संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी ऐसे चमत्कारी की 'फेसबुक लाइव' पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक 'कॉरपोरेट माया' बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है।

भविष्यवाणी की आड़ में जो व्यावसायिक ढांचा खड़ा हुआ है, वह न केवल जन-संवेदनाओं से खिलवाड़ करता है, बल्कि आपदा के समय नागरिकों को दिग्भ्रमित भी करता है। जब किसी नदी में बाढ़ आती है, तो एनडीएमए और मौसम विज्ञान विभाग तो चेतावनी जारी करते हैं, लेकिन यह लोग चुप रहते हैं। जब ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तब न तो किसी ज्योतिषी का वीडियो वायरल होता है, न ही कोई 'भविष्यवक्ता' ग्रीन रूम से बाहर आता है।

सवाल यह भी है कि इनका 'सीधा संपर्क' किससे है? क्या वह संपर्क केवल उन्हीं दिनों काम करता है जब 'दस लाख का यज्ञ', 'एक करोड़ का चढ़ावा', या 'विशेष पूजा' आयोजित की जाती है? क्या ईश्वर को संपर्क में लाने के लिए भी 'डेटा पैक' रिचार्ज कराना पड़ता है? यह कटाक्ष नहीं, कटु सत्य है कि धार्मिक विश्वास अब एक टेलीकॉम योजना जैसा हो गया है– 'पैसा दो, नेटवर्क भरोसेमंद होगा'।

एक आम नागरिक के नजरिए से देखें, तो यह धोखा है। क्योंकि जब जनता किसी संकट में होती है, तब उसे सही, सटीक, और वैज्ञानिक जानकारी चाहिए होती है, न कि दाढ़ी वाले किसी स्वयंभू के प्रवचन। इस पूरे परिदृश्य में कुछ संतुलित, विद्वान और सच्चे अध्यात्मविद् अपवाद हो सकते हैं, जो वास्तव में समाज सेवा और आत्मकल्याण की बात करते हैं। लेकिन बहुसंख्यक मंचों पर जो चल रहा है।

स्पीड न्यूज

## नितिन गडकरी ने रखी ऑटोमोबाइल्स की नींव

**जमशेदपुर।** भारत के पहले विशेष ऑटोमोबाइल डिजाइन और प्रबंधन संस्थान इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स (आइएनडीइए) ने मंगलवार को एक्सएलआरआई दिल्ली-एनसीआर परिसर में आधारशिला समारोह के साथ एक ऐतिहासिक कदम उठाया। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने वर्चुअली आधारशिला का अनावरण कर इस दूरदर्शी पहल को अपना समर्थन प्रदान किया।

## मायुमं के शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी टाटानगर शाखा द्वारा मंगलवार को आयोजित हुए रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इसमें 132 लोग रक्तदान करने के लिए आये थे। शाखा अध्यक्ष अनंत मोहनका के नेतृत्व में साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में पांच युवा क्रमश: सक्षम पलसानिया, अक्षत गोयल और शिवानी अग्रवाल सहित अन्य दो पहली बार रक्तदान किया, जिन्होंने दूसरों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। इस अवसर पर विधायक सरयू राय भी शामिल हुए और रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया।

## पति का दोस्त बन महिला को ठगने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** 7 जून को प्रोफेशल्स फ्लैट कदमा निवासी प्रशांत डिंडा की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी से सारी ज्वेलरी ठगी कर भाग जाने वाले जयंत जायसवाल नामक ठग को कदमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी टीप का गठन किया गया। टीम के द्वारा पेशेवर तरीके से कार्य करते हुए तकनिकी एवं मानवीय आसूचना संकलन किया गया तथा उसका सत्यापन किया गया सत्यापन के पश्चात इस काण्ड में सलिम एक व्यक्ति जिसका नाम जयंत कुमार जयसवाल जब करीब 51 वर्ष पिला-राजेंद्र प्रसाद जयसका पता शिवम,अपार्टमेंट सुनाथपुर रोड़, जयग्रा थाना-बगुइहाती जिला-उत्तर 24 परगना प्रकाश में आया। टीम के द्वारा कोलकाता एवं आसखण्ड के कई जगहों पर इस व्यक्ति के छुपने के संभावित सभी विकानों पर छापेमारी की गयी । तत्पश्रात टीम द्वारा इस व्यक्ति को गिरिडीह में पकड़ा गया। तत्पश्चात काफी गहन पूछताछ के बाद इन्होने अपने अपराध को स्वीकार किया तथा बताये की जयंत कुमार जयसवाल पिछले 05 वर्षों से जमशेदपुर एवं राउरकेला जैसे औद्योगिक शहर में ठगी एवं लूट के अपराध में सक्रिय था। जयंत जायसवाल कंपनी के क्वार्टरों में दोपहर में घुसते थे जब कर्मचारी की पत्नी घर पर अकेले होती थी और फर्जी दोस्त हितैषी बनकर गलत जानकारी देकर जेवर एवं पैसे की ठगी कर करके भाग जाते थे। ठगी किये पैसे से अपना जीवन यापन करते थे एवं आईपीएल के सट्टेबाजी में पैसा लगाते थे।

## जिले के जर्जर तार व पोल बदले जेएसईबी

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिजली विभाग से संबंधित जनहित के मुद्दे को लेकर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जीएम विधुत विभाग से मिलकर 13+14 विषय से संबंधित मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष श्री दुबे ने प्रमुखता के साथ जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, प्रत्येक माह उपभोक्ता को बिजली बिल उपलब्ध कराने, केबुल तार से बिजली सप्लाई देने, विधुत कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने के विषय को उठाया। जिलाध्यक्ष ने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर, क्षेत्र में बार-बार लोडशेडिंग हो रहा है। जिस ऐजेंसी ने उक्त रखरखाव का कार्य किया है। उससे सुधार कराया जाए। इन क्षेत्र में बिजली के तार से पेड सटे है। जिससे वर्षांत में शार्ट-सर्किट होते है। जिस पर सुधार की जरूरत है। इन क्षेत्रों में बहुत से ट्रांसफार्मर में लोडशेडिंग की शिकायत है। जिससे ट्रांसफार्मर को अपग्रेड की जाए। बिलिंग ऐजेंसी के द्वारा बहुत से क्षेत्र में प्रतिमाह बिलिंग नही भेजा जाता है। जिससे उपभोक्ता को सरकार के द्वारा मिलने वाला लाभ नहीं मिलता है।

# छतिसगढ़ जू से ओरमांझी जैविक उद्यान पहुचा शेर व शेरनी

## जैविक उद्यान के शेर शशांक को मिला दोस्त शेर अभय व शेरनी सबरी का साथ


छतिसगढ़ जू से लाया गया शेर अभय बाड़े में।


छतिसगढ़ से आई शेरनी सबरी केज के पिंजरे में।


पत्रकारों को जानाकरी देते पीसीसीएफ व निदेशक।


जैविक उद्यान में बैलून से सजाया गया शेर का केज।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** चिड़ियाघर के जानवरों को आदान प्रदान योजना के तहत बिरसा जैविक उद्यान में दो शेर व दो मगरमच्छ लाया गया है। छतिसगढ़ के नंदनवन चिड़ियाघर एंव सफारी रायपुर से लगभग 14 वर्षीय एक शेर अभय व चार वर्षीय शेरनी सबरी के आगम को लेकर बिरसा जैविक उद्यान के शेर केज को फुल व बैलून से सजाया गया था। वहीं शेरों के आने के बाद जैविक उद्यान में अकेला हो गए शेर शशांक को दोस्त शेर अभय व शेरनी सबरी का साथ मिलेगा। इसके अलावे दो मगरमच्छ के बदले में जैविक उद्यान ओरमांझी से नंदनवन चिड़ियाघर छतिसगढ़ हिमालयन भालू, शाहील व घड़ियाल भेजा जाएगा। पत्रकारों को इसकी जानकारी देते हुए जैविक उद्यान के निदेशक जबर सिंह ने बताया पिछले कुछ महिनों में बाघ बिरू व बाघिन जया, शेरनी प्रियंका सहित जैविक उद्यान कई जानवर की वृद्ध होने के बाद मौत हो गई है। जैविक उद्यान पशासन भी इन जानवरों की कमी महसूस कर रही थी। आने वाले सैलानी व बच्चें जैविक उद्यान में आकर इन खतरनाक जानवारों को देख सके, इसके लिए शेरों को लाना जरूरी हो गया था। वहीं पीसीसीएफ (होप) अशोक कुमार व पीसीसीएफ (वन्यप्राणी) पारितोश उपाध्याय ने कहा बिरसा जैविक उद्यान प्राकृतिक चिड़ियांघर होने व बेहतर रख-रखाव के कारण यहां जानवरों को प्रजन्न के लिए बेहतर माहौल मिता हैं। वहीं सैलानी भी यहां की खुबशूरती व जानवरों की संख्या अधिक होने के कारण भ्रमण के लिए जैविक उद्यान आना पंसद करते हैं। मौके पर एसीएफ अशोक कुमार, पशु चिकित्सक डॉ. दिनेशक कुमार, वनक्षेत्र पदाधिकरी गायत्री देवी, राम बाबू, उद्यान के जीव विज्ञानी पार्थ मंडल, विवेकानंद कुमार व राकेष अवस्थी, शशि कुमार व वन्यकर्मी आदि उपस्थित थें।

### जंगल में होती है शेर की 14 वर्ष उम्र

उद्यान के निदेशक जबर सिंह ने बताया जैविक उद्यान में 91 विभिन्न प्रजातियों के 1500 जानवर हैं। सामन्यतः जगंलों में रहने वाले शेरों की उम्र 14-15 वर्ष ही होती है। वहीं 14 वर्ष के शेर को लाने के संबंध में उन्होने कहा जैविक उद्यान में बेहतर देख-भाल व आहार मिलने से शेर 20 वर्ष तक जींदा रह सकते हैं।

### 40 वर्ष में पहली बार हुआ

चिड़ियांघर में वृद्ध जानवरों की मौत व आदान प्रदान कर जानवरों को लाना सामन्य बात हैं, और बिरसा जैविक उद्यान में भी अक्सर जानवरों को आना-जाना लगा रहता है। लेकिन जैविक उद्यान में 40 वर्ष में पहली बार प्रेसवार्ता के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई। वहीं जानवरों को आने पर जैविक उद्यान को सजाया गया था। इसका उदेश्य नये आए जानवरों की जानकारी सैलानियों तक पहुंचाना बताया गया।

### जीराफ व जेबरा लाने का प्रयास है

बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में जल्द ही जीराफ व जेबरा लाया जाएगा। इसकी जानारी देते हुए निदेशक जबर सिंह ने बताया दोनो जानवरों को लाने के लिए उद्यान प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास कर रही है। उम्मीद जताया गया कि दोनो जानवर जल्द ही जैविक उद्यान का शोभा बढाने के लिए आ जाएगा।

# 14 से 18 वर्ष की किशोरियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**देश की आर्थिक विकास में किशोरियों को भी अवसर देना चाहती है भारत सरकार**


कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित पूर्व सासंद व अतिथि।


कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल व कालेज की छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी इंटर कालेज दरदाग ओरमांझी में 14 से 18 साल के किशोरियों को ग्रीन स्कील से जोड़कर उन्हे हुनरमंद बनाया जाएगा। इसके लिए सभी को जर्मन कॉपरेशन के सौजन्य से जीआईजेड संस्था द्वारा एक पखवारे तक प्रशिक्षण भी दी जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को काजेल के विवेकानंद सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर कालेज व स्कूल की छात्राओं को इसकी जानाकरी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने देश में बढ़ती उर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए उर्जा की वैकल्पिक स्रोतों पर काम करने को महत्वपूर्ण बताया। वहीं इसमें सिर्फ किशोरियों को रोजगार परख प्रशिक्षण देने की पहल की सरहाना भी किया। कहा किशोरियां भी राष्ट्र के आर्थिक प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही उन्होने मानव समुदाय के अस्तित्व के विकास लिए प्रकृति को दोहन को पर्यावरण की दृष्टि से खतरनाक बताया।

वहीं दिल्ली से किशोरियों को प्रशिक्षण देने पहुंचे बीआईजेड के मनमोहन सिंह चौहान बताया भारत सरकार की बाल विकास मंत्रालय से जूड़ कर विशव के 160 देशों में ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। भारत सरकार चाहती है कि देश की किशोरियों को भी देश व उसके खूद की आर्थिक विकास के लिए अवसर दिया जाए। बताया रेन्यूबल उर्जा के तहत बायो व सोलर उर्जा में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। कालेज के सचिव डॉ. पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ. भीम महतो, बीआईजेड के पीबी मित्रा, राजीव दास गुप्ता, प्रो शैलेन्द्र मिश्र, सेवानिवृत्त शिक्षक अब्दुल जब्बार अंसारी ने भी संबोधित किया। संचालन गफ्फार अंसारी व धन्यवाद ज्ञापन राजीव दास गुप्ता ने दी। कार्यक्रम में उपप्रचार्य योगेंद्र ठाकुर, इंटर कालेज के प्राचार्य ब्रजभुषण नीरज, एकबाल अंसारी, इमरान अंसारी, प्रेमनाथ मुंडा, धनीलाल महतो, रीता मुक्ता, रणजीत कुमार सिंह, रीता कुमारी, सालो कुमारी, सहित छात्राए उपस्थित थें।

## आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी : पारसनाथ



**अनगड़ा।** 22 जून को आजसू पार्टी का स्थापना दिवस को लेकर अनगड़ा डाक-बंगला में झारखंड आंदोलनकारी आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी के अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस को आजसू पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। राज्य स्तर पर हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में स्थापना दिवस मनाया जाएगा यह दिन झारखंड के वीर शहीदों को समर्पित होगा ।उन्होंने कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी एवं पार्टी के सभी सदस्य हजारों की संख्यां में दल बल के साथ शामिल होंगे इसको लेकर अनगड़ा प्रखंड की तैयारी बैठक सम्पन्न हुआ । इस मौके पर केंदीय सदस्य राजू नायक, जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा, महिला प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, महावीर महतो, किशुन महतो,संजय कुमार, ज्योतिष महतो, विपिन मुंडा, सरिता देवी, बिरसा हजाम, अनीता देवी, सुनीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने स्कूल का किया निरीक्षण



**सोनाहातू।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल का निरीक्षण मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस क्रम में स्कूल के क्लास रुम, प्रयोगशाला, पाकशाला, जिम, सहित साफ सफाई, खेल कूद से संबंधित चीजों का निरीक्षण किए। मंत्री ने पठन पाठन के विषय में पूछताछ किए। मैट्रिक और इंटर के परिणाम की जानकारी ली। इन्होंने स्कूल के विकास और प्रगति के हर संभव मदद करने के विश्वास दिलाए। इस दौरान स्कूल के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत ओर नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रबंधन के द्वारा रक्षा राज्य मंत्री को छात्राओं द्वारा बनाए गए पेंटिंग उपहार में दिए। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, केंद्रीय पुस्तकालय के सदस्य डॉ राजाराम महतो, दिलेश्वर कोइरी, सोनाहातू मंडल अध्यक्ष खगेश महतो, मेघनाथ महतो,सुनील कुमार साहू,पद्मोलोचन महतो, सिल्ली मंडल, अध्यक्ष अंबुज रजक, उमेशचंद्र महतो, वार्डन सरोजिनी टोप्पो,शशि बाड़ा,फूलमणि टोप्पो सहित स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।

## नहर का जिर्णोध्दार की मांग की

**सिल्ली।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जल पथ प्रमंडल अभियंता को पत्र लिख कर रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत स्थित किता सिंचाई नहर उरांवगाड़ा नदी में बियर बनाकर निकाली गई है। जिससे लोटा, किता, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, बड़कीटाड़ आदि दर्जनों गांव के किसानों के खेत में पानी पहुंचता है। वर्तमान में नहर काफी दुर्दशा में है। नहर कई जगह से टूटा हुआ है। नहर में घास, मिट्टी, झाड़ी भरा हुआ है। बिना सफाई किये बिना सफाई किये अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँच सकता है। ज्ञात हो सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा उक्त नहर का जिर्णोध्दार की मांग किया गया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अत: किसानों के हित में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर नहर का जिर्णोध्दार किया जाय। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति को दी है।

# टिनप्लेट स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 को मनेगा

- स्वामी गोरखनाथ सरस्वती होंगे आकर्षण का मुख्य केंद्र
- गुजराती सनातन समाज में योग शिविर 22 से 27 जून तक, पंजीयन से मिलेगा प्रवेश


स्वामी गोरखनाथ सरस्वती।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाटा स्टील एवं सत्यानंद योग केंद्र जमशेदपुर के सहयोग से टीनप्लेट स्पोर्ट्स कंपलेक्स गोलमुरी में 21 जून 2025 शनिवार को प्रातः 6:00 बजे योग समारोह का आयोजन कर रही है। जिसमें टीनप्लेट डिवीजन के अंतर्गत आनेवाले सभी विद्यालय के अतिरिक्त, टाटा मोटर्स, खास महल और बारीडीह के भी कुछ विद्यालयों से करीब 2000 विद्यार्थी एक साथ योग का प्रदर्शन करेंगे। सत्यानंद योग केंद्र के योग शिक्षक एक माह से इनको योग का अभ्यास कराया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीनप्लेट डिवीजन काफी दिन पूर्व इसकी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य मार्ग से स्पोर्ट्स कंपलेक्स तक होर्डिंग एवं बैनर से सजाया गया है। टाटा मोटर्स के अंतर्गत आने वाले सभी बच्चों को आने-जाने के लिए बस की सुविधा दी गयी है।

# कोल्हान के हर गांव पहुंचेगा आजसू : सुदेश महतो

- चांडिल में आजसू पार्टी की कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक


बैठक को संबोधित करते सुदेश महतो।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चांडिल/जमशेदपुर।** चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में सोमवार को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों- सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारी, संयोजक मंडली के सदस्यगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी अपनी स्थापना के मूल सिद्धांतों और संघर्षशील परंपराओं के साथ एक बार फिर जनहित के मुद्दों को लेकर मजबूत तेवर में लौटेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य जनता को उसका अधिकार दिलाना है, और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव तक जाकर लोगों से जुड़ना होगा।

सुदेश महतो ने यह भी घोषणा की कि आजसू पार्टी का स्थापना दिवस इस वर्ष 22 जून को 'बलिदान दिवस' के रूप में रांची में भव्य रूप से मनाया जाएगा। रांची के खेलगांव स्थित शहीद टाना भगत इंडोर स्टेडियम में हजारों की संख्या में कार्यकताओं का जुटान होगा। इस दिन पार्टी उन सभी संघर्षशील साथियों को याद करेगी, जिन्होंने अलग झारखंड आंदोलन और जनहित के लिए बलिदान दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य भर के कार्यकर्ताओं को रांची में जुटने का आह्वान किया गया है।

## अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष ग्राम कैम्प का आयोजन तिथिवार किया जाएगा

**खलारी।** जिला पंचायतीराज पदाधिकारी राँची के आदेशानुसार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढमू के पत्रांक के अनुसार अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष अभियान के तहत खलारी प्रखण्ड अंतर्गत अनुसूचित ग्रामों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मायापुर पंचायत के दुल्ली ग्राम में रा०म० विद्यालय, दुल्ली 18 जून,चुरी दक्षिणी अम्बाटोंगरी स्कुल में 20 जून,लपरा पंचायत सचिवालय, लपरा 21जून,हुटाप पंचायत सचिवालय में 23 जून,खलारी पंचायत सचिवालय में 25 जून,तमांग पंचायत कर करकट्टा लैम्पस भवन में 26 जून,मायापुर पंचायत सचिवालय में 28 जून को रखा गया।इस अभियान में तिथिवार के अनुसार कैम्प में सीएचओ, एएनएम,बीटीटी, सहिया एवं सहिया साथी का टीम होगा। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजातियों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड एवं अन्य कार्ड बनाना सहित अन्य कार्य किया जाएगा।

# अग्रवाल सम्मेलन ने किया नगीनों को सम्मानित

- पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल किये समाज के बच्चो को समाज के नगीने से किया सम्मानित, सम्मान पाकर बच्चे हुए गौरवान्वित


समारोह में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आज साकची स्थित रामगढ़िया क्लब में शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल किए समाज के बच्चो को समाज के सितारे से सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी के नेतृत्व में हुआ। सम्मेलन के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने बतलाया कि इस समारोह में उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं (सीबीएसई/आइसीएसई) की परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं, साथ ही 2025 में डॉक्टर, इंजीनियरिंग या अन्य प्रतिष्ठित डिग्रियाँ प्राप्त करने वाले समाज के युवा भी ₹समाज के नगीने₹ की उपाधि से नवाजा गया है।

सम्मेलन के महासचिव मंटू अग्रवाल ने जानकारी दी कि यह आयोजन स्वर्गीय रानी देवी चौधरी जी को समर्पित श्रद्धांजलि है, जिनके जीवन-मूल्य आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस गरिमामयी आयोजन को सरलाल ग्रुप द्वारा प्रायोजित किया गया था।

# 10 जुलाई को रामार्चा पूजा, 11 को रुद्राभिषेक और महाप्रसाद वितरण

- इस बार मिलानी हॉल में होगा महाप्रसाद वितरण
- बक्सर के कारीगर बनायेंगे हाथी कान पूड़ी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामार्चा पूजा का भव्य आयोजन किया रहा है। 10 जुलाई को रामार्चा पूजा और 11 जुलाई को रुद्राभिषेक के पश्चात महाप्रसाद का अयोजन होगा। इस बार महाप्रसाद वितरण बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में किया जायेगा। इस संबंध में विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर स्थित आवास पर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण आयोजित की गई। बैठक में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा और जदयू के मंडल अध्यक्ष तथा अन्य प्रमुख कार्यकर्तागण मौजूद थे। बैठक में रामार्चा पूजा तथा महाप्रसाद वितरण के संबंध में चर्चा हुई।

# समता युवा संघ ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर रेलवे से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर राज्यपाल का ध्यान आकर्षित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य संदीप नागपाल ने महामहिम को रांची में रेलवे जोनल कार्यालय खोले जाने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर रांची में जोनल कार्यालय स्थापित किया जाता है तो झारखंड के लोगों को रेलवे से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान मिल सकेगा। इसके साथ ही रांची से देहरादून के लिए सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की वर्षों पुरानी मांग को भी दोहराया गया। साथ ही रांची से पारसनाथ के लिए सीधी ट्रेन की मांग की गई और पारसनाथ को एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किए जाने का आग्रह किया गया। राज्यपाल श्री गंगवार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि वे संबंधित सांसदों एवं मंत्रियों से आग्रह करेंगे कि इस दिशा में आवश्यक पहल करें। उन्होंने सुझाव दिया कि समता युवा संघ रेलवे जोनल कार्यालय से संबंधित एक औपचारिक मांग पत्र राज्य प्रशासन और केंद्रीय मंत्रालय को भी भेजे ताकि इस पर उचित कार्यवाही हो सके। राज्यपाल ने यह भी कहा कि जिस प्रकार बिहार और कोलकाता में रेलवे के जोनल कार्यालय हैं, उसी प्रकार झारखंड की राजधानी रांची में भी जोनल कार्यालय होना न्यायोचित है। उन्होंने इससे जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी ली और सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान हाल ही में हुए एक हवाई दुर्घटना में 242 यात्रियों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त किया गया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अतिरिक्त राज्य की विधि-व्यवस्था एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर राकेश जैन, संदीप नागपाल, श्रीराम सिंह एवं राहुल शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री व अबुआ आवास की समीक्षा की



**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सचिवाल जयडीहा में बैठक कर प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास की समिक्षा की गई। बैठक में उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया ने जयडीहा गणेशपुर साहेर गुरगांई से पहुंचे आवास योजना के लाभुकों को योजना जल्द पूर्ण करने व जो निर्माण कार्य शुरू नही किए हैं उन्हे जल्द शुरू करने का आग्रह किया। वहीं लाभुकों ने जनाकरी दी कि सरकार द्वारा मिलने वाली वाली राशि लिल्टन लेवल तक कार्य करने के बावजूद खाते में पैसा भेजा नहीं जा रहा है। जिसके कारण आवास निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उपस्थित लोगों से इसपर बीडीओ से बात करने का आष्वासन दिया गया। वहीं उपस्थित लोगों को मनरेगा व सरकारी योजनाओं सहित, सरकार द्वारा मिलने वाली राशियों के संबंध में बताया गया। बैठक में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य कुलेष्वर करमाली, जगन्नाथ बेदिया, कामेश्वर बेदिया, अमरनाथ भोगता रमेश कुमार महतो व ग्रामीण उपस्थित थे।

# कार्यभार के कारण टेस्ट का कप्तान नहीं बना: बुमराह



एजेंसी

**लंदन।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट टीम की कप्तानी को लेकर चुप्पी तोड़ी है। बुमराह का कहना है कि उन्होंने आइपीएल के दौरान टेस्ट कप्तान बनने का भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का प्रस्ताव ठुकराया था। स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए बुमराह ने कहा कि वह अपने कार्यभार का प्रबंधन कर रहे हैं और लंबे समय तक खेलने के लिए उन्हें अधिक समझदार होने की जरूरत है।

**चोट की समस्या से जूझते रहे हैं बुमराह**

पिछले कुछ वर्षों से बुमराह चोट की समस्या से जूझते रहे हैं और उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें मैच से चोट के कारण बीच में ही हटना पड़ा था। चोटिल होने की वजह से ही बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं बन पाए थे जिसे भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था। बुमराह ने कहा कि बीसीसीआइ चाहता था कि वह रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम की कमान संभालें। बुमराह ने कहा, रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने से पहले आइपीएल के दौरान, मैंने बीसीसीआइ से बात की थी। मैंने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में आगे बढ़ने के लिए कार्यभार पर चर्चा की। मैंने उन लोगों से बात की है जो मेरी पीठ की समस्या देख रहे थे।हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा और सतर्क रहना होगा। फिर मैंने बीसीसीआइ को फोन किया कि मैं कप्तान की भूमिका के तौर पर नहीं देखा जाना चाहता क्योंकि मैं सभी टेस्ट मैच नहीं खेल पाऊंगा।

## हर्षित को कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया, पहले मैच के लिए लीड्स पहुंची टीम

एजेंसी

**लीड्स।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले तेज गेंदबाज हर्षित कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह टीम के अन्य सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे जहां भारत को 20 जून से पहला टेस्ट मैच खेलना है। हर्षित भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट में हिस्सा लिया था। हर्षित ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था, लेकिन उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ 18 सदस्यीय टीम में जगह नहीं दी गई थी। 23 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने भारत के लिए अब तक दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मुकाबला खेला है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सूत्र ने से कहा, हर्षित को कवर के तौर पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है और वह आज टीम के साथ लीड्स पहुंच गये हैं। हर्षित को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची है। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस सीरीज के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि केएल राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शार्दुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नीतीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे। ये सभी खिलाड़ियों इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के मैच का हिस्सा थे।



## आइसीसी रैंकिंग में मंधाना की धमाकेदार वापसी, बनीं नंबर वन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक बार फिर आइसीसी महिला वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया है। 28 वर्षीय मंधाना ने एक स्थान की छलांग लगाते हुए यह मुकाम दोबारा हासिल किया है। वह नवंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंची हैं। इस बार मंधाना के 727 रेटिंग अंक हैं, जबकि दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से मौजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वाड्र्ट और इंग्लैंड की नई कप्तान नैट सिवर-ब्रंट के पास 719 अंक हैं। वोल्वाड्र्ट को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती दो वनडे मैचों में केवल 27 और 28 रन बनाने का खामियाजा उठाना पड़ा, जिससे वह शीर्ष स्थान से फिसल गईं। वह पिछले छह महीनों से अधिक समय से नंबर 1 पर काबिज थीं। वोल्वाड्र्ट की टीम की खिलाड़ी टैजमिन ब्रिट्स ने पहले वनडे में अर्धशतक जमाकर रैंकिंग में 5 स्थान की छलांग लगाई है और अब वह 27वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की सुने लूस सूची में 7 स्थान की छलांग लगाकर 42वें स्थान पर पहुंच गयी। साथ ही, उन्होंने गेंदबाजों की सूची में भी 7 स्थान की बढ़त हासिल कर 42वें नंबर पर जगह बनाई। वेस्टइंडीज की ओपनर किआना जोसेफ रैंकिंग में 12 स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में वेस्टइंडीज की स्पिनर एफी फ्लेचर और दक्षिण अफ्रीका की नोंकुलुलेको म्लाबा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों ने दूसरे वनडे में 4-4 विकेट चटकाए और क्रमशः 4 और 6 स्थान की छलांग लगाकर 19वें और 23वें स्थान पर पहुंच गईं।



## गिल की कप्तानी में कोहली और रोहित की विशेषताएं: बटलर

**लंदन।** इंग्लैंड की सीमित ओवर टीम के पूर्व कप्तान जॉस बटलर ने कहा कि भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में विराट कोहली और रोहित शर्मा की विशेषाएं है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में शुभमन गिल की कप्तान में खेल चुके बटलर कहा कि गिल की कप्तानी में विराट कोहली की तरह आक्रामक और रोहित शर्मा की तरह शांत नेतृत्व का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि गिल अपने दो पूर्व कप्तानों की सर्वश्रेष्ठ विशेषताओं के साथ अपने तरीके से टीम की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा, वह वाकई एक प्रभावशाली युवा खिलाड़ी है। जब वह बोलता है तो बेहत शांत और संतुलित रहता है, लेकिन मुझे लगता है कि मैदान पर वह थोड़ा आक्रामक है, जहां उनमें थोड़ी तीव्रता और जुझारूपन है। वह कोहली और रोहित का मिश्रण है। उसने स्पष्ट रूप से उन दो लोगों से सीखा है, लेकिन वह बहुत हद तक स्वयं की पहचान बनाएगा।वह अपनी कप्तान और बल्लेबाजी को अलग-अलग तरीके से निभाने का प्रयास करेंगे और कुछ अच्छे लोगों का समर्थन भी प्राप्त करना होगा।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए हर तरह से फायदेमंद होगी : खडसे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है। महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खडसे ने विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खचीर्ले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा, ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा।खडसे ने कहा, 'खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।


## नजमुल, मुशफिकुर ने बांग्लादेश को संभाला

**गाले।** कप्तान नजमुल शांतो (नाबाद 136) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 105) की शतकीय पारियों की मदद से बांग्लादेश ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 292 रन बना मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। मंगलवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले टेस्ट मैच में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। असिता फर्नांडो ने अनामुल हक (शून्य) को आउट कर बंगलादेश को पहला झटका दिया।

## सबालेंका ने मांगी कोको गॉफ से माफी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आर्यना सबालेंका ने कोको गॉफ से पत्र लिखकर माफी मांगी है। उन्होंने इसकी जानकारी खुद दी। उन्होंने कहा कि फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है। यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7(5), 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा, 'यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था। मैंने अपनी भावनाओं को खुद पर हावी होने दिया। उस समय मैंने जो कुछ भी कहा उसके लिए मुझे बहुत खेद है। आप जानते हैं कि हम सभी गलतियां करते हैं। मैं भी एक इंसान हूं जो अब भी जीवन में सीख रहा है। मुझे लगता है कि हम सभी के पास ऐसे दिन होते हैं जब हम नियंत्रण खो देते हैं। लेकिन मैं यह भी कहना चाहती हूं कि मैंने कोको को बाद में लिखा था। तुरंत नहीं, लेकिन हाल ही में। सबालेंका ने 37 विनर्स लगाए थे लेकिन गॉफ की 30 सहज गलतियों की तुलना में 70 सहज गलतियां की।



## हंपी नें हरिका को हराया, बनाई एकल बढ़त

एजेंसी

**सेंट लुइस, यूएसए।** में चल रही दुनिया की सबसे मजबूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप केछठे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हंपी और हरिका द्रोणावल्ली के बीच मुकाबला हुआ। क्यूंकी दोनों सयुंक्त बढ़त पर चल रही थी यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण था और ऐसे में देश की नंबर एक खिलाड़ी और कोनेरु हम्पी का पडला देश की नंबर 2 खिलाड़ी हरिका पर भारी रहा और लगातार प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज करते हुए कोनेरु हंपी नें 6 राउंड के बाद 4.5 अंक बनाकर एकल बढ़त कायम कर ली है। इस जीत के साथ ही हंपी विश्व रैंकिंग में 2554 अंको पर पहुंच गयी है एक और जीत उन्हे विश्व नंबर 3 पर फिर से पहुंचा देगी फिलहाल वह चीन की लेई टिंगजे से ठीक पीछे चौंथे स्थान पर है। दोनों के बीच केटालन ओपनिंग में हुए इस मुकाबले में हंपी नें शानदार मध्य खेल और एंडगेम का प्रदर्शन किया और 76 चालों तक चले मुकाबले में पहले हाथी और फिर अपने वजीर के शानदार खेल से जीत दर्ज की। खैर यह दिन सिर्फ इसी मुकाबले के लिए परिणाम लाने वाला नहीं रहा, इस राउंड में खेले गए हर मुकाबले में परिणाम जीत और हार के तौर पर ही आया जिसनें टूर्नामेंट में एक नई जान फूंक दी है। अन्य परिणामों में यूएसए की यिप करिसा नें चीन की तान ज्होंगाई को पराजित किया तो कजाकिस्तान की असुबाएवा बीबीसारा नें यूएसए की ली ऐलिस को मात दी, पोलैंड की अलिना काशलिन्सक्या नें उक्रेन की मारिया मुजयचूक को मात दी जबकि जॉर्जिया की नाना दगनिडजे नें हमवतन नीनों बताश्विली को पराजित किया।



## सोफी वनडे से क्रिकेट से लेगी संन्यास

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान सोफी डिवाइन इस वर्ष के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय महिला विश्वकप के बाद क्रिकेट के इस प्रारुप से संन्यास लेंगी। डिवाइन न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनौपचारिक खेल समझौते के तहत टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगी। डिवाइन ने न्यूजीलैंड की 17 महिला खिलाड़ियों की अनुबंध सूची आने से एक दिन पहले एकदिवसीय मैच से संन्यास लेने की घोषणा की है।

## डी ए वी गांधीनगर में योग का प्रशिक्षण



**रांची।** डी ए वी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के दूसरे दिन मुंगेर के योगाचार्य स्वामी मुक्तरथ ने शिक्षकों एवं छात्रों को योग का प्रशिक्षण दिया। इसके अंतर्गत भ्रामरी, कपालभाति आदि यौगिक क्रियाओं के साथ मयूरासन, सूर्यनमस्कार, शशकासन, वज्रासन, वृक्षासन, पद्मासन, धनुरासन, कूर्मासन जैसे विभिन्न आसनों को करना सिखाया तथा उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जीवन को तनावरहित एवं प्रसन्नचित रहने के लिए योग को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक ऊर्जा के लिए योग को रामबाण की संज्ञा दी। उन्होंने आगे कहा कि योग से जीवन स्वस्थ ही नहीं रहता अपितु प्रगति के प्रत्येक क्षेत्र में योग की अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। आज के इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से नवमी के छात्रों के साथ शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे भोजन, शयन, भ्रमण, स्नान,पठन आदि दैनिक जीवन के कार्यों के अंग होते हैं उसी प्रकार हमें योग को भी दैनिक क्रियाकलापों में स्थान देना चाहिए। योग के इस साप्ताहिक आयोजन में खेल प्रशिक्षक गोविंद झा,कौशल कुमार, स्वाति शिप्रा, के अलावे के नलिनी, डॉ. जया जायसवाल, कविता मुखर्जी आदि शिक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।

## दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन-1 संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल युवा सभा द्वारा दो दिवसीय बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन 14 व 15 जून को किया गया, जिसमें कुल 10 टीमों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 15 लीग मैच के साथ दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेला गया। टीम माइटी मेवेरिक्स ने फाइनल जीत कर पहला स्थान हासिल किया, दूसरे स्थान पर टीम सोनी पावर्स रही। देवांश पोद्दार को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप से नवाजा गया। साथ ही सभी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों की महिलाओं के लिए भी एक मैच का आयोजन किया। अध्यक्ष रौनक झुनझुनवाला ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी स्पॉन्सर्स एवं सभी सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया और बताया कि इस टूर्नामेंट में न केवल सभी का मनोरंजन हुआ साथ ही खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह एवं जज्बा भी दिखा। अग्रवाल युवा सभा अपने सदस्यों के लिए आगे भी इस तरह के मनोरंजन के कार्य परस्पर करती रहेगी।

## खूंटी, सिमडेगा हजारीबाग और नवल टाटा हॉकी अकादमी सेमीफाइनल में

**रांची।** हॉकी झारखंड और नवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में 15 से 19 जून तक टाटा में आयोजित नवल टाटा हॉकी झारखंड सब-जूनियर एवं जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2025 के तीसरे दिन की शुरूआत हजारीबाग बनाम रांची के मुकाबले से हुई। मंगलवार को लीग स्टेज के आखिरी 4 मैच खेले गये। एथलेटिक्स के पूर्व वरिष्ठ राष्ट्रीय पदक विजेता मंजीत सिंह, देबराज हाजरा और टाटा स्टील हाई परफॉरमेंस सेंटर की स्पोर्ट्स न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. विभा आचार्या मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बुधवार को दो सेमीफाइनल खेले जाएंगे। पहला में खूंटी का मुकाबला हजारीबाग से होगा जबकि सेमीफाइनल 2 में एनटीएचए की टीम का मुकाबला सिमडेगा से होगा।

## सीए छात्रों ने रणभूमि 2025 में दिखाई अपनी खेल प्रतिभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) की रांची शाखा के स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने दो दिवसीय वार्षिक आउटडोर स्पोर्ट्स मीट रण भूमि 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सीए छात्रों के बीच खेल भावना, प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह और टीम वर्क को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने विविध खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन के कन्वेनर सीए श्रीकांत शर्मा और मेंटर सीए निलेश पटेल थे। इस अवसर पर रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सचिव सीए भुवनेश कुमार ठाकुर एवं सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए दिलीप कुमार भी उपस्थित थे। सीए अभिषेक केडिया ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में आउटडोर स्पोर्ट्स अत्यंत आवश्यक हैं। यह ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक तनाव को कम करते हैं।

### झारखंड महिला प्रीमियर कबड्डी लीग संपन्न तिलकामांझी वॉरियर्स बना चैंपियन

**रांची।** झारखंड राज कबड्डी संघ के द्वारा चार दिवसीय झारखंड महिला प्रीमियर कबड्डी लीग मोरहाबादी मंदिर मैदान में मंगलवार को संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में तिलकामांझी वॉरियर्स ने वीर बुधु भगत टाइगर को 25-6 अंको से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में तिलकामांझी ने शेख भिखारी को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई वहीं दूसरे सेमीफाइनल में वीर बुधु भगत टाइगर ने कार्तिक उरांव राइनोज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रेडर रीना धान और सर्वश्रेष्ठ कैचर स्नेहा थापा को प्रदान किया गया। समापन समारोह के अतिथि रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार, समाजसेवी रमेश सिंह, युवा आयोग झारखंड सरकार अध्यक्ष कुमार गौरव, गणपति ज्वेलर्स के पंकज प्रसाद, विजेता वर्मा, आतिश सिंह, प्रोफेसर अरुण सिंह, डॉक्टर राजेश गुप्ता, अजीत भगत, गोविंद झा, संतोष प्रसाद, नरेश पाहन, सूरज टोप्पो सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। विजेता टीम को 71000 रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 51000 रुपए प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को टीम को गणपति ज्वेलर्स के टी- शर्ट एवं ट्रैकसूट दी गई। समापन समारोह के मौके पर अतिथियों का स्वागत झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत और महासचिव संजय कुमार झा ने किया।

## पहले दिन वैष्णवी और मनीष को रेड बेल्ट



**रांची।** रांची जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में टाटी सिलवे स्थित फिट ऑन बीट क्लब में रांची जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव मिथलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशिक्षक चंदन कुमार के द्वारा एकदिवसीय ग्रेडिंग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 14 प्लेयर्स सफल रहे जिसमें रेड बेल्ट वैष्णवी चौधरी, मनीष महतो, ब्ल्यू 1-सुनिधि श्रद्धा, ब्ल्यू-कुमार चिराग, तनवी वत्स, आराध्या आनंद, कल्पना महतो ग्रीन 1-डाली श्री, आराध्या चतुर्वेदी, अनुष्का पाल, अनुष्का महतो ग्रीन बेल्ट-सत्यम आनंद, रक्षिता, सोनाक्षी महतो, वैभवी चौधरी शामिल है जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा सात दिवसीय ग्रेडिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे जिले में अलग -अलग क्लब और स्कूल में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया जाएगा उसके पश्चात उन्हें 29 जून को धुर्वा डैम साइड स्थित जिला संघ के हेड ऑफिस डेली हाट में प्रमाण पत्र एवं बेल्ट प्रदान की जाएगी।

## हैंडबॉल बालिका प्रतियोगिता: झारखंड टीम का चयन, भाग लेने बिहार रवाना



**रांची।** 18 से 22 जून तक हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में नवादा बिहार में आयोजित हो रहे हैं। 47वें राष्ट्रीय हैंडबॉल बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का चयन किया गया है जिसमें कार्तिक उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु, रांची के सात खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। रांची के चयनित खिलाड़ी इस प्रकार है बिहू कुमारी, सावित्री कुमारी, सुष्मिता उरांव, विनीता मुंडा लक्ष्मी उरांव, अदिति टोप्पो अर्चना टोप्पो। इन सभी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर किया वहीं कार्तिक उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु के प्रशिक्षक विष्णु कुमार को झारखंड टीम का प्रशिक्षक बनाया गया। रांची जिला हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी के ढेर सारी शुभकामनाएं दिए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की सभी खिलाड़ी हटिया रेलवे स्टेशन से नवादा के लिए रवाना हुई।

## रिम्स में बैडमिंटन स्टेडियम की मांग को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला बैडमिंटन संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड सरकार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात कर रिम्स परिसर में बैडमिंटन स्टेडियम हेतु स्थान अथवा भूमि के दीर्घकालिक आवंटन की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे संघ के महासचिव एन.के. डे के साथ पूर्व उपाध्यक्ष रथिन भद्र, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं राज्य कोच उमा रानी पालित, संयुक्त सचिव संदीप सहाय तथा उपाध्यक्ष प्रदीप घोष उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय को अवगत कराया कि रिम्स परिसर में दशकों से संचालित बैडमिंटन कोर्ट ही एकमात्र ऐसा स्थान था जहां से अनेक राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरे। आज की तारीख में वह स्थान भी खिलाड़ियों के लिए अनुपलब्ध हो चुका है, जिससे प्रशिक्षण व खेल विकास बाधित हो रहा है। डॉ. इरफान अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा, मैं स्वयं एक खिलाड़ी रहा हूँ और खेलों की समस्याओं को समझता हूं। रिम्स की धरती ने कई चैंपियन दिए हैं। इस प्रस्ताव पर निश्चित ही सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संघ के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे इस मुद्दे पर जल्द निर्णय लेने हेतु संबंधित विभागों से समन्वय करेंगे और साथ ही यह भी आग्रह किया कि संघ इस विषय पर सतत संवाद में बना रहे। इस ऐतिहासिक पहल से रांची में बैडमिंटन के पुनर्जागरण की उम्मीद जगी है और यह आशा की जा रही है कि रिम्स एक बार फिर से राज्य के बैडमिंटन खिलाड़ियों का प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र बनकर उभरेगा।



### प्रतिनिधियों ने दो मुख्य मांगें रखीं

- रिम्स परिसर में एक उपयुक्त स्थान आवंटित किया जाए जहां चार कोर्ट वाला इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम विकसित किया जा सके।
- या फिर रिम्स में उपलब्ध किसी खुले भूखंड को रांची जिला बैडमिंटन संघ को दीर्घकालिक लीज पर नि:शुल्क आवंटित किया जाए, ताकि संघ स्वयं आवश्यक संरचना विकसित कर सके और उसका रखरखाव सुनिश्चित कर सके।

# बोकारो सीआरएम-थ्री के पीएलटीसीएम के लिए पीआईडब्लू कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केन्द्र में सीआरएम-थ्री विभाग के पीएलटीसीएम लाइन के लिए मिशन 90000 टन प्रति माह रोलिंग के विषय पर परफॉर्मेंस इम्प्रूवमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सीआरएम-एक दो व तीन एवं एचआरपीएफ व हॉट स्ट्रिप मिल आई एंड ए ईटीएल तथा आरसीएल विभाग के कुल 39 प्रतिभागी शामिल थे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम-अनुरक्षण शरद गुप्ता के साथ सीआरएम थ्री के सीजीएम राजेश कुमार झा जीएम-प्रभारी बीएन त्रिपाठी जीएम बीके मोहंती ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की प्रभारी जीएम मीनम मिश्रा तथा जीएम एसके भगत उपस्थित थे। आरम्भ में मीनम मिश्रा ने सभी का स्वागत किया तत्पश्चात प्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास जेएन यादव ने कार्यशाला के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी। सीजीएम शरद गुप्ता ने इस कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों से अधिकतम ज्ञान हासिल करने तथा सीआरएम-थ्री के पीएलटीसीएम लाइन से 90000 टन प्रति माह रोलिंग करने की अपील की। अन्य सीजीएम एवं जीएम ने इस कार्यशाला को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करके पीएलटीसीएम लाइन से 90000 टन प्रति माह रोलिंग का अनुरोध किया। कार्यशाला में संकाय के रूप में सीआरएम-थ्री के वरीय प्रबंधक ए वत्स तथा डी मजूमदार ने एक्शन प्लान के साथ निदान के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला केआयोजन में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार इंस्ट्रक्टर कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा अर्जुन बाउरी का सराहनीय योगदान रहा।

## बेरमो : श्रमिक नेता ने लिया संज्ञान, खबर छपते ही समस्या का हुआ समाधान

# जरूरत है निडरता से प्रबंधन के समक्ष मुखर होने की: अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

खबर का असर



**बेरमो।** किसी ने ठीक ही कहा है कि अगर सीसीएल क्षेत्र में मजदूरों की राजनीति करने वाले श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि निडरता व निष्पक्षता से कार्य करे तो प्रबंधन को घुटनों के बल बैठने को मजबूर कर सकता है। इसी का उदाहरण आरसीएमयू सीसीएल कथारा एरिया अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने कर दिखाया है। ऐसे भी कथारा प्रक्षेत्र मे मजदूरों के मुद्दों को प्रबंधन के समक्ष मुखरता से उठाने मे सिंह अव्वल माने जाते है। ज्ञात हो कि उन्हीं के शिकायत के बाद कथारा जीएम संजय कुमार स्वयं कथारा क्षेत्र के कई स्थानों का निरीक्षण किए और अधिकारियों को कई निर्देश मे जारी किए। सीसीएल कथारा के असैनिक विभाग हमेशा अपने कार्य कलापों के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। इस विभाग के अधिकारी इतने लापरवाह माने जाते हैं कि मजदूरों की समस्याओं को उठाते उठाते श्रमिक नेता थक जाते हैं, मगर इन अधिकारियों के कान मे जूं तक नहीं रेंगता। आखिरकार हार कर श्रमिक प्रतिनिधि क्षेत्र के मुखिया यानी जीएम के समक्ष शिकायत लेकर पहुच जाते है और जीएम के हस्तक्षेप के बाद ही कोई सकारात्मक पहल देखने को मिलती है मगर उपरोक्त बातों से थोड़ी दिगर है। इसी का एक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब श्रमिक नेता अजय कुमार सिंह निरीक्षण के दौरान सीसीएल के एक कार्यालय भवन के छत पर एक विशाल पेड़ की टहनी गिरी देखा जिसे सीसीएल प्रबंधक हटाने मे आनाकानी कर रहे थे जबकि यह टहनी पूर्व से ही छत पर तेज हवा के कारण गिरा था जिससे भवन को खतरा भी था मगर विभाग की लापरवाही के कारण टहनी नही हटाया गया। सिंह को यह बात काफी नागवार गुजरी और उन्होंने उक्त तस्वीर के साथ एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की जिसे मिडिया ने भी प्रमुखता से 16 जून की अखबारों में छापा जिसका असर ठीक एक दिन बाद ही देखने को मिला और विभाग द्वारा उक्त पेड़ की डाली को जो छत पर गिरा पड़ा था रातों रात कटवा के हटा दिया। यह घटना इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी है कि अगर कोलियरियो मे कार्य कर रहे सभी श्रमिक संगठन निडरता से मुखर हो कर मजदूरों की समस्याओं को उठाये तो सीसीएल प्रबंधन को घुटनों के बल बैठाया जा सकता है।

## एक नजर में

### बेरमो : अंडरग्राउंड माइन्स में आग लग जाने से मजदूरों के बीच मची अफरा तफरी



बेरमो। सीसीएल खास ढोरी क्षेत्र में अंडरग्राउंड माइन्स परियोजना में 4, 5, नंबर इंक लाइन पंखा घर के समीप पहली पिलर में आग लगने से मंगलवार की सुबह मजदूरों में अफरा-तफरी का माहौल बन गई। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए प्रबंधन की ओर से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान खान मैनेजर से पूछे जाने पर कुछ भी बोलने से उन्होंने साफ इंकार करते रहे। कहा और कैसे आग लगी इसकी जांच की जा रही है। अधिकारी जवाब देने से भागते रहे। मालूम हो कि इसी माइंस में कुछ दिन पहले दो मजदूर कार्य करने के दौरान चोटिल हो गए थे। जिनका इलाज रांची में चल रहा है प्रबंधक सेफ्टी को लेकर बड़े-बड़े दावे करते हैं लेकिन आप खुद अपनी आंखों से देख सकते हैं क्या सुरक्षा है माइंस में आए दिन दुर्घटनाएं होता रहता है।

### बेरमो : कोटपा-2003 के तहत सिटी थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



बेरमो। डीसी बोकारो के आदेशानुसार डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से मंगलवार को विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1, सेक्टर-2, सेक्टर-3 एवं नयामोड के कुल 84 दुकानों की जांच की गई जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 2800 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद/ सिगरेट/ खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है और दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की विक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी दुकानदार से अनुरोध है कि खाद्य सामग्री क साथ तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करे और न ही तम्बाकू उत्पाद के प्रचार प्रसार से संबंधित पोस्टर, बैनर, टैग दुकानों के सामने लगायें।

### गोड्डा : डालसा ने वर्षों से बिछड़े दंपत्ति को मिलाया

गोड्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर वर्षों से बिछड़े दंपति को मिलाकर विदाई दी गई। जिले के हनवारा थाना क्षेत्र के हसन करहरिया निवासी कुलसुम खातून और गांव के ही पति अब्दुल बहाव बीच आपसी विवाद को लेकर पिछले तीन वर्षों दांपत्य जीवन में दरार आ गई थी। पति-पत्नी दोनों अलग-अलग रह रहे थे। विवाहिता कुलसुम खातून ने मध्यस्थता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रंट आफिस में प्री-लिटिगेशन शिकायत दर्ज किया था। इसके उपरांत दोनों को नोटिस भेजकर बुलाया गया। दोनों के बीच डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी चीफ संजय सहाय, सहित अधिकार मित्र पूजा रानी, रेशमी कुमारी, रोबिन यादव,धनंजय कुमार आदि ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने का संकल्प लिया। दोनों की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई है। पति उसके साथ मारपीट करता रहता था। इससे परेशान होकर वह मायके में रहने लगी। इसके बाद 27 मार्च 25 को फ्रंट आफिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जहां दोनों ने पुराने विवाद को भूलकर एक साथ रहने का संकल्प दोहराया। कहा कि इस समझौता से दोनों पक्ष खुश हैं। यहां निशुल्क समझौता किया गया। दोनों को सुखी दाम्त्य जीवन व्यतीत करने की कामना के साथ विदाई दी गई। अगले सप्ताह कार्यालय में उपस्थित होकर खैरियत रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है।

### गोड्डा डीसी ने डीटीओ ऑफिस का किया निरीक्षण

गोड्डा। जिला दंडाधिकारी सह डीसी अंजली यादव के द्वारा मंगलवार को जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम डीसी के द्वारा कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ मुलाकात कर उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी ली गई। जिला परिवहन पदाधिकारी, गोड्डा कंचन कुमारी भुदोलिया को निर्देश दिए गए कि सभी कर्मियों का स्पष्ट रूप से कार्य आवंटित कर कार्य का निरंतर मॉनिटरिंग किए जाएं। इसी क्रम में डीसी के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का स्थानांतरण सहित अन्य विषयों से संबंधित जानकारी ली गई। औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लंबित कार्यों को यथाशीघ्र संपादित करने के सख्त निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी मनोज हजारी को धूमपान करते हुए पकड़ा गया जिनके लिए उन्हें कोटपा-2003 की धारा का उल्लंघन करने के विरुद्ध उन्हें 1000 आर्थिक दंड लगाया गया। और आगे भविष्य में धूम्रपान नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिले में तंबाकू उत्पादों के प्रयोग को पूर्ण रूप को रोकने के उद्देश्य से सभी कार्यालय प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है कि सभी सरकारी/गैर सरकारी व सार्वजनिक स्थलों पर परिसरों में धूम्रपान निषेध से संबंधित जागरूकता व सूचना संबंधित बोर्ड लगाए जाएं उन्होंने कहा कि जिले में सभी सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट, पान मसाला, जर्दा, खैनी, हुक्का एवं सुपारी सहित सभी तरह के तंबाकू उत्पादों के सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कोटपा-2003 के अनुपालन के उल्लंघन की स्थिति में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### सूरज मित्तल बने फुसरो कांग्रेस के नगर अध्यक्ष



बेरमो। कांग्रेस के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया के द्वारा के द्वारा फुसरो कांग्रेस नगर अध्यक्ष सर्वसम्मति से सूरज मित्तल को बनाया गया। वही सचिव जितेंद्र सिंह को बनाया गया। वही सभी वार्ड मे वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। वही सूरज मित्तल ने कहा कि मुझे मैंने हमेशा कार्यकर्ता बनकर कार्य किया हूं। मुझे जिलाध्यक्ष और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। मेरे लिए काफी सौभाग्य की बात है। मैं लगातार संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर सभी के सहयोग से काम करूंगा। मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी लोगों का सहयोग मिलेगा।

**इन लोगों को वार्ड अध्यक्ष बनाया**

वार्ड अध्यक्ष मे वार्ड 1 से राजू सिंह वार्ड संख्या 2 राजीव सिंह, वार्ड संख्या 3 राज चौधरी, वार्ड संख्या 4 अनिल रवानी, वार्ड संख्या 5 चंदन पासवान, वार्ड संख्या 6 मोहम्मद युसूफ, वार्ड संख्या 7 प्रकाश चौहान, वार्ड संख्या 8 बिहार चौहान, वार्ड संख्या 9 अरविंद सिंह, वार्ड संख्या 10 साधु बावड़ी, वार्ड संख्या 11 संतोष सिंह वार्ड संख्या 12 आनंद राम वार्ड संख्या 13 छोटू सिंह वार्ड संख्या 14 वासुदेव प्रसाद वार्ड संख्या 15 होली सिंह वार्ड संख्या 16 उदय सिंह वार्ड संख्या 17 पप्पू सिंह वार्ड संख्या 18 परशुराम महतो, वार्ड संख्या 19 प्रिंस सिंह, वार्ड संख्या 20 प्रदीप महतो वार्ड संख्या 21 इरशाद खान, वार्ड संख्या 22 मोहम्मद नसीम, वार्ड संख्या 23 पिंकू वर्मा, वार्ड संख्या 24 मुनीर अंसारी, वार्ड संख्या 25 उत्तम सिंह, वार्ड संख्या 26 सिकंदर ठाकुर वार्ड संख्या 27 वसिंह वार्ड संख्या 28 बबलू सिंह को बनाया गया है।

### बीएलओ को निर्वाचन से संबंधित दिया गया प्रशिक्षण

शिकारीपाड़ा। दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में बीडीओ मो एजाल आलम के अध्यक्षता में मैप्स ऑफ पोलिंग स्टेशन एंड जिओ फैंसिंग ऑफ पोलिंग स्टेशन से संबंधित मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ एवं मतदान पर्यवेक्षक को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रखंड स्तरीय निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण निलेश कुमार एचडीएम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर चन्दन कुमार साहा, मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी बीएलओ को मतदान केंद्र का नजरी नक्शा, की मैप, जिओ फैंसिंग, टर्निंग पॉइंट से संबंधित प्रपत्र को तैयार कर 28 जून तक जमा करने का निदेश दिया गया। बैठक में महिला प्रसार पदाधिकारी तेरेसा मुर्मू, के साथ प्रखंड के कर्मी एवं सभी बीएलओ मौजूद थे।

### बोकारो : स्थापना समिति की बैठक में माध्यमिक शिक्षकों को प्रोन्नति देने पर बनी सहमति

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति (माध्यमिक) की बैठक हुई जिसमें माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों से संबंधित लंबित मामलों के निपटारे एवं समय पर प्रोन्नति सुनिश्चित करने को लेकर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वे- स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक जिन्होंने वरियताक्रम में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है उन्हें प्रवरण वेतनमान में प्रोन्नति प्रदान की जाएगी। समिति ने इस पर सर्वसम्मति से सहमति जताई तथा उपायुक्त ने आज ही वरीयता सूची जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डीईओ सुनिश्चित करें कि सभी पात्र शिक्षकों को एमएसीपी अथवा अन्य प्रोन्नति लाभ निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रदान किए जाएं। स्पष्ट किया कि कोई भी मामला लंबित न रहे- इसके लिए सतत निगरानी रखी जाए। समिति ने निर्णय लिया कि शिक्षक संवर्ग से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान हेतु हर 45 दिनों में एक बार समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय महुआटांग गोमिया में कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक मो ताहिर हुसैन द्वारा पारस्परिक स्थानांतरण हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन को संतोषजनक मानते हुए पारस्परिक स्थानांतरण हेतु सहमति प्रदान की गई। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती एनएस कुजूर डीएसओ शालिनी खालखो डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### 11 वर्षो की उपलब्धियों पर चर्चा में डॉ निशिकांत दुबे भी मौजूद रहेंगे



गोड्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर गुरुवार को नूनबट्टा मंडल के निपनिया (पंचायत भवन प्रांगण) में दिन के 8:30 बजे व गायछंद मंडल के सरोनी हाट के पास दिन के 10:00 बजे चौपाल का कार्यक्रम होना सुनिश्चित है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद डॉ निशिकांत दुबे होंगे। इस निहित कार्यक्रम स्थल पर जाना हुआ साथ अन्य विषयों पर चर्चा की गई। साथ में बबलू सिंह,मंडल महामंत्री राजेश पाल, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष प्रेम यादव, ज्योतिष महतो, मणिकांत महतो, प्रताप दत्ता, राजेश कुमार मंडल, कपूरचंद महतो, आकाश मंडल इस आशय की जानकारी पार्टी के जिला महामंत्री मुरारी चौबे ने दी।

### डांडै पंचायत के मुखिया ने थाना मे कराया मामला दर्ज



गोड्डा। पोड़ैयाहाट डांडै पंचायत मुखिया सपना ने गांव के ही मनोज ठाकुर पिता काली ठाकुर पर मामला दर्ज कराया है। उक्त व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए आवेदन में उल्लेख किया है कि पंचायत भवन समीप जोरिया निर्माण कार्य हो रहा है। योजना कार्य का निरीक्षण कर फोटो खींच रही थी। योजना का फोटो खींचते देख मौजूद आरोपी ने हमारे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा की सारा कपड़ा खोल देते हैं फोटो खींचने के लिए कहा ।पंचायत मुखिया ने यह भी लिखा है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा शब्द और हाव-भाव मेरी शालीनता का अपमान किया है किसी भी महिला से इस तरह की अश्लील बात करना गंभीर अपराध है। और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। विनय कुमार ने बताया कि पंचायत मुखिया के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना कांड संख्या 82/25 के तहत मनोज ठाकुर को आरोपी बनाया गया है। अनुसंधान कार्य को लेकर एसआई मनोज कुमार निराला को दिया गया है ।पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### जांच अभियान में अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो।** डीसी बोकारो अजय नाथ झा के निदेर्शानुसार मंगलवार को बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत हरला थाना क्षेत्र के बेलडीहझ्रधनगड़ी मोड़ पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टरों को रंगे हाथ पकड़ा गया। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए हरला थाना को सुपुर्द किया गया तथा इस संबंध में संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं स्थानीय पुलिस बल उपस्थित रहे।

## गोड्डा : विशेष शिविर में चार मामले का निष्पादन

# मामले के निष्पादन का उपयुक्त मंच है मध्यस्थता : प्रधान जज

**प्रधान जज ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से वर्षों से चल रहा विवाद मिनटों में समाप्त हो जाएगा। जरुरत है दोनों पक्षों को इगो त्यागकर एक मंच पर आने की**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया है।

इस अभियान के पहले दिन सोमवार को पारिवारिक विवाद से संबंधित तीन मामले का निष्पादन किया गया। जबकि दूसरे दिन मंगलवार को एक मामला का निपटारा हुआ। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 जून से शुरू हुई जो 20 जून तक जारी रहेगा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि मामले के त्वरित व चिर स्थाई निदान को लेकर मध्यस्थता उपयुक्त मंच है।

मध्यस्थता के माध्यम से वर्षों से चल रहा विवाद मिनटों में समाप्त हो जाएगा। जरुरत है दोनों पक्षों को इगो त्यागकर एक मंच पर आने की। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर मध्यस्थ उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद आदि मामले का निष्पादन कर रहे हैं।

## दुमका डीसी ने की जेएसएलपीएस योजनाओं समीक्षा, कहा

# प्रत्येक गांव में दीदी की दुकान अधिष्ठापित करें जेएसएलपीएस

**दीदी द्वारा निर्मित समानों के पैकिंग की व्यवस्था बनाए और आगामी श्रावणी मेला में भी निर्मित समानों के बिक्री के लिए स्टॉल्स लगाए**

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं तहत अब तक संपादित कार्यों में प्रगति की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को जिला प्रशासन ने आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में समीक्षा में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थिति थे।

बैठक में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति सहित ग्रामीण विकास शाखा और जिले में महिला सशक्तिकरण व नशा मुक्ति के लिए जेएसएलपीएस के माध्यम से किए गए कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि प्रत्येक गांव में दीदी की दुकान अधिष्ठापित करें। हर पंचायत में दीदी का ढाबा बनाए, सभी प्रखंड में दीदी द्वारा निर्मित समानों के पैकिंग की व्यवस्था बनाए। आगामी श्रावणी मेला में भी निर्मित समानों के बिक्री के लिए स्टॉल्स लगाए। इसके अतिरिक्त सभी विभागों के सहयोग से जमीनी स्तर पर किसानों के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश दिया गया। योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए भी संसूचित किया गया।

# श्रमिक का विश्वास और भरोसा संगठन की शक्ति : महेश सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो एवं कारगली क्षेत्र के राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय समिति के नवगठित पदाधिकारी ने सीसीएल रीजनल कमेटी के रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह से मिलकर आभार जताया। महेश सिंह ने कहा श्रमिक जमात का भरोसा यूनियन की शक्ति है और उसे शक्ति को मजबूती प्रदान करना यूनियन के पदाधिकारी का कर्तव्य है। आप मजदूरों के सुख-दुख में शामिल होकर संगठन की बुलंद आवाज बने मजदूर विरोधी नीति कतई बर्दाश्त नहीं होगा। दिगंबर सुबोध ने कहा मिले जवाब देही का निर्माण निष्ठा पूर्वक करते हुए योजना बाद तरीके से मजदूरों के लिए कार्य करेंगे मजदूरों का विश्वास संगठन के ऊपर बड़े इसका निरंतर प्रयास जारी रहेगा। श्रमिक वर्ग के समस्याओं को लेकर संवाद से लेकर संघर्ष तक के रास्ते को सामने लाया जाएगा मजदूर के हितों की रक्षा होगी इसमें कभी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में रीजनल उपाध्यक्ष व कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह बोकारो एवं करगली क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष जय नाथ तांती प्रताप सिंह सहायक सचिव शिवनारायण गोप रोशन सिंह अरुंजय सिंह सुकुमारन अविनाश सिन्हा शिवनंदन छत्री संजय तिवारी हरिमोहन सिंह अशोक बंजारा।

# संथाल परगना का गौरव माने जाने वाले एसपी कॉलेज अनोखा कारनामें को लेकर बटोर रही सुर्खियां

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त बिहार के समय से संथाल परगना का गौरव माने जाने संथाल परगना महाविद्यालय एसपी कॉलेज वर्तमान कॉलेज प्रबंधन कार्यशैली से चर्चा में बना हुआ है। आदिवासी बहुल इलाका में दुमका के प्रथम सांसद स्व लाल बाबा हेम्ब्रम के कॉलेज स्थापना के उद्देश्यों पर अब पानी फेर कर रखा है। कभी अच्छी शिक्षा, अनुशासन और बेहतर परिणाम से चर्चा बनाए रखने वाला एसपी कॉलेज अब अपनी अस्तित्व बचाए रखने को मजबूर है। अलग राज्य झारखंड बनने के बाद सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का ताज एसपी कॉलेज इन दिनों अपने अनोखें कारनामें के लिए चर्चा में है। वर्तमान में कॉलेज के अनुतीर्ण छात्र को महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र सीएलसी निर्गत करने को लेकर सुर्खियों में है। जिसके आधार पर छात्र एसकेएमयू के पीजी गणित विभाग में दाखिला ले लिया है, तो दूसरी ओर छात्र एसपी कॉलेज के थ्री का परीक्षा दे रहा है। मामले को लेकर साथी छात्रों को भनक मिलने पर छात्रों ने प्राचार्य का घेराव किया। प्राचार्य का घेराव छात्रों ने संथाल परगना छात्र समन्वय समिति के बैनर तले प्राचार्य का घेराव किया। छात्रों का नेतृत्व छात्र समन्वय समिति के छात्र नेता डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। छात्र समन्वय समिति ने प्रभारी प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव पर विश्वविद्यालय प्रशासन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच करते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का मांग किया है। अब मामला प्रकाश में आने के बाद कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ छात्रों ने कार्रवाई करने का मांग किया है। मामले को लेकर अब विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर सबकी निगाहें टिकी है। जानकारी के अनुसार 24 फरवरी 2025 को छात्र श्रीनिवास रौशन का महाविद्यालय परित्याग पत्र निर्गत हुआ है। जिसका नंबर 4655 है। छात्र के पिता राजीव कश्यप कॉलेज कर्मी है। जिन्होंने एसपी कॉलेज के नामांकन शाखा में बैठकर अपने बेटे का सीएलसी बनवाया है। दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आया है। कुलपति से मामले की जांच करते हुए दोषी कर्मी समेत प्राचार्य पर प्राथमिकी जांच का मांग छात्र समन्वय समिति की है। मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर समन्वय समिति आंदोलन को बाध्य होगी। **-डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम, छात्रनेता, दुमका**

नामांकन शाखा के सहायक से गलती हुई है। छात्र श्रीनिवास रौशन का सीएलसी भूलवश निर्गत हुई है। मामले का जांच करा निर्गत सीएलसी रद्द कर दिया गया है।

# बोकारो: पीएमश्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में भारतीय भाषा कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** पीएम श्री एसएस +2 उच्च विद्यालय कसमार में मंगलवार को 7 दिवसीय भारतीय भाषा कैंप का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फारुक अंसारी ने किया। इस दौरान फारूक अंसारी ने संस्कृत शिक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए वैदिक संस्कृत एवं देश के महान ऋषियों-मुनियों से प्रेरणा लेकर भारत को विश्व गुरु बनाने का आह्वान किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ रणजीत कुमार झा ने कहा कि देवभाषा संस्कृत सभी भाषाओं में सबसे सरल है एवं इस भाषा में मधुरता की प्रचूरता है। हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान रामबाबू शुक्ल ने संस्कृत भाषा को सीखने से प्राप्त होने वाले लाभ से अवगत कराया। अंग्रेजी के विशेषज्ञ डॉ अवनीश कुमार झा ने संस्कृत के विभिन्न श्लोकों का उद्धरण देकर संस्कृत को नैतिक शिक्षा का आधार बताया। संस्कृत की विशेषज्ञ सुशीला कुमारी ने उपस्थित छात्र- छात्राओं को वर्णमाला के विभिन्न अक्षरों से अवगत कराया। जीव विज्ञान के विशेषज्ञ महाकांत झा ने संस्कृत भाषा के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। मौके पर हिन्दी के विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह अंग्रेजी की विशेषज्ञ सीमा कुमारी उर्दू के उस्ताद खुर्शीद रजा मध्य विद्यालय के विशेषज्ञ शिक्षक डोमन महतो आदि ने भी संस्कृत शिक्षण पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक सत्र में विषय- विशेषज्ञ डॉ रणजीत कुमार झा एवं सुशीला कुमारी ने उपस्थित छात्र एवं शिक्षक मंडली को संस्कृत में अभिवादन करना स्वागत करना धन्यवाद ज्ञापन करना आदि व्यवहारिक पहलुओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। मौके पर कैलाश कुमार दिनेश कुमार महतो विद्या लवली निखत प्रेम शिवम् ज्योति समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गोड्डा डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अंजली यादव के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं, सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव आदि की जांच की गई। उनके द्वारा संपूर्ण परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया गया तथा विद्युत व्यवस्था, बैलट यूनिट हॉल, अग्निशमन व्यवस्था, कमरों के सीलिंग, डबल लॉक की स्थिति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

## कम दूरी के यात्रियों को रेलमंत्री ने दी खुशखबरी

# 50 नयी नमो भारत एसी ट्रेनें, 100 मेमू शीघ्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे कम दूरी के यात्रियों के लिए और अधिक ट्रेनें बनायेगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि जल्द ही 50 नयी नमो भारत और 100 मेमू ट्रेनें बनायेगा। यह फैसला कम दूरी की यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। नमो भारत ट्रेनें, जिन्हें पहले वंदे मेट्रो कहा जाता था, वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह ही हैं। ये ट्रेनें उन यात्रियों के लिए हैं जो कम दूरी की यात्रा करना चाहते हैं और जिनके पास आरक्षण नहीं है। नमो भारत, जो वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर आधारित है, यात्रियों को आरामदायक और आधुनिक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी।



रेल मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर 50 नयी नमो भारत ट्रेनें मैन्यूफैक्चर करेगा। इसके अलावा, 100 मेनलाइन ईएमयू (मेमू) भी शुरू की जायेंगी। इनमें 16-20 कोच होंगे। इसका उद्देश्य कम दूरी पर रेलवे यात्रियों के लिए यात्रा को आसान बनाना है।

नमो भारत, जिसे पहले वंदे मेट्रो कहा जाता था, एक वातानुकूलित ऑटोमैटिक ट्रेन सेट है। इसे वंदे भारत एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। नमो भारत ट्रेनें नियमित यात्रियों और बिना आरक्षण वाले लोगों के लिए प्रीमियम कम दूरी की यात्रा प्रदान करती हैं। ये ट्रेनें गैर-उपनगरीय मार्गों पर चलेंगी।

### 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार

नमो भारत ट्रेनों को कम दूरी की इंटर-सिटी यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है। वंदे भारत 160 किमी प्रति घंटे की सेमी-हाई स्पीड पर चलती है। वहीं, वंदे मेट्रो या नमो भारत ट्रेनों को अधिकतम 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलने के लिए बनाया गया है। नमो भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे नेटवर्क पर मेनलाइन ईएमयू की जगह ले सकती हैं। इनमें मेट्रो सेवाओं के समान बैठने और खड़े होने की व्यवस्था होगी। 12 कोच वाली ट्रेन में 1,150 बैठे हुए यात्री और 2,058 खड़े हुए यात्री यात्रा कर सकते हैं। नमो भारत ट्रेनें कई आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इनकी अधिकतम गति 130 किमी प्रति घंटा है। इनमें बेहतर रफ्तार और धीमा करने की क्षमता है। इनमें पूरी तरह से सीलबंद गैंगवे हैं। इससे कोचों के बीच आसानी से आवाजाही हो सकती है और स्वच्छ वातावरण बना रहता है।

### आरामदायक बैठने की व्यवस्था

ट्रेन में आरामदायक बैठने की व्यवस्था है। पूरी तरह से वातानुकूलन है। इससे यात्रियों को आराम से यात्रा करने में मदद मिलती है। ट्रेन में स्वचालित दरवाजे, ङअश्अउल्र एंटी-कोलिजन सिस्टम, मोबाइल चार्जिंग के लिए पावर पॉइंट और रोलर ब्लाइंड के साथ बड़े सीलबंद मनोरम खिड़कियां हैं। ये यात्रियों के आराम और सुरक्षा को बढ़ाती हैं। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी और आपातकालीन संचार इकाइयां लगाई गई हैं। वंदे मेट्रो आधुनिक मॉड्यूलर शौचालयों से भी लैस है। इनमें वैक्यूम-आधारित निकासी प्रणाली है। इससे यात्रा का अनुभव बेहतर होता है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों के दौरान रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांतिकारी बदलाव आया है। वह मंगलवार को आईएमटी मानेसर स्थित मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड संयंत्र परिसर में गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करें।

# धमाकों से दहला तेहरान इजराइल को भी भारी क्षति

## तेहरान खाली करने की धमकी देकर ट्रंप जी-7 बैठक से निकले

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजराइल के बीच जारी भीषण संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार दोपहर एक बार फिर इजराइल ने ईरान की राजधानी तेहरान के सेंट्रल इलाके में जोरदार हवाई हमला किया, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास की कई इमारतें हिल गयीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेहरान के कई हिस्सों में लगातार बमबारी हुई जिससे लोग दहशत में अपने घरों और दुकानों से बाहर भागने लगे। ऐतिहासिक 'ग्रैंड बाजार' को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया है। शहर में सन्नाटा पसरा है, लोग अपने सामान लेकर राजधानी छोड़ते देखे जा रहे हैं।

**ईरानी कमांडर को मारने का दावा :** दोनों देशों में भीषण सैन्य टकराव पांचवें दिन भी जारी है। हवाई हमलों से दोनों देशों के आसमान से धरती पर 'मौत' बरस रही है। ड्रोन, मिसाइल और बमबारी के धमाकों से कानों के परदे सुन्न पड़ने लगे हैं। इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरानी सेना के एक टॉप कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी को मार गिराया है। अली शादमानी को कुछ ही दिन पहले युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ की जिम्मेदारी दी गयी थी।

वह ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी थे। हालांकि, ईरान ने शादमानी की मौत के बारे में अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। उनकी मौत को ईरान के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में गुलाम अली राशिद की जगह ली थी, जो पिछले हफ्ते इजराइली हमले में मारे गये थे। ईरान की सेना के दर्जनभर टॉप कमांडर मारे जा चुके हैं। कई परमाणु वैज्ञानिकों की जान चा चुकी है। सैन्य ठिकानों को भी भारी नुकसान हुआ है।

**तेहरान खाली करने की चेतावनी :** राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए। इसके बाद ट्रंप ने टीम को जल्द से जल्द ईरानियों से मिलने का प्रयास करने का निर्देश दिया। एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार, ट्रंप ने मध्य पूर्व के दूत स्टीव विटकॉफ सहित अपनी टीम के सदस्यों को जल्द से जल्द ईरानी अधिकारियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया है।



**तेहरान में हालात गंभीर :** तेहरान में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोग जरूरी सामान लेकर शहर छोड़ रहे हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट ठप है और स्कूल-कॉलेज पहले ही बंद किए जा चुके हैं।अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों देशों से संयम बरतने की अपील कर रहा है, लेकिन फिलहाल जंग थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

**इजराइल को भी नुकसान :** ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है। ईरानी मिसाइलों ने इजराइल के हाइफा पोर्ट सिटी को निशाना बनाया जिससे कई इमारतें तबाह हुईं और भारी संख्या में नागरिक घायल हुए हैं।

### तेजी से बढ़ रहा है दोनों देशों का युद्ध

उधर कनाडा के कनाडा के अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़ कर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लौट गये। वह मध्य पूर्व में बढ़ रहे तनाव से चिंतित हैं। उन्होंने ईरान के नागरिकों को फौरन तेहरान छोड़ने की चेतावनी भी दी है। सीएनएन न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि इजराइल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। इससे पहले उन्होंने ईरानियों को अपने राजधानी शहर को तुरंत खाली करने की चेतावनी दी। ट्रंप ने यहां नेताओं के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि ईरान बातचीत की मेज पर है। वह सौदा करना चाहता है। जैसे ही मैं यहां से जाऊंगा, इस पर कामयाबी मिल सकती है।

# एक ही दिन में एयर इंडिया की 7 उड़ानें रद्द

## जांच के घेरे में ड्रीमलाइनर विमान, यात्रियों में बढ़ी चिंता



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मंगलवार का दिन एयर इंडिया और उसके यात्रियों के लिए मुश्किल भरा रहा। तकनीकी खराबी और विमान की अनुपलब्धता के कारण एयर इंडिया को एक ही दिन में अपनी 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इन रद्द उड़ानों में से 6 वही बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान थे, जो हाल ही में अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुई फ्लाइट के जैसे ही मॉडल के थे। जो फ्लाइट सबसे ज्यादा चर्चा में रही, वो थी अहमदाबाद से लंदन की उड़ान जो एक हादसे का शिकार हुई थी। एआइ-159 दरअसल उसी रद्द की गई फ्लाइट एआइ- अक 171 की रीनेम की गयी उड़ान थी। फ्लाइट को मंगलवार दोपहर 1:10 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन विमान में तकनीकी समस्या के कारण इसे रद्द करना पड़ा।

**दिल्ली से पेरिस जाने वाली उड़ान भी फेल :** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से पेरिस के चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट को भी उड़ान-पूर्व अनिवार्य जांच के दौरान तकनीकी दिक्कत सामने आने पर रोक दिया गया। यात्रियों को अंतिम समय में इस रद्दीकरण की जानकारी दी गयी जिससे उन्हें खासी परेशानी हुई।

**कोलकाता में फंसी एआइ-180 का इंजन फेल :** सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही फ्लाइट एआइ 180 कोलकाता में निर्धारित स्टॉपओवर पर उतरी थी। लेकिन जैसे ही उसे मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी, विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। यात्रियों को देर रात 12:45 बजे विमान से उतार दिया गया और सुबह 5:20 बजे तक उन्हें टर्मिनल में ही इंतजार करना पड़ा।

**यात्रियों के लिए विकल्प और माफी :** एयर इंडिया ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, हम यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद प्रकट करते हैं। हम उन्हें उनके गंतव्य तक जल्द से जल्द पहुंचाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट्स की व्यवस्था कर रहे हैं। होटल ठहराव की सुविधा दी जा रही है और रिफंड या मुफ्त रीबुकिंग का विकल्प भी प्रदान किया जा रहा है।

### लगातार आ रही हैं समस्याएं

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को लेकर लगातार तकनीकी समस्याएं सामने आ रही हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, इस विमान मॉडल में हाल के महीनों में बार-बार ऐसे फॉल्ट देखे जा चुके हैं, जिससे एयरलाइंस और यात्रियों की चिंता बढ़ गई है। हाल की दुर्घटनाओं और रद्द उड़ानों के बाद एयर इंडिया ने अपने विमानों की प्री-फ्लाइट चेकिंग प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। नागर विमानन महानिदेशालय भी इन घटनाओं की बारीकी से जांच कर रहा है।

## Announcements

Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur is discarding the medical records on 17th July, 2025. These records are of those patients who were admitted till Dec, 2019. If patient's want to retrieve their medical records can collect the same till 16th July, 2025. Beyond the mentioned date the data shall not be available to retrieve.

By Order of Management
Brahmananda Narayana Hospital, Jamshedpur




# भाजपा विधायक की पत्नी बनीं मिसेज बिहार

### बाहुबली नेता की बहू हैं ऐश्वर्या राज



**पटना।** ऐश्वर्या राज ने मिसेज बिहार 2025 का खिताब जीता है। ऐश्वर्या भोजपुर जिले की तरारी सीट से भाजपा विधायक विशाल प्रशांत की पत्नी हैं और बाहुबली सुनील पांडेय उर्फ नरेंद्र नाथ पांडेय की बहू हैं। सुनील पांडेय भी चार बार विधायक रह चुके हैं। राजधानी पटना के एक होटल में रविवार को मिसेज बिहार 2025 का ग्रैंड फिनाले आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में ऐश्वर्या राज ने ग्रैंड फिनाले में भाग लेने वालीं 14 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ कर यह ताज अपने नाम किया। कांटे की टक्कर वाली प्रतियोगिता में अपूर्वा गुप्ता फर्स्ट रनरअप और शुभांगी बगेवादी सेकेंड रनरअप बनीं। इस प्रतियोगिता में बिहार की 21 से 55 वर्ष की उम्र की महिलाओं ने भाग लेकर न केवल अपनी सुंदरता बल्कि आत्मविश्वास, प्रतिभा और सोच का भी परिचय दिया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों के बाद कुल 14 प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया था।




### आकाशीय बिजली गिरने से 12 की मौत

**पटना।** बिहार के छह जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार बीते 24 घंटे में प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से बक्सर जिले में 04, पश्चिम चम्पारण में 03, कटिहार में 02, कैमूर में 01, लखीसराय में 01 और सीतामढ़ी में 01 व्यक्ति सहित कुल 12 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। उन्होंने आज ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें।

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

### झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी

**दिनांकः-19.06.2025 से 20.06.2025**
**उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि**
**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**

अध्यक्षता
**राजीव रंजन प्रसाद**
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

गरिमामयी उपस्थिति
**राजू गिरी**
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची

विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिददीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची

व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल

**स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची**

PRNO 355100 (Animal Husbandry) IPRD 25-26

निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची